य एषु सुप्तेषु जागर्ति | नई दिल्ली, रविवार, 09 फरवरी, 2025 | माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् 2081
दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित
/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika
वर्ष : 20 | अंक : 200 | पृष्ठ 12 | ₹5.00
राजस्थान पत्रिका SUNDAY




दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद पार्टी मुख्यालय पर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

- आयकर छूट और वेतन आयोग का असर
- मोदी गारंटी पर लोगों का भरोसा
- आप के वादों में नया कुछ नहीं
- सीएम आतिशी जीतीं, दिग्गज हारे

**उपचुनाव**
मिल्कीपुर में भाजपा की बड़ी जीत, ईरोड-पूर्व में डीएमके जीती

**सिर्फ 2% मतों का फासला**

## आप ने 40 सीट गंवाई, भाजपा ने 40 बढ़ाई




| पार्टी | सीट | वोट शेयर |
|---|---|---|
| भाजपा | 48 (+40) | 45.56% (+7.06%) |
| आप | 22 (-40) | 43.57% (-10.03%) |
| कांग्रेस | 00 (00) | 06.34% (+2.04%) |
| अन्य | 00 (00) | 04.53% (-0.83%) |

(तुलना 2020 चुनाव से)

**दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा का 'प्रवेश'** | **केजरीवाल के हर नहले पर मोदी के दहले ने दिलाई जीत**

# महिला-मध्यम वर्ग ने खत्म कराया भाजपा का वनवास

## कांग्रेस ने शून्य की बनाई हैट्रिक

दिल्ली में भाजपा का वनवास खत्म हुआ। आम आदमी (वोटर) ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के मुगालते को भी खत्म कर दिया कि उनके जीवनकाल में भाजपा को कभी भी दिल्ली की सत्ता नसीब नहीं होगी। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने सटीक प्रतिक्रिया दी, 'और लड़ो आपस में'। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के सदस्य कांग्रेस और आप हरियाणा के बाद दिल्ली में एक-दूसरे के लिए कब्र खोदते रहे हैं। इससे न सिर्फ आप की कुर्सी गई, कांग्रेस ने भी दो फीसदी ज्यादा वोट लेने के बावजूद लगातार तीन चुनाव में शून्य पर आउट होने की हैट्रिक बनाई।

## केजरीवाल जिस जनधारणा से कुर्सी तक पहुंचे थे उसे ही गंवा बैठे

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र और हरियाणा के बाद भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड बहुमत से विजय का सिलसिला जारी रखा। दिल्ली की जीत इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि 27 साल से सत्ता का सूखा खत्म करने में पार्टी सफल रही। आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल के हर नहले पर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने दहला चलने में कोर कसर नहीं छोड़ी। मसलन, केजरीवाल ने कहा- हम हारे तो मुफ्त-बिजली-पानी मिलना बंद हो जाएगा तो भाजपा बोली- सभी फ्री की योजनाएं चलती रहेंगी। केजरीवाल ने कहा- महिलाओं को 21 सौ देंगे, तो भाजपा ने कहा- हम 2500 देंगे।

भाजपा ने जनता के मन से यह डर हटा दिया कि उसके सत्ता में आने से सब्सिडी वाली योजनाएं बंद होगी, बल्कि यह भी संदेश दिया कि वह कुछ और भी बढ़-चढ़कर देगी, साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर भी बेहतर करेगी। दिल्ली के अंदर और बाहर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट भाजपा ने खूब गिनाए। दूसरी ओर, दस साल की एंटी इन्कमबेंसी से जूझ रही आप के पास पुराने वादों के अलावा कुछ नया नहीं था। चूंकि महिलाओं को पैसे सहित कुछ वादे पिछले चुनाव के अधूरे थे, तो इस बार फॉर्म भराने के बावजूद जनता ने ऐतबार नहीं किया। भाजपा की जीत में एम फैक्टर-महिला, मध्यम वर्ग और मोदी गारंटी का अहम रोल रहा।

शेष@पेज07

## विकास, विजन और विश्वास की जीत, यमुना को बनाएंगे दिल्ली की पहचान




**दिल्ली** में जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

'आज दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है। दिल्ली के लोगों का ये प्यार, ये विश्वास हम सभी पर एक कर्ज है। दिल्ली की डबल इंजन सरकार दिल्ली का डबल तेजी से विकास करके यह कर्ज चुकाएगी। हम यमुना को दिल्ली की पहचान बनाएंगे। पहले विधानसभा सत्र में सीएजी की रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी और घोटालों की जांच होगी। आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई है। आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई आप-दा की हार हुई है।' - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री (भाजपा मुख्यालय में संबोधन)

## भ्रष्टाचार में जो जेल गए वे चुनाव हारे

■ जीते प्रत्याशी



**अरविंद केजरीवाल,** आप, **25,999** (-4089)
■ **प्रवेश वर्मा,** भाजपा **30,088** (+4089)
संदीप दीक्षित, कांग्रेस **4,568** (-25520)
**सीट : नई दिल्ली**



**मनीष सिसोदिया,** आप **38184** (-675)
■ **तरविंदर सिंह मारवाह,** भाजपा **38,859** (+675)
फरहाद सूरी, कांग्रेस **7,350** (-31509)
**सीट : जंगपुरा**



**सत्येंद्र जैन,** आप **35871** (-20998)
■ **करनैल सिंह,** भाजपा **56,869** (+20998)
सतीश कुमार लूथरा, कांग्रेस **5,784** (-51085)
**सीट : शकूर बस्ती**

## रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे

'हम लोगों के जनादेश को बड़ी विनम्रता से स्वीकार करते हैं। मैं भाजपा को इस जीत के लिए बधाई देता हूं। उम्मीद करता हूं कि वे उन सभी वादों को पूरा करेंगे, जिनके लिए लोगों ने उन्हें वोट दिया है। हम न केवल एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे, वरन् लोगों के बीच रहेंगे और उनकी सेवा करते रहेंगे।' - **अरविंद केजरीवाल,** राष्ट्रीय संयोजक, आप

## कौन बन सकता है सीएम और क्यों?

**प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (47)**



**केजरीवाल** को नई दिल्ली सीट से हराने के कारण प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। सांसद रह चुके हैं। जाट होने के कारण दिल्ली से लेकर हरियाणा, राजस्थान और यूपी तक संदेश जाएगा।

**रेखा गुप्ता (51)**
**महिला** और वैश्य दोनों वोट बैंक को साधती हैं। शालीमार बाग से भारी वोटों से जीती रेखा पार्षद और दिल्ली विवि की छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुकीं हैं।

**विजेंद्र गुप्ता (61)**
**तीसरी** बार विधायक बने हैं। आप की लहर में भी रोहिणी से दो चुनाव जीत चुके हैं। अनुभवी हैं और वैश्य वोट बैंक को साधते हैं।

**मनजिंदर सिंह सिरसा (52)**
**भाजपा** को पंजाब व सिख समुदाय को साधने की फिक्र हुई तो फिर राजौरी गार्डन से चुनाव जीते मनजिंदर सिंह सिरसा पर भी पार्टी दांव खेल सकती है।

**सतीश उपाध्याय (62)**
**मालवीय** नगर से चुनाव जीते सतीश उपाध्याय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। संगठन कौशल में माहिर हैं।

**मोहन सिंह बिष्ट (67)**
**छठीं** बार विधायक बने हैं मोहन सिंह बिष्ट। राजपूत और पहाड़ी मतदाताओं में अच्छी पकड़ है।

### ये भी हो सकते हैं डॉर्क हार्स

**उत्तम** नगर सीट जीते पवन शर्मा और आदर्श नगर से राजकुमार भाटिया और जनकपुरी से जीते आशीष सूद भी डार्क हॉर्स साबित हो सकते हैं। पवन और राजकुमार भाटिया संघ पृष्ठभूमि के हैं। ग्रेटर कैलाश से विधायक बनीं शिखा रॉय भी दावेदार मानी जा रहीं हैं।

**कांग्रेस ने रोकी 'आप' की राह, दीक्षित ने लिया मां का बदला @इंडिया&वर्ल्ड**

**विश्व पुस्तक मेला:** कोठारी की 'स्त्री देह से आगे...' और 'बॉडी माइंड इंटलेक्ट' पुस्तकों का विमोचन


## पुस्तकें हर चुनौती से संघर्ष का रास्ता दिखाती हैं : बिरला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** विश्व पुस्तक मेले में शनिवार को पत्रिका समूह के प्रधान संपादक और लेखक गुलाब कोठारी की पुस्तक 'स्त्री देह से आगे...' और 'बॉडी माइंड इंटलेक्ट' का विमोचन किया गया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुस्तकों को जीवन का साथी बताते हुए कहा कि पुस्तक ही हैं, जो हर चुनौती से संघर्ष का रास्ता दिखाती हैं। पुस्तक तनाव तथा अवसाद के समय भी साथ निभाती है। कोठारी ने कहा कि हर मां के पास अपनी संतान के भीतर देखने की सूक्ष्म दृष्टि होती है। मां ही है, जो संस्कार देती है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय व राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) की ओर से दिल्ली में पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। कोठारी की पुस्तकों के विमोचन के अवसर पर बिरला ने कहा कि पुस्तक साहित्य और विचारों का कुंभ है। पुस्तकों को लेकर कहा कि भारतीय चिंतन को दृष्टि देना अद्भुत है।

शेष@पेज07




**पत्रिका** समूह के प्रधान संपादक और लेखक गुलाब कोठारी की पुस्तकों 'स्त्री देह से आगे...' और 'बॉडी माइंड इंटलेक्ट' का विमोचन करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, एनबीटी के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर और निदेशक युवराज मलिक।

### शिक्षा बदले तो भारत बन जाएगा विश्व गुरु : कोठारी

**पत्रिका** समूह के प्रधान संपादक कोठारी ने कहा कि शिक्षा में मन और बुद्धि जुड जाएं तो भारत विश्व गुरु बन जाएगा। उन्होंने मौजूदा शिक्षा पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे पुरुष पौरुष भाव को बढ़ा रहा है, वह अपने स्त्रैण भाव को भूल गया है। ठीक यही स्थिति स्त्री की है, वह स्त्रैण भाव को विकसित कर रही है। इससे असंतुलन पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है, जहां नारी की पूजा होती रही है। गांव-गांव में देवी का मंदिर मिल जाएगा। स्त्री के भीतर दिव्यता है। कोठारी ने कहा कि अब मां का स्वरूप बदल गया है। वह संस्कार नहीं दे पा रही है। मां को जीव के बारे में सब पता होता है। वह पिता को उसकी संतान के रूप में जन्म देती है, इससे बड़ी दिव्यता और क्या होगी कि वह ब्रह्म को विवर्त का मार्ग देती है। आज तो मां को सब डॉक्टर बता रहा है। फिर मां अपने बच्चे को संस्कारित कैसे करेगी? उन्होंने कहा कि मां को अपना स्त्रैण भाव समझना होगा।

**लापरवाही :** चार को गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती कराया

## छत्तीसगढ़ में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जहरीली शराब पीने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 की हालत गंभीर है। मृतकों में गांव के सरपंच का भाई भी शामिल है। गंभीर रूप से बीमार लोगों का सिम्स में इलाज किया जा रहा है। हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी। कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी गांव में बुधवार रात को लोगों की मौत का सिलसिला शुरू हुआ।

शेष@पेज07

### 8-10 साल से बिक रही है शराब

**स्थानीय** लोगों का आरोप है कि पिछले 8-10 साल से गांव में महुआ से बनी देशी शराब की बिक्री हो रही है। आबकारी और पुलिस की टीम आती है, लेकिन मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। शिकायत के बाद कभी-कभी दिखावे की कार्रवाई की जाती है। यही वजह है कि अवैध शराब की बिक्री जारी है।

**महाकुंभ में मिलन :** दो मुख्यमंत्री ने लगाई डुबकी




**प्रयागराज.** महाकुंभ में शनिवार को त्रिवेणी स्नान के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुलाकात हुई। स्नान के बाद अर्घ्य देते भजनलाल और मोहन यादव।

संबंधित समाचार @ उत्तर प्रदेश



### कल्याणरमन को एएनआरएफ का जिम्मा

**नई दिल्ली.** सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट के शीर्ष अधिकारी शिवकुमार कल्याणरमन को अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का नेतृत्व सौंपा है। एएनआरएफ को वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और फंडिंग के लिए दो साल पहले ही बनाया गया था।



### राहुल गांधी के खिलाफ एफआइआर

**भुवनेश्वर.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ ओडिशा के झारसुगुड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है। राहुल पर कथित तौर पर राष्ट्रविरोधी बयान देने का आरोप लगाया गया है। सरबहाल के 42 वर्षीय रामहरि पुजारी ने यह मामला दर्ज करवाया है।

**झरोखा**




**प्रक्रिया :** लोकसभा में पेश करने के बाद स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा

## बजट सत्र में नया आयकर कानून पास होना मुश्किल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से नए आयकर विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद अगले सप्ताह में लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसके बाद विधेयक को संसदीय स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा, समिति की सिफारिशों के बाद फिर कैबिनेट के पास भेजा जाएगा।

कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे पुनः संसद में पेश किया जाएगा। ऐसे में बजट सत्र में नया कानून पास होना मुश्किल नजर आ रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वह आगामी सप्ताह में लोकसभा में नया विधेयक पेश करेंगी।

शेष@पेज07

### विवाद और मुकदमों में आएगी कमी


**सीतारमण** ने पहली बार जुलाई, 2024 में आयकर अधिनियम, 1961 की समीक्षा की घोषणा की थी। इसके बाद सीबीडीटी ने समीक्षा की देखरेख करने तथा अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट व समझने में आसान बनाने के लिए समिति गठित की थी। इससे विवादों व मुकदमों में कमी आएगी व करदाताओं को अधिक कर निश्चितता प्राप्त होगी। आयकर अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए 22 विशेष उप-समितियां भी बनाई गईं।

**विरासत:** एक यूजर ने शेयर किया

## सोशल मीडिया पर पसंद किया जा रहा 95 साल पुराना पासपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्राचीन दस्तावेज और वस्तुएं विरासत का हिस्सा हो जाती हैं। ऐसी बहुत सी चीजों को लोग सहेजकर रखते हैं। हाल ही सोशल मीडिया पर एक यूजर ने 95 वर्ष पुराने ब्रिटिश-भारतीय पासपोर्ट की तस्वीर शेयर की है, जिस पर करतार सिंह नाम लिखा है। यह पासपोर्ट पुराना और घिसा हुआ है, जिसका रंग रॉयल ब्लू है और उस पर ब्रिटिश साम्राज्य का चिह्न बना हुआ है। 1930 के इस पासपोर्ट का इस्तेमाल भारत की आजादी के बाद बंद हो गया था। इसको 19 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। ऐसा पहली बार नहीं है, जब किसी पुराने ब्रिटिश भारतीय पासपोर्ट की तस्वीर वायरल हुई है। इससे पहले भी एक यूजर अंशुमान सिंह ने अपने दादा का 90 वर्ष से ज यादा पुराना ब्रिटिश भारतीय पासपोर्ट साझा किया था। इस पासपोर्ट को 1930 में लाहौर में जारी किया गया था। तब धारक की उम्र 31 वर्ष थी।





**नई चिंता :** 50 माइक्रोमीटर से भी छोटा आकार

## अंटार्कटिका में माइक्रोप्लास्टिक, वैज्ञानिक पता लगा रहे, कैसे आए!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण (बीएएस) के शोधकर्ताओं ने अंटार्कटिका के कुछ दूरस्थ स्थानों से बर्फ में माइक्रोप्लास्टिक खोजे हैं। यह पहली बार है जब प्लास्टिक के छोटे कण इतने दुर्गम स्थानों पर मिले हैं। शोधकर्ताओं ने दक्षिणी ध्रुव के दो सुदूर क्षेत्रों, यूनियन और शैन्ज ग्लेशियर के तीन फील्ड कैंपों से एकत्र नमूनों का विश्लेषण किया है। इनमें ज्यादातर कण 50 माइक्रोमीटर से भी छोटे थे, जो मानव कोशिकाओं के आकार के बराबर हैं। बीएएस की डॉ. क्लारा मैन्नो के मुताबिक माइक्रोप्लास्टिक बाहरी कपड़ों, शिविर के अंदर और आसपास सुरक्षित मार्गों को चिह्नित करने के लिए रस्सियों और झंडों के माध्यम से आया होगा। जबकि अध्ययन की सह लेखिका डॉ. क्रिस्टी जोन्स ने बताया, अंटार्कटिका में लाई जाने वाली सामग्रियों पर कड़े नियमों के बावजूद माइक्रोप्लास्टिक का होना चिंताजनक है।





भाजपा ने जीता दिल्ली का दिल: अब डबल इंजन की सरकार से चौतरफा विकास की उम्मीद

# यमुनाजी को हम दिल्ली शहर की पहचान बनाएंगे: मोदी

*आखिर दिल्ली के दिल पर कमल छा गया। विकास की राह देखती देश की राजधानी दिल्ली की गति को उम्मीदों के पंख लगाने के लिए भाजपा को मतदाताओं ने भारी मतों से जीत दिलाई। जनशक्ति ने भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाकर जो आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए अब डबल इंजन सरकार दिल्ली का चौतरफा विकास करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कहा कि वे दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।*

आगे क्या: देश की राजनीति पर होगा असर

## भाजपा: बिहार में मिलेगा लाभ

## कांग्रेस: 'इंडिया' में बढ़ेगी ताकत

### दिल्ली में आप का कांग्रेस से गठबंधन नहीं करना पड़ा भारी

शादाब अहमद
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सबकुछ दांव पर लगाया, सीट एक भी नहीं मिली। फिर भी कांग्रेस के लिए इस चुनाव ने भविष्य का रास्ता सुगम बनाया हैं। दिल्ली चुनाव के बाद कांग्रेस की मोलभाव की क्षमता बढ़ गई है और क्षेत्रीय दलों पर स्वाभाविक दबाव बनना तय दिख रहा है।

दरअसल, इंडिया ब्लॉक में कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी, आरजेडी, टीएमसी जैसे कई दल शामिल है। अक्सर राज्यों के विधानसभा चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर यह क्षेत्रीय दल कांग्रेस को आंख दिखाकर पर्याप्त सीटें देने में अनाकानी करती है। दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस चाहती थी कि आप से गठबंधन हो, लेकिन अरविंद केजरीवाल की सभी सीटों पर चुनाव लडने की चाहत ने इस गठबंधन होने से रोक दिया। जहां हरियाणा में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा, वहीं दिल्ली में कांग्रेस के उम्मीदवारों के खड़ा करने से आप के हाथ से सत्ता फिसल गई।

अब नतीजों से साफ पता चल रहा है कि आप ने रणनीतिक रूप से यह बड़ी गलती की थी। इन नतीजों का दबाव समाजवादी पार्टी आरजेडी पर पड़ सकता है। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। यहां आरजेडी को हर हाल में कांग्रेस के कद के हिसाब से सीट बंटवारा करना पड़ेगा।

### उत्तर प्रदेश: सपा को बदलनी पड़ेगी रणनीति

**कुछ महीने** पहले उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा के उपचुनाव के दौरान सीट बंटवारे पर विवाद हुआ था। इसके बाद कांग्रेस ने नाराज होकर किसी भी सीट पर उम्मीदवार नहीं उतारा। यह स्थिति हर बार नहीं रह सकती है। दिल्ली चुनाव के नतीजों से यह संकेत भी मिल गए हैं कि कांग्रेस भले ही चुनाव नहीं जीत सकती हो, लेकिन समान विचारधारा वाले दल का खेल बिगाड़ सकती है। गौरतलब है कि कांग्रेस यहां अपनी जमीन तैयार करने में लगी है। संगठन को खड़ा किया जा रहा है।

### आप ने क्यों लड़े हरियाणा, गोवा, गुजरात में चुनाव

आप को जिताना हमारी जिम्मेदारी नहीं है। हम राजनीतिक दल है और हम हमारी क्षमताओं से चुनाव लड़ते हैं। हमें लगा कि दिल्ली में चुनाव लडना चाहिए तो लड़े। हरियाणा में दीपेन्द्र हुड्डा ने आप के राघव चड्ढा को 5 सीटें ऑफर की थी, लेकिन वे नहीं माने। आप ने गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल और गुजरात में चुनाव क्यों लड़ा?- **सुप्रिया श्रीनेत,** अध्यक्ष, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग

पीएम मोदी ने कहा: सीएजी की रिपोर्ट सामने आएगी, ये मोदी की गारंटी है

## भ्रष्टाचार की जांच होगी, जिसने लूटा है, लौटाना पड़ेगा

### मोदी ने भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर जीत का महत्व समझाया

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय के बाद पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम यमुनाजी को दिल्ली की पहचान बनाएंगे। उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि पहले विधानसभा सत्र में सीएजी की रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी और घोटालों की जांच होगी। उन्होंने दिल्ली की जीत को विकास, विजन और विश्वास की जीत और आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई 'आप 'दा की हार बताया। कहा कि दिल्ली की जनता ने आप-दा को बाहर कर दिया है। आज देश तुष्टिकरण नहीं, बल्कि भाजपा के संतुष्टिकरण की पॉलिसी को चुन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों का ये प्यार और विश्वास हम सभी पर एक कर्ज है। दिल्ली की डबल इंजन सरकार दिल्ली का डबल तेजी से विकास करके ये कर्ज चुकाएगी। हर वर्ग ने भारी संख्या में भाजपा के लिए मतदान किया है। पूरा देश जानता है कि जहां एनडीए है, वहां सुशासन है, विकास है और विश्वास है।



**ऐतिहासिक विजय** पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। इस दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे।

### आप-दा ने आस्था का अपमान किया

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि दिल्ली का तो अस्तित्व ही मां यमुना की गोद में पनपा है लेकिन, दिल्ली की 'आप-दा' ने इस आस्था का अपमान किया। मैंने संकल्प लिया है कि यमुनाजी को हम दिल्ली शहर की पहचान बनाएंगे। 'आप-दा' वाले ये कहकर राजनीति में आए थे कि हम राजनीति बदल डालेंगे लेकिन ये कट्टर बेईमान निकले। दिल्ली वालों को मेरी गारंटी है, सबका साथ-सबका विकास-पूरी दिल्ली का विकास।

### कांग्रेस की भाषा अर्बन नक्सलियों की

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस ने जीरो की डबल हैट्रिक लगाई है। देश की राजधानी में, देश की सबसे पुरानी पार्टी का लगातार दिल्ली में 6 बार से खाता नहीं खुल रहा है। कांग्रेस के नेता जब कहते हैं कि वो भारत से लड़ रहे हैं, इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं - ये अर्बन नक्सलियों की भाषा है। ये देश में, समाज में अराजकता लाने की भाषा है। आप-दा भी उसी सोच को आगे बढ़ा रही थी। आज आडंबर, अच्छे नौजवान राजनीति में नहीं आएंगे तो ऐसे लोग राजनीति पर कब्जा कर लेंगे जो राजनीति में नहीं आने चाहिए।

### विकसित राजधानी बनाएंगे

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि भाजपा रिफॉर्म-परफॉर्म की गारंटी देती है। इसमें दिल्लीवासी जुड़ जाएंगे तो ट्रांसफॉर्मेशन और तेजी से आएगा। हम मिलकर दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाएंगे।

### साजिशों से छिपाए घोटाले

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि सफलता-असफलता अपनी जगह पर है, लेकिन देश को धूर्तता और मूर्खता की राजनीति नहीं चाहिए। विश्वास की जीत हुई है'आप-दा' के शराब घोटाले ने दिल्ली को बदनाम किया। कोरोना के समय ये आप-दा वाले शीशमहल बना रहे थे। इन्होंने अपने घोटाले छिपाने के लिए साजिशें रचीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पहले विधानसभा सत्र में ही सीएजी की रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी। भ्रष्टाचार की जांच होगी और जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा। ये भी मोदी की गारंटी है। दिल्ली में विकास, दिल्ली में इंडी गठबंधन के दलों ने मिलकर कांग्रेस के वोट बैंक को रोकने की कोशिश की है।

जनकल्याणी योजनाएं शुरू करने का किया था वादा

## कांग्रेस का लगातार तीसरी बार नहीं खुला खाता

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस लगातार तीसरी बार खाता नहीं खोल सकी। जबकि इस बार कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी थी और उसके बड़े नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत तमाम राष्ट्रीय नेताओं ने प्रचार किया था। इसके अलावा जनता को अपनी ओर मोड़ने के लिए भाजपा व आम आदमी पार्टी से भी अधिक जनकल्याणी योजनाएं शुरू करने का वादा किया था, लेकिन दिल्ली का मतदाता उसकी ओर नहीं झुका।

**2013 का सम्मान भी नहीं कर पा रही प्राप्त:** कांग्रेस ने 2013 के चुनाव में आठ सीटें जीती थीं लेकिन अब इसके आसपास भी नहीं पहुंच पा रही है। 2013 से पहले कांग्रेस के पास एक मजबूत जनाधार था। उसने 1998, 2003 व 2008 में सरकार बनाई थी। इस तरह यह एक बड़ा झटका है क्योंकि दिल्ली के चुनाव में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कड़ी टक्कर थी और कांग्रेस ने उम्मीद की थी कि वह अपनी पुरानी स्थिति को वापस पा सकेगी। चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा व आम आदमी पार्टी ने भी सवाल उठाए हैं।

### मजबूत पकड़ वाली सीटों पर भी नहीं मिली सफलता

**कांग्रेस** ने चुनाव में कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा था। कुछ नए चेहरों पर भी दांव लगाया था जिनमें युवा नेताओं को ज्यादा प्राथमिकता दी गई थी। कांग्रेस ने विशेष ध्यान उन क्षेत्रों में दिया था। जहां पारंपरिक रूप से उसकी मजबूत पकड़ रही थी, बावजूद इसके कांग्रेस अपनी पुरानी स्थिति को भी पुन: प्राप्त नहीं कर सकी।



**दिल्ली विधानसभा** चुनाव में चांदनी चौक विधानसभा सीट जीतने के बाद आप उम्मीदवार पुनर्दीप सिंह साहनी (सैबी) को नई दिल्ली में विजयी प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

एससी वर्ग के लिए आरक्षित 12 सीटों में 8 पर और मुस्लिम बहुल 10 में से 8 सीटें जीतने में सफल रही आम आदमी पार्टी

## दलित और मुस्लिम बहुल सीटों पर 'आप' की पकड़ बरकरार

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

*नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में दलित और मुस्लिम मतदाताओं पर आम आदमी पार्टी का पकड़ इस चुनाव में भी बरकरार रहा है। अनुसूचित वर्गएससी के लिए आरक्षित 12 में से 8 सीटें जीतने में आम आदमी पार्टी सफल रही जबकि भाजपा को सिर्फ 4 सीटें मिलीं। इसी तरह मुस्लिम बहुल 10 में सिर्फ दो सीट भाजपा जीत पाई। दिल्ली चुनाव में यह धारणा टूटती दिखी कि जो आरक्षित सीटें जीतता है, वही सत्ता पाता है।*

### आरक्षित सीटों पर कहां कौन जीता

| | |
|---|---|
| **बवाना** | भाजपा |
| **सुल्तानपुर माजरा** | आप |
| **मंगोलपुरी** | भाजपा |
| **करोल बाग** | आप |
| **पटेल नगर** | आप |
| **मादीपुर** | भाजपा |
| **देवली** | आप |
| **अंबेडकर नगर** | आप |
| **त्रिलोकपुरी** | आप |
| **कोंडली** | आप |
| **सीमापुरी** | आप |
| **गोकलपुर** | आप |

### मुस्लिम बहुल सीटों पर भी जीती आप

**दिल्ली में** 10 सीटें मुस्लिम बहुल मानी जाती हैं। इसमें जंगपुरा और मुस्तफाबाद में बीजेपी ने जीतकर सभी को चौंका दिया, लेकिन अन्य 8 सीटों पर आम आदमी पार्टी जीतने में सफल रही। आम आदमी पार्टी मुस्लिम बहुल-चांदनी चौक, बाबरपुर, बल्लीमारान, मटिया महल, ओखला, सीलमपुर, सीमापुरी और सदर बाजार जैसी सीटें जीतने में सफल रही।



**नई दिल्ली** में दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के बाद भाजपा उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा और परवेश वर्मा गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे और प्रार्थना की। पत्रिका

**कटेंट:** शादाब अहमद, नवनीत मिश्र, **डेस्क वर्क संयोजन:** सत्येन्द्र पोरवाल, देवकुमार सिंगोदिया, दीनदयाल कोली व इमरान शेख, **लेआउट-पृष्ठ सज्जा:** भवानीसिंह भाटी

दिल्ली की जाट बहुल सीटों का रिजल्ट

## 13 में से 11 पर भाजपा का कब्जा, 2 पर 'आप' को मिली जीत

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में जाट पॉलिटिक्स जमकर हुई। बीजेपी ने जहां प्रवेश वर्मा को ही सीधे अरविंद केजरीवाल के सामने उतार दिया तो केजरीवाल ने बीजेपी पर जाटों की उपेक्षा का आरोप जड़ दिया। लेकिन फिर भी इन सीटों पर आप पार्टी बुरी तरह से पिछड़ गई है। दिल्ली की 70 में से 13 जाट बहुल सीटें ऐसी हैं, जिनमें 11 पर बीजेपी ने कब्जा जमा लिया है। जबकि कांग्रेस तो कहीं पिक्चर में भी नहीं है। जाट वोटर्स की सत्ता की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं, क्योंकि जाट वोटर किसी भी पार्टी की हार-जीत तय करने के लिए काफी अहम माने जाते हैं। दिल्ली में इनकी आबादी करीब 10 % के करीब है।

सीतारमण बोली...

## विकसित भारत 2047 के लिए समय की जरूरत




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नयी दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, सभी बहुत उत्सुक हैं कि दिल्ली को एक ऐसी सरकार मिले जो अपने लोगों की सेवा करे और यह विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समय की आवश्यकता है। सीतारमण ने भारतीय रिजर्व बैंक बोर्ड की बैठक के बाद संवाददाताओं से दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बारे पूछे जाने पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक ऐसी सरकार होनी चाहिए, जो लोगों के हितों की रक्षा करे। उन्होंने कहा, ''मेरा दृढ़ विश्वास है कि प्रधानमंत्री ने देश के लिए जो रोडमैप तय किया है, उसमें निश्चित रूप से दिल्ली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और हर दृष्टिकोण से अपने लोगों की सेवा करनी चाहिए।''

## कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दलों के लिए चेतावनीः पांडेय

**दिल्ली/पटना @ पत्रिका.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि दिल्ली विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक ताकतों के बीच फूट के कारण हुई है। चुनाव परिणाम से हमें सबक लेने की जरूरत है, क्योंकि आगे आने वाले दिनों में बिहार विधानसभा का भी चुनाव होने वाला है। यह परिणाम स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भाजपा के विभाजनकारी एजेंडे का मुकाबला केवल एकजुट, वैचारिक और राजनीतिक मोर्चे के माध्यम से ही प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। यह इंडिया ब्लॉक के घटकों, विशेष रूप से गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अन्य प्रमुख क्षेत्रीय दलों के लिए एक चेतावनी है। आगे का रास्ता संविधान और जन-हितैषी नीतियों की रक्षा के लिए आवश्यक एकता मजबूत करने के लिए ईमानदार, आत्म-आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है।



**प्रतिबद्धता में एकजुट का आह्वानः** पांडेय ने कहा कि चुनाव आयोग और सरकारी एजेंसियों की निष्पक्षता के बारे में लगातार चिंताएं, जिन्हें अक्सर केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में देखा जाता है, नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## एमपी सीएम ने जिन 12 सीटों पर किया प्रचार वे सभी भाजपा के खाते में

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली की 12 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उनके निशाने पर आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल रहे। उन्होंने केजरीवाल के झूठ को बेनकाब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मध्यप्रदेश के प्रवासी लोगों से अलग से संपर्क किया। डॉ यादव ने मालवीय नगर, नफजगढ़, उत्तम नगर, विकासपुरी, नांगलोई, त्रिनगर, बादली, मुस्तफाबाद, रोहिणी, मादीपुर, सीलमपुर व हरिनगर सीटों पर प्रचार किया। इन सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की।



कमल खिला, चेहरे खिले

दिल्ली में शनिवार को विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। पत्रिका

दिल्ली विधानसभा चुनावः 27 साल बाद भाजपा को स्पष्ट बहुमत

# आप ने 40 सीटें गंवाई, स्ट्राइक रेट 31% रहा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे साफ हो गए हैं। 27 साल बाद बीजेपी ने प्रचंड जीत के साथ सत्ता में वापस की है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जिन नतीजों की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके उलट रिजल्ट आने से पार्टी नेताओं में निराशा छाई है। 8 सीटों पर काबिज बीजेपी इस बार 48 सीटों तक पहुंची गई, जबकि आम आदमी पार्टी 62 सीट से 22 पर लुढ़क गई। इतने ऐलान और योजनाओं की घोषणा के बाद भी दिल्ली की जनता आप पार्टी को वापस लेकर नहीं आ सकी। हार के यह कारण उबरकर आए सामने।

आम आदमी पार्टी को इस बार एंटी-इंकम्बेंसी का सामना करना पड़ा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भले ही पार्टी ने अच्छा रिजल्ट दिया हो लेकिन खराब एयर क्वॉलिटी और यमुना का प्रदूषित पानी नाराजगी की एक बड़ी वजह रही। दूसरी तरफ, अरविंद केजरीवाल लगातार दावे करते रहे कि बीजेपी की केंद्र सरकार दिल्ली के काम में रोड़े डाल रही है। अब जनता ने इसे असल वजह के बजाय 'बहाने' के तौर पर लिया। आप के सीनियर नेताओं द्वारा पार्टी छोड़े जाने को भी इसके लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, मयंक गांधी और कुमार विश्वास की अरविंद केजरीवाल से असहमति और उनके कथित 'मनमानी' वाले रवैये को लेकर भी नुकसान देखा जा सकता है।





**दिल्ली.** जीत के बाद आभार जतातीं मुख्यमंत्री आतिशी एवं चुनाव परिणाम के बाद आप का दफ्तर बंद। पत्रिका

## 'शीश महल' भी खूब सुर्खियों में रहा

**अरविंद केजरीवाल** हमेशा से ही भ्रष्टाचार के विरोध में आवाज उठाते नजर आए, लेकिन इस बार उनकी इमेज पर कई चीजों की वजह से दाग लग गए। इनमें आबकारी नीति से जुड़ा कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस भी एक वजह रही। बीजेपी ने आरोप लगाया था कि आप सरकार दिल्ली को 'शराबियों का शहर' बनाना चाहती है और ठेके देने के लिए सैकड़ों करोड़ खर्च करने को राजी है। सेंट्रल एजेंसियों की जांच में आम आदमी पार्टी के कई नेताओं की गिरफ्तारी हुई। इनमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, अरविंद केजरीवाल आदि शामिल रहे। गिरफ्तारी की वजह से मनीष सिसोदिया डिप्टी सीएम का पद छोड़ने को मजबूर हो गए और अरविंद केजरीवाल ने भी सीएम पद छोड़ दिया।
यह भी ध्यान देने वाली बात हैं कि जेल जाने वाले आप उम्मीदवारों को इस बार के चुनाव में हार मिली है। इसके अलावा, 'शीश महल' का विवाद भी खूब सुर्खियों में रहा। जिसने अरविंद केजरीवाल की इमेज पर डेंट किया। सीएजी रिपोर्ट में सामने आया था सीएम आवास बनाने में 7.91 से लेकर 33.66 करोड़ रुपए लगे थे।

## नाराज थी जनता

**आप** ने जनकल्याणकारी नीतियों के नाम पर दिल्ली में फ्री बिजली, फ्री पानी, महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा आदि की शुरुआत की थी. हालांकि, जनता का दावा है कि इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और उसके मेनटेनेंस के स्तर पर खासा बदलाव नहीं दिखा। सड़कों और सीवरों की खराब हालत से दिल्ली की जनता नाराज थी। दिल्ली का अपर और मिडिल क्लास खराब बुनियादी सुविधाओं से तंग दिख रहा था. साल 2015 और 2020 में भले ही आप को इन रेवड़ियों के चलते बड़ी मात्रा में वोट मिले हों, लेकिन इस बार जनता ने अधूरे वादों पर भी ध्यान दिया। पाइप वॉटर कनेक्श का साल 2015 में किया गया वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ था।

जनता ने हमें 10 सालों तक दिया मौका

## अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी की हार मानी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नई दिल्ली.** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली है। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि जनता का फैसला सर माथे पर। हम पूरी विनम्रता से अपनी हार स्वीकार करते हैं। मैं बीजेपी को बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें चुना है वो उन उम्मीदों को पूरा करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि जनता ने हमें 10 सालों तक जो मौका दिया उसमें हमने काफी काम करने की कोशिश की। शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने की कोशिश की। हम आगे भी जनता के लिए काम करते रहेंगे और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने तमाम तकलीफें झेलते हुए भी बेहतरीन तरीके से चुनाव लड़ा। आपने बहुत मेहनत की।

### गठबंधन का साथ छोड़ने का हुआ नुकसान

**दिल्ली लोकसभा चुनाव** में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन किया था, लेकिन इसके तुरंत बाद उसी दिल्ली में आप और कांग्रेस आमने-सामने हो गए। माना जा रहा है कि जनता के सामने राजनीतिक दलों के बीच एकजुटता को लेकर गलत संदेश पहुंचा। दूसरी ओर बीजेपी ने इसे साधते हुए दिल्ली चुनाव में ही नीतीश कुमार की जेडीयू और चिराग पासलवान लोजपा (रामविलास) को सीटें देकर जनता में एकजुटता का संदेश भेजा।

## आम आदमी पार्टी के परिणाम

### आतिशी की हैट्रिक

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी कालकाजी सीट से चुनाव जीत गई हैं। आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी के रमेश विधूड़ी को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी है। कालकाजी में जीत के साथ ही आम आदमी पार्टी ने इस सीट पर अपना दबदबा कायम रखा है। भारतीय जनता पार्टी बीते 30 साल से यहां जीत की तलाश में थी और इस बार भी उसे निराशा हाथ लगी है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने यहां साल 2015 और 2020 में जीत हासिल की थी और इस बार हैट्रिक पूरी कर ली।

### केजरीवाल सहित बड़े उम्मीदवार हारे

**दिल्ली के** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती और अवध ओझा चुनाव हार गए हैं। अरविंद केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश वर्मा ने शिकस्त दी. वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को दिल्ली की जंगपुरा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के तरविंदर सिंह मारवाह ने हरा दिया। पटपड़गंज सीट पर अवध ओझा भी चुनाव हार गए हैं। अवध ओझा को बीजेपी के रवींद्र नेगी ने हराया। मनीष सिसोदिया ने अपनी पटपड़गंज सीट अवध ओझा के लिए छोड़ दी थी। अब दोनों उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा है। सिसोदिया ने हार स्वीकार कर ली है। सिसोदिया से जब सवाल पूछा गया कि हार की क्या वजह रही? इस पर उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी।

### चरित्र की राजनीति ने किया चित : विजय

**दिल्ली/ पटना @ पत्रिका.** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने दिल्ली विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि यह जीत चतुराई और चालबाजी के ऊपर चरित्र की राजनीति की जीत है। केजरीवाल और उनकी पार्टी ने लगातार एक दशक तक जनादेश और जन-अपेक्षा के साथ खिलवाड़ किया। ये सार्वजनिक जीवन की शुचिता और मर्यादा को भूलकर झूठ, फरेब और फ्रॉड की राजनीति के पोषक बन गए थे। इसलिए दिल्ली की जनता ने आज 'आप-दा' से मुक्त होकर मोदी की गारंटी को गले लगाया है। दिल्ली के चुनाव में मोदी, महिला और मिडिल क्लास का मैजिक पूरी तरह चला है। साथ ही पूर्वांचल से आने वाले मतदाताओं ने भी कोरोना काल में पूरे समुदाय के साथ हुए अपमान का बदला केजरीवाल और उनकी पार्टी से लिया है।




### लोग तंग आ चुके थे : प्रियंका गांधी




दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मुझे लगता है कि दिल्ली में हमारी सभी बैठकों और जिन लोगों से मैं मिल रही थी, उन सबसे यह बहुत स्पष्ट था कि लोग बदलाव चाहते थे और वे उन चीजों से तंग आ चुके थे। उन्होंने बदलाव के लिए वोट दिया है, जो जीतें उन्हें बधाई। हमें और अधिक मेहनत करनी होगी, हम लोगों के मुद्दे उठाते रहेंगे।

### नतीजे पीएम की नीतियों पर मुहर नहीं: जयराम रमेश



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली के नतीजे प्रधानमंत्री की नीतियों पर मुहर नहीं है बल्कि यह जनादेश अरविंद केजरीवाल की छल, कपट और उपलब्धियों के अतिशयोक्तिपूर्ण दावों की राजनीति को खारिज करता है। कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल के शासन में हुए विभिन्न घोटालों को उजागर करने में बड़ी भूमिका निभाई। दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी के बारह वर्षों के कुशासन पर अपना फैसला सुनाया।

### हार के लिए मैं जिम्मेदार: संदीप दीक्षित



प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने कहा कि नई दिल्ली सीट से इस शर्मनाक हार के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हूं। दिल्ली का वोटर बदलाव चाहता था और मैं इस भावना में खरा नहीं उतरा। भले अनेक मुझे वोट न मिला हो, लेकिन नई दिल्ली के निवासियों ने चुनाव के दौरान जो स्नेह और सम्मान दिया, उसके लिए विशेष धन्यवाद।

नई दिल्ली सीट

## 7 राउंड की गिनती के बाद खुला ईश्वर चंद का खाता

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** विधानसभा सीट पर असली मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व सीएम रहे साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश साहिब सिंह के बीच था। इस सीट बाकी उम्मीदवार तो पानी भी नहीं मांग पाए। इस सीट पर प्रवेश सिंह वर्मा ने जीत दर्ज की जबकि अरविंद केजरीवाल को हार मिली। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे व पूर्व सांसद संदीप दीक्षित तीसरे नंबर पर रहे। नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल समेत कुल 23 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। इनमें से एक ऐसा प्रत्याशी भी है, जिसे महज 4 वोट मिले।



### केजरीवाल के खिलाफ उतरे थे

**भारतराष्ट्र** डेमोक्रेटिक पार्टी के ईश्वर चंद ने नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नामांकन भरा था। ऐसा लग रहा है कि उनके अपनों ने भी उन्हें वोट नहीं दिया है। 7 राउंड की गिनती के बाद ईश्वर चंद का खाता खुला। उन्हें कुल 4 वोट मिले। ईश्वर चंद के नामांकन पत्र के मुताबिक वह मयूर विहार फेज-2 के रहने वाले हैं। उनका वोट भी नई दिल्ली विधानसभा सीट के अंतर्गत नहीं आता है।

दिल्ली का विकास करेगी डबल इंजन की सरकार

## भजनलाल की जनसभाओं वाली 11 सीटों पर जीत

**प्रयागराज/दिल्ली @ पत्रिका.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कहा है कि लूट और झूठ वाले आप-'दा' की दिल्लीवासियों ने विदाई कर दी है और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार दिल्ली का विकास करेगी। शर्मा ने प्रयागराज में स्नान के बाद भाजपा की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही। उल्लेखनीय है कि शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया था। इन सीटों में रिठाला से कुलवंत राणा ने 29616 वोटों से जीत दर्ज की है। शालीमार बाग से रेखा गुप्ता 29595 वोटों से जीती है। शकूरबस्ती से करनेल सिंह



20998 वोटों से जीते हैं। त्रिनगर से तिलक राम गुप्ता को 15896 वोटों से जीत मिली है। मोतीनगर से हरीश खुराना 11657 वोटों के मार्जिन से जीते है। गांधीनगर से अरविंदर सिंह लवली का जीत का मार्जिन 12748 वोटों का रहा है। कृष्णा नगर से डॉ. अनिल गोयल 19498 वोटों से जीते हैं। रोहिणी से विजेन्द्र गुप्ता 37816 वोटों से जीते है, वहीं द्वारका से प्रद्युम्मन सिंह राजपूत ने 7829 वोटों से जीत दर्ज की है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले, झूठे वादे करने वालों को जनता ने दिया जवाब

## दिल्ली में जीत, जयपुर में मना जश्न

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत का जश्न जयपुर में भी मनाया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे भी शामिल हुई। राठौड़ ने पत्रकारों से कहा कि यह जीत पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। दिल्ली की जनता ने झूठे वादे करने वालों को कड़ा जवाब दिया है।

**संभाली थी चुनाव की कमानः** दिल्ली विधानसभा चुनावों में राजस्थान के नेताओं का भी भाजपा की जीत में योगदान रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 11 सीटों पर चुनाव प्रचार किया था। इनके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, अल्का गुर्जर, भागीरथ चौधरी, अशोक परनामी, सतीश पूनिया, सीपी जोशी, जितेन्द्र गोठवाल, दामोदर अग्रवाल, कैलाश चौधरी, रामचरण बोहरा, जगबीर छाबा, दीप्ति किरण माहेश्वरी, ज्योति मिर्धा, हेमराज मीणा, मान सिंह गुर्जर, मोहन लाल गुप्ता, भूपेन्द्र सैनी, वासुदेव चावला, लालाराम बैरवा, अतुल भंसाली, राजेन्द्र गुर्जर, अपूर्वा सिंह, ललित लखवाल, प्रमिला कुंडारा, रंजीता कोली ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी प्रबंधन से लेकर प्रचार तक का जिम्मा संभाला था।



## लापता युवक का शव कुंए में मिला


**डूंगरपुर @ पत्रिका.** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के कनबा गांव में लापता युवक का शव कुंए में मिला। इस पर पुलिस ने मृतक के पिता की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया। रिपोर्ट में कनबा नवाघरा फला निवासी मरता पुत्र जीवा डोडा ने बताया कि वो गुजरात में मजदूरी करता है। पीछे घर पर पत्नी व बेटा किरन डोडा रहते हैं। बेटा किरन 20 जनवरी की रात को बिना बताए घर से चला गया। सुबह तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन, उसका कोई पता नहीं चला। छह फरवरी को कनबा गांव में एक युवक का शव मिला।

## ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: घनश्यामलाल स्वर्णकार

शुभ वि. सं: 2081
संवत्सर का नाम: कालयुक्त
शाके संवत: 1946
हिजरी सम्वत: 1446
मु. मास: सावन-10
अयन: उत्तरायण
ऋतु: शिशिर
मास: माघ
पक्ष: शुक्ल

**रविवार, 09 फरवरी, 2025**
**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**




**श्रेष्ठ चौघड़िए** आज प्रातः 08-34 से दोपहर 12-41 तक क्रमशः चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02-03 से अपराह्न 03-26 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-19 से दोपहर 01-03 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**तिथि** द्वादशी भद्रा संज्ञक तिथि रात्रि 07-26 तक, तदन्तर त्रयोदशी जया संज्ञक तिथि है। द्वादशी तिथि में सभी चर व स्थिर कार्य, विवाह, जनेऊ और अन्य मांगलिक कार्य करने योग्य हैं, पर द्वादशी में तेल लगाना व यात्रा नहीं करना चाहिए।

**नक्षत्र** आर्द्रा "तीक्ष्ण व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र सायं 05-53 तक, तदन्तर पुनर्वसु "चर व तिर्ड्यमुख" संज्ञक नक्षत्र है। आर्द्रा नक्षत्र में लड़ाई, बन्धन, छेदन, मारण, अग्नि व विद्यादि कार्य करने योग्य हैं। पुनर्वसु नक्षत्र में शान्ति, पुष्टता, अलंकार, यात्रा व व्रतादि कार्य शुभ व सिद्ध होते हैं।

| योग | विशिष्ट योग | करण |
|---|---|---|
| विष्कुम्भ नामक नैसर्गिक अशुभ योग दोपहर 12-07 तक, तदुपरान्त प्रीति नामक नैसर्गिक शुभ योग है। | त्रिपुष्कर नामक शुभाशुभ योग सायं 05-53 से रात्रि 07-26 तक है। त्रिपुष्कर योग में कोई भी शुभाशुभ कार्य घटित होता है, तो वैसा ही कार्य दो बार और घटित होता है। | बव नामकरण प्रातः 07-51 तक, तदन्तर बालव व कौलवादि करण क्रमशः हैं। |

**व्रतोत्सव** आज भीष्म द्वादशी, मरु महोत्सव प्रारम्भ चार दिन का, जैसलमेर (राज.) में।

**चन्द्रमा:** चन्द्रमा मिथुन राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि।

**दिशाशूल :** रविवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज मिथुन राशि के चन्द्रमा का वास पश्चिम दिशा की यात्रा में सम्मुख है, जो पश्चिम दिशा की यात्रा में लाभदायक है।

**राहुकाल** (मध्यमान से): सायं 4-30 बजे से सायं 6-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभ कार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

सोमवार-10,फरवरी: सोम प्रदोष व्रत, कल्पादि, गुरु हरिराय जयन्ती (प्राचीन मत से), विश्वकर्मा जयन्ती, मुनि धर्मनाथ जयन्ती, मेला पावन धाम पंच खण्डेश्वर पीठ (विराट नगर जयपुर, राज.) तथा गुरु गोरखनाथ जयन्ती।

मंगलवार-11,फरवरी: ललिता जयन्ती, जिनेन्द्र रथ यात्रा (जैन), स्वामी रामचरण जयन्ती, अग्नि उत्सव (उड़ीसा), गण्डमूल प्रारम्भ सायं 06-34 से।

बुधवार-12,फरवरी: फाल्गुन संक्रान्ति, सूर्य देव कुम्भ में प्रवेश रात्रि 09-56 पर, पुण्य काल अपराह्न 03-32 से, सत्य पूर्णिमा व्रत, माघी पूर्णिमा, माघ स्नान समाप्त, गुरु रविदास जयन्ती, होलिका रोपण, भैरवी जयन्ती, मुख्य मेला वेणेश्वर डूंगरपुर व मरु महोत्सव समाप्त जैसलमेर (राज.), महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती, ज्ञान ज्योति पर्व एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय पुण्य तिथि तथा गण्डमूल सम्पूर्ण दिवारात्रि हैं।

गुरुवार-13,फरवरी: विश्व रेडियो दिवस, शब-ए-बारात (मु.) गण्डमूल रात्रि 09-07 तक।

शुक्रवार-14,फरवरी: सेन्ट वेलेन्टाइन दिवस।

रविवार-16,फरवरी: चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 09-44 पर)

**शुभ कार्यारम्भ मुहूर्त** **शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज आर्द्रा नक्षत्र में अतिआवश्यकता में (रोग पंचक दोष युक्त) जनेऊ का मुहूर्त है।

सोमवार-10,फरवरी: देव प्रतिष्ठा, वाहनादि क्रय करना, जलवा, मुण्डन, जडूला, शल्य चिकित्सा, राजकीय सेवा प्रारम्भ, पद ग्रहण करना, कूपखनन, बोरिंग, गृह प्रवेश (अतिआवश्यकता में नक्षत्र त्याज्य) पुनर्वसु नक्षत्र में।

बुधवार-12,फरवरी: विवाह अतिआवश्यकता में मघा नक्षत्र में (संक्रान्ति दिन दोष)।

गुरुवार-13,फरवरी: विवाह, सगाई, रोका, कूपखनन व बोरिंग आदि करवाना सभी मघा नक्षत्र में।

शुक्रवार-14,फरवरी: जनेऊ, सगाई व रोका गृह प्रवेश अतिआव. में (नक्षत्र त्याज्य) पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में विवाह उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में।

शनिवार-15,फरवरी: विवाह, देव प्रतिष्ठा, विपणि-व्यापारारम्भ, गृह प्रवेश, जलवा, सगाई, रोका, राजकीय सेवा प्रा. पद ग्रहण करना व गृहारम्भ अतिआवश्यकता (अग्नि पंचक दोष) उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में तथा विवाह हस्त में भी (राहु वेध दोष युक्त)।

रविवार-16,फरवरी: विवाह अतिआवश्यकता में हस्त में (राहु वेध दोष) व चित्रा में (भुजंगपात व शनि वेध दोष)।

**वारकृत्य कार्य** रविवार को सामान्य रूप से राज्याभिषेक, उत्सव, (गाना बजाना), नई सवारी (वायुयान आदि) का प्रयोग, यात्रा, नौकरी, पशु क्रय-विक्रय, सोना, ताम्बा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, औषध व जड़ी-बूटी आदि का संग्रह व प्रयोग, शिक्षा-दीक्षा, लेना-देना, अस्त्र-शस्त्र व अग्नि सम्बन्धी कार्य, न्यायिक परामर्श तथा यज्ञादि मंत्रोपदेश आदि कार्य करने योग्य हैं।

### आज जन्म लेने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (ड, छ, के, को, ह) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि मिथुन है। मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यतः ये जातक नम्र-स्वभाव वाले, बुद्धिमान, तीव्र गति से चलने वाले, विद्वान, बहु मित्रों वाले, पर धार्मिक कार्यों का व्यर्थ प्रदर्शन करने वाले और कुछ क्षुद्र विचार वाले भी होते हैं। इनका भाग्योदय 25 वर्ष की आयु के बाद ही होता है। मिथुन राशि वाले जातकों के खर्चे बहुत बढ़ेंगे। स्वास्थ्य कुछ नरम रहेगा। आय होगी पर परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।

आदिवासी बहुल भाखर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ही नहीं

# 32 पंचायतों में दो पीएचसी, 42 साल में नहीं खुला नया स्वास्थ्य केंद्र

पत्रिका
गिरीश शर्मा
patrika.com

**आबूरोड (सिरोही).** टीएसपी आबूरोड ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सरकारी की ओर से किस कदर अनदेखी की जा रही इसका पता इससे चलता है कि ब्लॉक की 32 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण प्राथमिक चिकित्सा के लिए सिर्फ दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर निर्भर हैं। 42 साल में एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं खुला। उच्च स्तर से नवीन स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एक दर्जन से अधिक बार प्रस्ताव मंगवा लिए जो फाइलों में दफन होकर रह गए। सात पंचायतों वाला आदिवासी बहुल भाखर क्षेत्र तो शुरू से पीएचसी सुविधा से वंचित है। गांवों में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय खोले गए, लेकिन वहां अधिकांश समय चिकित्सकों की कमी रहती है।


1983 में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

### बजट में उम्मीद

उम्मीद की जा रही है कि इस माह पेश होने वाले राज्य के बजट में सरकार प्रस्तावित क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा करेगी। उम्मीद पूरी हुई तो टीएसपी आबूरोड के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी जिसका वे दशकों से इंतजार कर रहे हैं।

### 1983 में खुले थे दो पीएचसी

ब्लॉक में वर्ष 1983 में दो प्राथमिक स्वास्थ्य चनार व देलदर गांव में खुले थे। देलदर अब तहसील मुख्यालय बन गया है। तब से आज तक राज्य में सरकारें बदलती गई, पर नया स्वास्थ्य केंद्र खोलने में किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। जनप्रतिनिधि केवल मांग करने की औपचारिकता तक सीमित रह गए। जिसका दंश आदिवासी व अन्य ग्रामीण झेल रहे हैं। भाखर के जांबुड़ी, मीन तलेटी व आसपास के गांवों में कोई गंभीर बीमार या हादसे में घायल हो जाए तो उनको वाहनों में गुजरात के अंबाजी होकर आबूरोड स्थित सरकारी अस्पताल लाना पड़ता है। इसमें दो घंटे तक लग जाते हैं। जिससे बीमार व घायल की जान को खतरा बना रहता है। बोरीबुज, बूजा, दोयतरा तो ऐसे गांव है जहां से रात में पविहन के साधन भी नहीं मिलते।

### भिजवाया है प्रस्ताव

ब्लॉक के भाखर व अन्य ग्रामीण इलाकों में आठ नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए प्रस्ताव भिजवाए हैं। वर्तमान में चनार व देलदर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है।
**-डॉ. गौतम मोरारका,** बीसीएमओ, आबूरोड खंड

पाली रेलवे स्टेशन का 261 करोड़ से किया जाना है पुनर्विकास

# शिलान्यास होने के एक साल बाद भी अभी तक एक पत्थर नहीं रखा

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पाली.** शहर में 140 साल पहले अंग्रेजों के जमाने में बना रेलवे स्टेशन पाली-मारवाड़। जिसके पुनर्विकास का कार्य दिसंबर 2023 के पहले शुरू होना था और प्रधानमंत्री ने जिसके पुनर्विकास के लिए 26 फरवरी 2024 को वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया था। वहां अभी तक एक पत्थर तक नहीं रखा जा सका है।

रेलवे स्टेशन का कार्य पहले नक्शा पास नहीं होने के कारण अटका। उच्च अधिकारियों के पास से स्वीकृति नहीं आने के कारण अभी तक रेलवे स्टेशन पर एक पत्थर तक नहीं रखा जा सका है। कार्य कब शुरू होगा? इसका रेलवे अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों तक के पास एक ही जवाब है, जल्द कार्य शुरू करवाया जाएगा।

वह प्रोसेस में है। इसमे यह भी कहा जा रहा है पहले तैयार किए गए नक्शे में दोहरी रेलवे लाइन का प्रावधान नहीं किया गया था। अब दोहरी रेल लाइन के तहत निर्माण करवाया जाएगा या प्लेटफार्म से पहले दोहरी रेलवे लाइन डाली जाएगी। जिससे बाद में परेशानी नहीं हो। पाली रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण को लेकर तीन नक्शे बनाकर रेल बोर्ड को भेजे गए थे। उन नक्शों में से एक को लगभग स्वीकृत माना गया। नए रेलवे स्टेशन के नक्शे में दो द्वार बनाए जाने प्रस्तावित हैं। एक वृद्धाश्रम की तरफ और दूसरा मुख्य शहर के सुभाष सर्किल की तरफ।



पाली का रेलवे स्टेशन। पत्रिका

### यह होगा नए स्टेशन पर

नए स्टेशन पर एयर कोनकॉर्स, कवर्ड प्लेटफार्म, लिफ्ट व एस्केलेटर की सुविधा होगी। इसके साथ ही फुट ओवरब्रिज, अत्याधुनिक सुविधाओं वाला वेटिंग रूम, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज, उन्नत व मानक स्तर की लाइटिंग, फुड कोर्ट होंगे। पार्किंग सुविधा। दिव्यांगों के लिए सुविधाएं होंगी। स्टेशन पर हर जगह का पता संकेतकों से लग जाएगा। बैगेज स्कैनर, मैटल डिटेक्टर तथा कोच गाइडेन्स बोर्ड व ट्रेन इन्डिकेटर भी नए रेलवे स्टेशन पर होंगे।

### जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

रेलवे बोर्ड स्तर पर स्टेशन के नवीनीकरण को लेकर कार्य अंतिम चरण में है। वह पूरा होते ही निविदा व आगे की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
**विकास खेड़ा,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जोधपुर, रेलवे

### कार्य प्रगति पर है

पाली रेलवे स्टेशन को लेकर कार्य प्रगति पर है। वह पूरा होने पर इसका नवीनीकरण जल्द शुरू करवाया जाएगा।
**पीपी चौधरी,** सांसद, पाली

# चार माह बाद एम्स में शुरू हो जाएगी 100 बेड की बर्न यूनिट

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** गुरुवार शाम बासनी औद्योगिक क्षेत्र में एक श्रमिक का पैर फिसल कर गर्म कास्टिक टब में चला गया था। उसके जलने पर साथी श्रमिक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर की इमरजेंसी लेकर पहुंचे, लेकिन यहां बर्न यूनिट नहीं होने पर मरीज को महात्मा गांधी अस्पताल रैफर करना पड़ा था।

बासनी औद्योगिक क्षेत्र में आए दिन श्रमिकों के जलने और झुलसने के मामले होते हैं, लेकिन उन्हें ठेठ दूर गांधी अस्पताल आना पड़ता है। एम्स प्रशासन का कहना है कि उसने निर्माणाधीन ट्रोमा सेंटर में बड़ी बर्न यूनिट बनाई है। पूरा ट्रोमा सेंटर 400 बेड का है, जिसमें से 100 बेड की बर्न यूनिट रखी गई है।

ट्रोमा सेंटर फेज में शुरू होगा। इसका प्रथम फेज जुलाई में पूरा होने की उम्मीद है। जुलाई में ही बर्न यूनिट शुरू कर दी जाएगी, तब जाकर पश्चिमी राजस्थान में झुलसने और जलने वाले मरीजों को राहत मिल सकेगी।



### केवल 20 बेड की है बर्न यूनिट

वर्तमान में पश्चिमी राजस्थान में डॉ. सम्पूर्णानंद मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित महात्मा गांधी अस्पताल में ही बर्न यूनिट है, जो 20 बेड की है। यहां महीने में करीब पचास मरीज आ जाते हैं। बर्न यूनिट का संचालन प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अंतर्गत किया जाता है। एम्स में भी प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अधीन ही आधुनिक बर्न यूनिट संचालित होगी।

# नकली घी की फैक्ट्री पर पुलिस की रेड, एक टन नकली घी बरामद

### चार आरोपी गिरफ्तार

**सांचौर @ पत्रिका.** क्षेत्र के सिद्धेश्वर सरहद में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर नकली घी की फैक्ट्री पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान एक हजार लीटर से ज्यादा नकली घी बरामद किया गया। घटना की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार परमार भी मौकास्थल पर पहुंचे। जिन्होंने नकली घी के सैंपल भरे। वहीं फर्जी तरीके से बनाए गए घी को जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद परमार ने बताया कि फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट और सांचौर पुलिस ने हाड़ेचा रोड स्थित सिद्धेश्वर में नकली घी बनाने वाली मोमाई मिल्क डेयरी नाम से टीनशैड में संचालित की जा रही फैक्ट्री पर छापेमारी की।

पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री से 72 टिन नकली घी, 73 टिन वनस्पति घी और सोयाबीन तेल के साथ 35 नकली एगमार्क लेबल बरामद किए गए हैं। इसके अलावा पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली डाई और एसेंस केमिकल भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया प्रतिष्ठित ब्रांड्स के नाम पर नकली घी तैयार किया जा रहा है। जिसकी सूचना पर गुरुवार देर रात छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस दौरान नकली घी में इस्तेमाल होने वाली डाई और एसेंस केमिकल भी जब्त किए गए हैं।



### 10 मिनट देरी होती तो खाली हाथ लौटते

नकली घी की फैक्ट्री संचालित करने वाले लोगों द्वारा घी से भरे टीन को ट्रोलों में भरा जा रहा था, जिसे बाड़मेर सप्लाई करने की थी तैयारी हो रही थी। इस दौरान पुलिस व विभाग की टीम ने अचानक धावा बोल दिया। जिस पर फैक्ट्री में एक ट्रोला खड़ा मिला। जिसमें नकली घी के टिन लोड किए जा रहे थे।

कार्यवाही के दौरान छापे में सरस, अमूल समेत करीब 10 कंपनियों के नाम से घी और कच्चा माल बरामद किया। पुलिस द्वारा उक्त कार्यवाही दस मिनट बाद कार्यवाही होती तो आरोपी टोले में माल भरकर पार कर लेते।

# ब्रीडिंग सेंटर में मादा गोडावण की मौत, कारणों की होगी जांच

### सुदासरी ब्रीडिंग सेंटर का मामला

**जैसलमेर @ पत्रिका.** जिले के सुदासरी ब्रीडिंग सेंटर में एक मादा गोडावण की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उसके शव से सेम्पल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए देहरादून स्थित लैब में भिजवाया जाएगा ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके। मृत गोडावण का प्रोटोकॉल के अनुसार अंतिम संस्कार करवाया गया। इस साढ़े पांच वर्षीया मादा गोडावण के सिर पर चोट का निशान मिला, जिससे यह माना जा रहा है कि संभवतः उसने उड़ने की कोशिश की और पिंजरे से टकरा गई। इसके अलावा ह्रदयाघात से भी मौत होने की आशंका जताई। वर्ष 2019 में सुदासरी विचरण क्षेत्र में गोडावण का अंडा मिला था। ब्रीडिंग सेंटर में उसकी हेचिंग करवाए जाने पर इस मादा गोडावण का जन्म हुआ था। राष्ट्रीय मरु उद्यान के उप वन संरक्षक ब्रजमोहन गुप्ता ने बताया कि मृत मादा गोडावण के सेम्पल को जांच के लिए भेजा जाएगा।



# किशोरी के अपहरण व बलात्कार के अभियुक्त को 20 साल की कैद

**भीलवाड़ा @ पत्रिका.** विशिष्ट न्यायालधीश संख्या एक देवेन्द्रसिंह नागर (पॉक्सो मामलात) ने किशोरी का अपहरण कर बलात्कार के डेढ़ साल पुराने मामले में शुक्रवार को प्रभुलाल अहीर को दोषी माना। उसे बीस साल की सजा सुनाई। वहीं 95 हजार रुपए जुर्माना अदा करने के आदेश दिए। प्रकरण के अनुसार 20 जून 2023 को एक व्यक्ति ने बिजौलियां थाने में मामला दर्ज कराया। परिवादी ने बताया कि 19 जून 23 को वह और पत्नी रिश्तेदारी में खाना खाने पडोस के गांव गए थे। पीछे उसकी 14 वर्षीय पुत्री व 11 वर्षीय पुत्र निकट ही बाड़े में मवेशियों को चारा खिलाने गए। वहां अभियुक्त प्रभुलाल किशोरी को अगवा कर ले गया।

# सोलर प्लांट लगने से किसानों को मिल सकेगी निर्बाध बिजली

**भीनमाल @ पत्रिका.** बालसमंद बांध, नरता व मोदरा जीएसएस से जुडे किसानों व उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। किसानों को सोलर प्लांट लगने से निर्बाध बिजली मिल सकेगी। वहीं डिस्कॉम के लिए इन जीएसएस पर बढने वाला लोड भी कम होगा। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत इन तीनों जीएसएस के पास सोलर प्लांट लगाने के लिए स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही सोलर प्लाटों के निर्माण का कार्य कंपनी की ओर से शुरू किया जाएगा। इन सोलर प्लांटों के लिए निवेशकों की ओर से करोड़ो की राशि निवेश की जाएगी। वहीं सोलर प्लांटों से जीएसएस को सुगम बिजली आपूर्ति हो सकेगी।

### 2.50 मेगावाट के लगेंगे सोलर प्लांट

कुसुम योजना के तहत बालसमंद बांध, नरता जीएसएस के पास 2.50 मेगावाट व मोदरा जीएसएस के पास करीब 3 मेगावाट का सोलर एनर्जी प्लांट लगाने की स्वीकृति मिल गई है। निवेशक किसान व कंपनी की ओर से जल्द ही सोलर प्लांट लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। सोलर प्लांट तैयार होने के बाद जीएसएस से जुडे किसानों को निर्बाध बिजली मिल सकेगी। 7 करोड़ की राशि- डिस्कॉम के अनुसार सोलर एनर्जी प्लांट पर प्रति मेगावाट 3 करोड़ की लागत आती है।

# चावल की बिल्टी,कंटेनर में मिला 7 हजार किलो डोडा

**जोधपुर.** पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर दौसा जिले की मानपुर थाना पुलिस ने कंटेनर से सात हजार किलो डोडा पोस्त जब्त कर तीन को गिरफ्तार किया। तस्कर कार से कंटेनर को एस्कॉर्ट कर रहे थे। कार भी जब्त की गई । 15 करोड़ का यह मादक पदार्थ झारखण्ड में रांची से जोधपुर जिले के बालेसर ले जा रहे थे। एडीजी दिनेश एमएन के अनुसार कंटेनर में मादक पदार्थ की सूचना मिलीथी। पुलिस ने नाकाबंदी व तलाशी के दौरान एमपी नम्बर की लग्जरी कार व पीछे आ रहे कंटेनर को रोका। कंटेनर में प्लास्टिक के 386 कट्टों में 7002 किलो 710 ग्राम डोडा पोस्त मिला। भोपाल में अन्नासागर निवासी कंटेनर चालक सोनू निशाद (35) व खलासी मनोज सिंह बैरवा (32) और उज्जैन के प्रकाश नगर निवासी एसयूवी चालक हेमराज उर्फ बबलू बैरवा को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया।

# साप्ताहिक फलादेश 09 से 15 फरवरी, 2025

पं. अमर डब्बावाला (त्रिवेदी) ज्योतिषाचार्य

### मेष
(चू, च, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)

**आर्द्रा** नक्षत्र में आरंभ यह सप्ताह भाई-बहनों के माध्यम से रुके कार्यों में प्रगति के योग बनाएगा। आर्थिक अनुकूलता के चलते सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। व्यापार में मिश्रित धातुओं का बाजार बेहतर लाभ दे सकता है। महिलाओं और विद्यार्थियों को योग्यतानुसार निजी क्षेत्र के अवसर।

**शुभ दिन :** रविवार **शुभ अंक :** 1, 6
**शुभ रंग :** गहरा गुलाबी **दिशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** प्रयासों की गति बढ़ाते हुए लाभ लें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**राशि** पर चन्द्रमा का गोचर व्यावसायिक मापदण्डों पर गहन चिन्तन करवाएगा। आर्थिक चुनौतियां स्वीकारते हुए निवेश के विकल्प को खोजेंगे। नए प्रयास लाभ दे सकते हैं, ध्यान रखें। व्यापार में करेंसी अप-डाउन से जुड़े व्यापार का लाभ मिल सकता है। नौकरी में उच्च पद के योग बनेंगे।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 8, 9
**शुभ रंग :** जामुनी **दिशा:** मध्यदक्षिण
**विशेष सलाह :** योजनाओं को आर्थिक आकार देने का प्रयास करें।

### सिंह
(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

**अच्छे-अच्छे** अवसरों का आगमन होगा। धन तथा व्यापार के क्षेत्र में परिवर्तन तथा आर्थिक उन्नति का योग बन रहा है। धन लगाने से पूर्व संबंधित विषय का अध्ययन कर लें। व्यापार में फलों से संबंधित बाजार का लाभ मिलेगा। नौकरी में अर्द्धशासकीय सेवाओं का योग बन सकता है।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 1, 3
**शुभ रंग :** बादामी **दिशा:** दक्षिण
**विशेष सलाह :** दीर्घकालिक दृष्किोण रखते हुए निर्णय लें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, री, ता, ती, तू, ते)

**मित्रों** से विदेशी बाजार का मार्गदर्शन मिलेगा। दीर्घकालिक लाभ के लिए बड़ी योजना सोच-समझ कर बनाएं। अवसर आगे भी मिलेंगे, किन्तु कोई त्रुटि न हो, यह ध्यान रखें। टेक्सटाइल्स से जुड़े उद्योग में लाभ की संभावना है। नौकरी में सौन्दर्य प्रसाधन के क्षेत्र में अवसर मिलेगा।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 2, 7
**शुभ रंग :** गहरा पीला **दिशा:** मध्यदक्षिण
**विशेष सलाह :** कुछ मामलों में बड़ों का मार्गदर्शन सहयोग करेगा।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

**चन्द्र** तथा अन्य ग्रहों का सहयोग मिलने से बड़े कार्य होने का क्रम बनेगा। आर्थिक नीति पर जोर देते हुए भविष्य की रूपरेखा तय करेंगे। स्टेटस सिम्बल पर काम करेंगे। व्यापार की शैली बाजार के अनुरूप करने का प्रयास करेंगे। नौकरी में आंशिक परिवर्तन बड़े पद की ओर इशारा कर रहा है।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 6
**शुभ रंग :** कपासी पीला **दिशा:** उत्तर
**विशेष सलाह :** भविष्य की योजनाओं के प्रति जागरूक रहें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**भाग्य** में परिवर्तन का अनुभव होगा। धर्म तथा वरिष्ठों के प्रति मानसिकता बदलेगी। ईश्वरीय सत्ता का अनुभव होगा। कुछ विशिष्ट परिवर्तन करते हुए आगे बढ़ेंगे। व्यापार में नए क्षेत्र में निवेश की योजना बनाएंगे। नौकरी में मनोवांछित उन्नति मिलने से प्रसन्नता होगी। सिविल इंजीनियरिंग से जुड़े क्षेत्र में अवसर।

**शुभ दिन :** शुक्रवार **शुभ अंक :** 5, 7
**शुभ रंग :** सुनहरा **दिशा:** दक्षिण
**विशेष सलाह :** सरलता से सफलता की ओर चिन्तन करें।

### वृषभ
(इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

**कुछ** चुनौतियां सहनशक्ति का परीक्षण करेंगी। धैर्य तथा नियंत्रण के साथ बुधवार तक का समय निकालने की आवश्यकता है। गुरुवार को धन व सम्मान की प्राप्ति संभव है। व्यापार में शुक्रवार के दिन भागीदारी का प्रस्ताव आएगा। नौकरी में वरिष्ठ वर्गों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 1, 5
**शुभ रंग :** समुद्री हरा **दिशा:** मध्यउत्तर
**विशेष सलाह :** सामंजस्य व शर्तों का अनुपालन करें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**कहीं-कहीं** खर्च की अधिकता रहेगी। अनचाहे खर्चों बढ़ सकते हैं। मंगलवार से ग्रहों के परिवर्तन से संतुलन की स्थिति बनेगी। आर्थिक पक्ष सुधरेगा। व्यापार में गुरुवार विशेष निवेश का संकेत कर रहा है। नौकरी में संयुक्त प्रयास के माध्यम से उच्च पद की प्राप्ति के योग हैं।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 3, 6
**शुभ रंग :** हल्का गुलाबी **दिशा:** वायव्य
**विशेष सलाह :** किसी भी तरह के विवाद से बचने का प्रयास करें।

### कन्या
(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

**किसी** नेता के माध्यम से बड़े कार्य होने का योग बन रहा है। मध्य मार्ग का संयोजन करते हुए आगे बढ़ सकते हैं। सभी को साथ में लेकर चलने से अनुकूलता रहेगी। व्यापार में आयुर्वेद से जुड़े बाजार का लाभ मिलेगा। नौकरी में योग्यता के अनुसार पदोन्नति के संकेत हैं।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 2, 5
**शुभ रंग :** गहरा नीला **दिशा:** उत्तर
**विशेष सलाह :** अनुकूलता के लिए अथक प्रयास सफलता देगा।

### वृश्चिक
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू )

**मनमाफिक** वातावरण के न होने से खिन्नता होगी। कुछ मामलों में झल्लाहट का अनुभव होगा। मंगलवार की शाम के बाद प्रसन्नता के साथ कार्य की गति बढ़ेगी। व्यापार में बुधवार को कोई बड़ा प्रपोजल व्यावसायिक गति बढ़ा सकता है। नौकरी में उच्च प्रशासकीय पद के अवसर मिल सकते हैं, प्रयास करें।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 1, 7
**शुभ रंग :** नींबू पीला **दिशा:** मध्यपश्चिम
**विशेष सलाह :** उचित समय पर उचित व्यवहार सफलता देगा।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

**कहीं-कहीं** परिस्थितियां विपरीत नजर आएंगी। चन्द का प्रभाव कुछ चिन्ताओं से निकालने का भी संकेत कर रहा है। अधिक सोचने से बचना आवश्यक है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में गुरुवार के बाद ही नई डील शुरू करें। नौकरी में सामंजस्य बनाकर चलना सही रहेगा।

**शुभ दिन :** शुक्रवार **शुभ अंक :** 4, 8
**शुभ रंग :** समुद्री नीला **दिशा :** दक्षिण
**विशेष सलाह :** कुछ कार्यों को आगे बढ़ाना ही सही रहेगा।

### मीन
(दी, दु, थ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भूमि** अथवा वाहन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आर्थिक पक्ष की प्रबलता के रहते आगे बढ़ सकते हैं। परिवार में बड़ी भूमिका का योग बन रहा है। समाज में भी सम्मान का अवसर मिलेगा। व्यापार में बैंकिंग सेक्टर से जुड़े अल्पकालिक बाजार का लाभ मिलेगा। नौकरी में गैर शैक्षणिक संस्थाओं में अवसर।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 8
**शुभ रंग :** बैंगनी **दिशा :** ईशान
**विशेष सलाह :** परिस्थितियों को समझते हुए निर्णय लें।

### 115 विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे सीएम भजनलाल

# महाकुंभ में राजस्थान सरकार का दरबार



महाकुंभ में देश के सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री अपने परिवार और मंत्रिमंडल सहित स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। स्नान और पूजन के बाद संगम तट पर ही कैबिनेट की बैठक लेकर राज्य के लिए महत्वपूर्ण फैसले ले रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी प्रयागराज पहुंचे। सीएम भजनलाल ने जहां मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ स्नान किया, वहीं सीएम डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक स्नान किया। बाद में भजनलाल ने कैबिनेट की बैठक ली।

प्रयागराज महाकुंभ 2025

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**महाकुंभनगर.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने मंत्रिमंडल के साथ प्रयागराज पहुंचे। यहां सीएम भजनलाल शर्मा ने 115 विधायकों के साथ सेक्टर-6 स्थित राजस्थान सरकार के पवेलियन में कैबिनेट बैठक की।

प्रयागराज में स्नान और दर्शन के बाद मुख्यमंत्री दोपहर में राजस्थान मंडप पहुंचें। दोपहर 2:30 बजे से मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक में राज्य से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री और उनका मंत्रिमंडल राजस्थान मंडप से एयरपोर्ट पहुंचा और शाम 5 बजे प्रयागराज से विशेष विमान से जयपुर के लिए रवाना हो गए।

### 19 जनवरी को प्रयागराज गए थे सीएम भजनलाल

सीएम भजनलाल दूसरी बार महाकुंभ में पवित्र स्नान करने पहुंचे। इससे पहले, वह 19 जनवरी को प्रयागराज पहुंचे थे और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई थी। इसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की थी। सीएम ने लिखा, ''प्रयागराज में आस्था, श्रद्धा और एकता के महासमागम 'महाकुंभ-2025' में पवित्र त्रिवेणी संगम पर आस्था की पावन डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तत्पश्चात, लेटे हनुमान जी के दिव्य दर्शनकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, मंगलमय एवं आरोग्यमय जीवन हेतु प्रार्थना की।''

## उज्जैन सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन के संकल्प के साथ आया हूं प्रयागराज: यादव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**महाकुंभनगर.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकुंभ सनातन संस्कृति का गौरवशाली उत्सव है। विशेष ग्रह नक्षत्रों के शुभ संयोग में होने वाले महाकुंभ में सभी की आस्था का प्रकटीकरण होता है। साथ ही साधु-संतों के सान्निध्य में आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर भी प्राप्त होता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकुंभ में पधारे श्रद्धालुओं को इस सौभाग्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष में प्रत्येक 12 वर्ष में अलग-अलग चार नगरों में होने वाले कुंभ में स्नान का अवसर कई जन्मों



के पुण्य से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वे उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ: 2028 के दिव्य और भव्य आयोजन की तैयारी के संकल्प के साथ प्रयागराज आए हैं। मुख्यमंत्री ने संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की।

### सिंहस्थ के लिए करेंगे अध्ययन

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में धर्म के प्रति आस्था के साथ अनेकों साधु-संतों का सत्संग मिलता है, जिससे जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। वृहस्पति के सिंह राशि में प्रवेश करने पर उज्जयिनी में सिंहस्थ का आयोजन होता है। समुद्र मंथन की आलौकिक घटना से भी इसका संबंध है। आस्था के इस महापर्व में ऋषि-मुनि, श्रद्धालु शामिल होते हैं।

### मोदी-योगी को दी बधाई

**डॉ. यादव** ने महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से उत्तरप्रदेश सरकार ने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया है। विगत दिनों मोदी एवं शाह ने पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

### ऑथर और स्पीकर ने साझा किया आध्यात्मिक अनुभव

## आस्था, सेवा, समर्पण का महायज्ञ है महाकुंभ: शेफाली

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**महाकुंभनगर.** महाकुंभ 2025 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और समर्पण का महायज्ञ है। यह वास्तव में दो प्रकार के लोगों का होता है, वे जो श्रद्धा के साथ आते हैं, और वे जो सेवा में समर्पित होते हैं।

ऑथर और स्पीकर शेफाली वैद्य ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर महाकुंभ को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ उन श्रद्धालुओं का होता है, जो केवल विश्वास के साथ आते हैं। वे, जो संगम में पवित्र स्नान के लिए घंटों प्रतीक्षा करते हैं, जो गंगाजल को संजोकर घर ले जाते हैं। जब वे संगम में डुबकी लगाते हैं, तो मानो वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं, यह विश्वास रखते हुए कि संगम की गोद में समर्पण से उनके जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाएंगे।

उनका कहना है कि महाकुंभ उन सेवकों का भी होता है, जो यहां कुछ मांगने नहीं, बल्कि देने आते हैं। 15,000 सफाई कर्मी, जो करोड़ों श्रद्धालुओं के कदमों के निशान मिटाते हैं, ताकि हर दिन घाट स्वच्छ रहें।

### भारत की आत्मा का स्पंदन है महाकुंभ

**शेफाली** का मानना है कि बाकी लोग, जो महाकुंभ के भव्य आयोजन को देखने, समझने और अनुभव करने आते हैं, वे बस दर्शक हैं। वे इस भव्यता, अनुशासन और दिव्यता को देखकर विस्मित होते हैं, लेकिन महाकुंभ उन्हीं का होता है, जो इसमें श्रद्धा और सेवा के साथ जुड़े होते हैं। महाकुंभ मात्र एक इवेंट नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्पंदन है, जो हर 12 वर्षों में आस्था, भक्ति और सेवा के लिए पुकारता है। यह उनका संगम है, जो भक्ति में डूबते हैं, और उनका भी जो अपना तन-मन-धन समर्पित कर इसे संभव बनाते हैं।

## मिल्कीपुर सीट से भाजपा के पासवान की धमाकेदार जीत

### समाजवादी पार्टी के अजीत दूसरे स्थान पर रहे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अयोध्या**. अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने शानदार जीत हासिल की है। उन्होंने करीब 61,639 वोटों से जीत हासिल की है।

जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने मिल्कीपुर विधानसभा सुरक्षित सीट से करीब 14,5893 वोट प्राप्त किये हैं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने 84,254 वोट हासिल किए है। इनमें आजाद समाज पार्टी 5,439



वोट तथा अन्य को 6,755 वोट मिले हैं। कुल वोट 2,42,341 प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने पार्टी कार्यालय में कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है।

**'सपा का लोकसभा का अहंकार बुरी तरह टूट रहा'** : भाजपा नेता दिनेश शर्मा ने कहा, ''मिल्कीपुर का सकारात्मक परिणाम इस बात का प्रतीक है कि सपा का लोकसभा का अहंकार टूट रहा है। अफवाहों के कारण कई इलाके प्रभावित हुए थे लेकिन अब मिल्कीपुर ने भाजपा के काम को स्वीकार किया है।

### सीएम योगी ने दी बधाई: सीएम

**योगी आदित्यनाथ** ने एक्स पर लिखा, ''मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा की जीत की सभी कार्यकर्ताओं को बधाई। यह विजय पीएम मोदी के नेतृत्व में 'डबल इंजन की भाजपा सरकार' की है। उन्होंने चंद्रभानु पासवान को बधाई दी।

### योगी ने गृह क्षेत्र में किया नवनिर्मित स्कूल भवन व बारातघर का लोकार्पण

## राष्ट्र के निर्माण में समाज की भागीदारी अनिवार्य: योगी



### विद्यार्थियों से संवाद, स्कूल का अवलोकन, पुस्तक का विमोचन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ . देहरादून .** उत्तर प्रदेश (उप्र.) के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मूल निवासी उत्तराखंड के जनपद पौड़ी में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ, यमकेश्वर विकासखंड के अंतर्गत, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर का नव निर्माण, सौंदर्यीकरण कार्य एवं ग्राम पंचुर बारात घर का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर, योगी ने स्कूली बच्चों के साथ संवाद किया एवं विद्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान एक संस्था की वार्षिक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने राजकीय जूनियर हाई स्कूल कांडी व राजकीय प्राथमिक विद्यालय विथ्याणी में भी जाकर विद्यालय का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर में 5वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उन्होंने कहा कि अपने विद्यालय में आकर उन्हें अपार प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। विद्यालय अब एक नए स्वरूप और सुविधाओं से सुसज्जित होकर दिख रहा है। पिछले एक वर्ष में यहां कई महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की गई हैं, जो सराहनीय हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए उत्तराखंड सरकार और मुख्यमंत्री धामी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निजी संस्था द्वारा स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक लैब, वॉशरूम और वर्चुअल क्लास जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

### शिक्षा को प्राथमिकता से बेहतर भविष्य की नींव

**योगी** ने कहा कि पहले सीमित संसाधनों के बावजूद, गुरुजनों ने अनुशासन और समर्पण से उत्कृष्ट कार्य किए हैं। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाल सभाएं, खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित होती थीं, जिनका सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण पर पड़ता था। आज सरकार के साथ निजी संस्थाएं भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग कर विकास में योगदान दे रही हैं। सरकार और समाज मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्य कर रहे हैं, जिससे सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे इन संसाधनों का सदुपयोग कर



बच्चों को दुलारते सीएम योगी।

बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करें। योगी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं होती, बल्कि इसमें समाज की भी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जब समाज शिक्षा को प्राथमिकता देगा और उसमें योगदान देगा, तभी बेहतर और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जा सकेगी।

### शिक्षा को प्राथमिकता बनाने का आह्वान

**धामी** ने मुख्यमंत्री योगी से प्रयागराज से मेरठ तक बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तारित किए जाने का आग्रह किया। उत्तराखंड सरकार विकल्प रहित संकल्प के मंत्र पर कार्य कर रही है और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे शिक्षा को प्राथमिकता बनाएं और निष्ठा साथ अध्ययन करें। जब बच्चे खूब पढ़ेंगे और आगे बढ़ेंगे, तो उत्तराखंड और देश का नाम रोशन होगा।

### संकल्प में विकल्प नहीं: धामी

**समारोह** में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि सीएम योगी उत्तराखंड से हैं और उन्होंने इस विद्यालय में कक्षा-5 तक की शिक्षा ग्रहण की थी। कोई भी जन्म से महान नहीं होता, बल्कि पुरुषार्थ और दृढ़ निश्चय से महानता प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी का जीवन इसका सशक्त प्रमाण है कि संकल्प और परिश्रम से आगे बढ़ा जा सकता है। संकल्प में कोई विकल्प नहीं होना चाहिए।

**योगी के शिक्षक ने की प्रशंसा:** योगी आदित्यनाथ के शिक्षक रहे राजेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि योगी आदित्यनाथ बचपन से ही पढ़ाई और हर क्षेत्र में बहुत ही होनहार थे। उन्होंने अपने गुरुजी के मार्गदर्शन में शिक्षा ग्रहण की और हमेशा उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहे। योगी आदित्यनाथ की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और परिश्रम ही उनकी सफलता की कुंजी है। उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली ने हमेशा प्रेरणा दी है।

### दिल्ली और मिल्कीपुर सीट पर लोकतंत्र की जीत: विहिप

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अयोध्या .** अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी और दिल्ली के प्रत्याशियों को मिली विजय पर विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेन्द्र दास ने कहा कि मिल्कीपुर सुरक्षित विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान की जीत एवं दिल्ली में प्रत्याशियों की जीत पर प्रसन्नता से स्वागत है। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन करने वाली जनता से कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप की अपेक्षा रखती है। विकास और जनहितकारी निर्णय करके हम जनता का भला कर सकते हैं।

### पंचर होने पर चालक बदल रहा था टायर

## महाकुंभ दर्शनार्थियों की कार को मारी टक्कर, दो की मौत

### हादसे में सात घायल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भदोही .** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के महराजगंज क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटका के पास शनिवार सुबह कार को सवारी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटका के पास सड़क की पटरी पर खड़ी कार में एक मैजिक ने पीछे से टक्कर मारी दी।

जानकारी के अनुसार महाकुंभ स्नान के लिए वाराणसी से कार से 11 लोग स्नान के लिए प्रयाग जा रह थे। विक्रमपुर ओवरब्रीज पर कार पंचर हो जाने के बाद चालक टायर बदल रहा




था। इसी दौरान एक यात्री वाहन ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। कार में सवार कुल 11 में 9 लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से दो घायलों दिलीप कुमार पाण्डेय (55) पुत्र कामेश्वर पाण्डेय की सीएचसी कछवां व आशा पाण्डेय (48) पत्नी प्रदीप पाण्डेय की ट्रामा सेंटर वाराणसी में मौत हो गई है। चालक सहित अन्य सवार 7 लोगों का ट्रामा सेंटर वाराणसी में उपचार जारी है।

## बिहार-झारखंड अपडेट
BIHAR-JHARKHAND UPDATE

### नियुक्ति पत्र



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पटना के ऊर्जा सभागार में कृषि विभाग के तहत अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ।

### जीत का जश्न



भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पटना में दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत का जश्न मनाया।

## किसानों के विकास के लिए अभी और कार्य करने बाकी हैं : सोरेन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि खेती-किसानी और कृषि अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। मुख्यमंत्री सोरेन ने शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची परिसर में आयोजित तीन दिवसीय ''एग्रोटेक किसान मेला-2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्य के लिए एग्रीकल्चर एक महत्वपूर्ण विषय है।

झारखंड की 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, ये लोग खेती-बाड़ी के माध्यम से ही अपना जीवन यापन करते हैं। वर्तमान समय में कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की बड़ी भूमिका है। राज्य में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के स्थापित हुए लगभग 45 वर्ष हो चुके हैं। यह विश्वविद्यालय राज्य में किसानों के उत्थान के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से डिग्री प्राप्त कर कई छात्र-छात्राओं ने देश और दुनिया में आज किसानों को बेहतर मार्गदर्शन दे रहे हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट एवं रिसर्च के क्षेत्र में समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है।



### झारखंड पठारी क्षेत्र में बसा हुआ राज्य

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड पठारी क्षेत्र में बसा हुआ राज्य है। वैसे तो प्रत्येक राज्य में खेती-बाड़ी के अलग-अलग पैमाने होते हैं, कहीं सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता है तो कहीं व्यवस्थाओं के बल पर सिंचाई कार्य के लिए पानी पहुंचाया जा रहा है। किसान वर्ग को अन्नदाता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को अपग्रेड करने की दिशा में कई गतिविधियां की जा रही है, किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए अभी और कार्य करने बाकी हैं। राज्य सरकार एक बेहतर समन्वय बनाते हुए किसानों को बेहतर दिशा देने का कार्य करेगी।

### घरेलू विवाद में सरपंच की हत्या

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मधेपुरा.** बिहार में मधेपुरा जिले के सदर प्रखंड में दंपती के बीच चल रहे घरेलू विवाद को सुलझाने गए सरपंच की हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि धुरगांव निवासी गुड्डु और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उनके बीच विवाद सुलझाने गए सरपंच घनश्याम शर्मा (50) को गुड्डू ने दबिया से हमला कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल सरपंच को सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। गुड्डू, सरपंच के बड़े भाई का पोता है।

पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद गुड्डु फरार हो गया। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## दिल्ली तो झांकी है, बिहार बाकी है: जीतनराम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पटना .** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) सुप्रीमो और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रचंड बहुमत आने के रुझान स्पष्ट होने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार बाकी है। उन्होंने कहा कि आज चुनाव परिणाम की घोषणा से तय हो गया है कि 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा सत्ता में आई है।

मांझी ने कहा कि कांग्रेस इस चुनाव में अपनी जमीन तलाशने में फेल रही। बीजेपी दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है, क्योंकि उसने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। आप पार्टी



जीतन राम मांझी।

को बड़ा झटका तब लगा जब आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल बीजेपी के उम्मीदवार से हार गए। आप के कई प्रमुख नेता, अरविंद केजरीवाल सहित पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र सिंह, जिन्होंने शुरुआत में कुछ राउंड तक बढ़त बनाए रखी, आखिरकार बीजेपी के प्रतिद्वंद्वियों के हाथों हार का सामना करना पड़ा। यह भगवा पार्टी की व्यापक जीत है।

## ट्रक की चपेट में आने से बच्चे की मौत, पिता घायल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जमुई.** बिहार में जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से बच्चे की मौत हो गई तथा उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के डोमामरहरा गांव निवासी रवीश कुमार अपने पुत्र राकेश कुमार (05) को मेला दिखाकर बाइक से घर लौट रहे थे। बघधाशा पुल के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में राकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके पिता रवीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

पोलमपोल
भायो

*बड़बोल्या बण आप-दा, खूब जमाया रँग।*
*तोल-मोल के ढँग सूँ, सरजी हारी जँग!!*



# मांगरोल से कजाकिस्तान तक: मेहनत के दम पर रचा स्वर्णिम इतिहास

SUNDAY GUEST EDITOR
संडे गेस्ट एडिटर
@वुमन

**सोच यह:** लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

**सुझाव भेजें**
sunday@in.patrika.com

महेश गौर
patrika.com

**बारां.** अगर जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से आगे बढ़ा जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है। यह कहना है जिले की बेटी प्रियंका का। कजाकिस्तान की राजधानी अल्माटी में 2022 में हुई विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रियंका ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की हैंडबाल अकादमी में उनका चयन हुआ, जिसने कॅरियर को नई दिशा दी।

राज्य सरकार ने मेरी शिक्षा का पूरा खर्च वहन किया, जिससे मैंने बीए तक पढ़ाई बिना किसी तरह के आर्थिक संकट के पूरी की।
**प्रियंका मीणा**

### देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास



### ...कोच की भूमिका बहुत अच्छी रही

**प्रियंका** का कहना है कि मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने में मेरे कोच हैंडबाल संघ बारां के तत्कालीन सचिव प्रहलाद सिंह सोलंकी की खास भूमिका रही। उनके प्रयास से 2016 में मेरा चयन राज्य क्रीडा परिषद में हुआ। अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा परिषद के कोच प्रियदीप सिंह, मनीषा और अनूप सर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। अभी पुलिस कांस्टेबल की नौकरी प्राप्त कर जयपुर की पुलिस टीम में खेल रही हैं।

### अब तक का खेल सफर

**2017** में कर्नाटक, 2018 में हिमाचल, 2019 में महाराष्ट्र और गाजियाबाद में राष्ट्रीय खेल में भाग लिया। 2020 और 2021 में लखनऊ व कानपुर में खेली। 2022 में तेलंगाना और नागपुर में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल। इसके बाद प्रियंका ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने खेल की प्रतिभा को निखारने के लिए लगातार प्रैक्टिस करना शुरू कर दिया।

### जिंदगी का सबसे खास पल

**प्रियंका** का चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ और उन्होंने कजाकिस्तान में हुई विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2022 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद राज्य सरकार ने उन्हें बारां जिला पुलिस में नौकरी दी। अब वह 7 फरवरी से उत्तराखंड में चल रहे टूर्नामेंट में राजस्थान की हैंडबाल टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और राज्य को विजेता बनाने का प्रयास करेंगी।

---

## ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

दिल्ली में खिला कमल, जीत के बाद प्रत्याशियों में मची होड़

2. 

मालीवाल का केजरीवाल पर आरोप, मेरा चरित्र हरण किया

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

### आरएएस मेंस परीक्षा: 19 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस में परीक्षा-2023 के तहत राजस्थान वाणिज्यिक कर अधीनस्थ सेवा (गैर अनुसूचित क्षेत्र) के विभागीय कर्मचारियों के विज्ञापित वर्गवार पदों के विरुद्ध 19 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया है। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 2 जनवरी को घोषित आरएएस मेंस परीक्षा के क्रम में परिणाम जारी किया गया है। विस्तृत सूचना और कट ऑफ मार्क्स वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि आयोग ने पूर्व में 2168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया था।

### खाटूश्यामजी नगरपालिका से मांगी तथ्यात्मक रिपोर्ट

**जयपुर @ पत्रिका.** स्थानीय निकाय विभाग ने सीकर जिले के खाटूश्यामजी में सड़क चौड़ाई सौ फीट करने के लिए नोटिस मामले में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। संजय शर्मा व अन्य ने पुश्तैनी हवेली को अतिक्रमण बताने पर आपत्ति जताते हुए उप निदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग में अपील की थी। इस पर अधिशासी अधिकारी को 13 फरवरी को रिकॉर्ड के साथ बुलाया है। अपीलकर्ता का दावा है कि उनकी पुश्तैनी हवेली, मकान, जिसका उनके पास पट्टा है। इसके बावजूद अतिक्रमी बता दिया गया।

### वीएमओयू में बीएड, एमएससी पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन शुरू

**कोटा @ पत्रिका.** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में प्रवेश सत्र जनवरी 2025 के लिए बीएड व एमएससी वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं भौतिकी पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र शुरू हो गए हैं। इनमें आवेदन की अंतिम तिथि 14 फरवरी है। इन कार्यक्रमों में आवेदन शुल्क 500 रुपए है। निदेशक अकादमिक प्रो. बी. अरुण कुमार ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश का आधार स्नातक के प्राप्तांक रहेंगे। स्नातक मेरिट आधारित प्रवेश के लिए पात्रता, प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध अध्ययन केंद्रों की सूची, सीट, गाइडलाइन, विवरणिका व अन्य संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बीएड पाठ्यक्रम राज्य सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली पीटीईटी 2025 के माध्यम से राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश से संबंधित नहीं है। बीएड पाठ्यक्रम में सिर्फ दूरस्थ माध्यम से बीएड करने के पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

---

**पत्रिका पड़ताल:** कीमती काला पत्थर विवाद की जड़, जांच में खुलेंगी परतें

# खनन कारोबार में नेता, अफसर और अपराधियों की जुगलबंदी

देवेंद्र शर्मा 'शास्त्री'
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश के खनन कारोबार में नेता, अफसर और अपराधियों की जुगलबंदी एक बार नहीं कई बार सामने आ चुकी है। उच्च न्यायालय की ओर से जांच सीबीआइ को सौंपे जाने के बाद भीलवाड़ा के रघुनाथपुरा की तीन खानें अचानक चर्चा में आ गईं। ये वर्षों से कीमती काला ग्रेनाइट उगल रही थीं। पत्रिका ने मामले की पड़ताल की तो साझेदारी की कई परतें उखड़ती चली गईं। खान का मालिक और हिस्सेदार कौन है यह तो जांच में पता चल जाएगा, फिलहाल खान पर रसूखदारों के लठैत नजर रखे हैं। कारोबार की शुरुआत मुंबई कारोबारी और राजसमंद के परमेश्वर जोशी के वर्ष 2009 में साढ़े 13 बीघा जमीन खरीदने से हुई। वर्ष 2011 में ही ब्लैक माउंट प्राइवेट लि. कंपनी का हुआ। इसमें 20% विजय, 20% देवीशंकर और 60% हिस्सेदारी परमेश्वर जोशी की तय हुई। कंपनी के शेयर बंटवारे के बाद कंपनी के नाम अलग-अलग लीज नंबर 66, 67 और 68 का आवंटन किया गया।



फाइल फोटो

### हर दिन निकल रहा था पांच लाख का पत्थर

**हर** दिन तीनों खानों से करीब पांच लाख का ग्रेनाइट काला पत्थर निकल रहा था, जो बाजार में बिक भी रहा था। ऐसे में एक हिस्सेदार के मन में खोट आ गई और दोनों पक्षों में विवाद होने पर पुलिस के एक अधिकारी ने मदद का झांसा देकर अपने एक मातहत को कारोबार में घुसा दिया।

### पीड़ित काटता रहा चक्कर

**खान** से 17 जून 2022 से करोड़ों रुपए के उपकरण खोलकर ले जाना शुरू हुआ। परमेश्वर ने उसी दिन थानाधिकारी करेड़ा को सूचना दी। एसपी और रेंज आइजी को भी अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। आरोप है कि 38 ट्रोलों में खान के उपकरण ले जाए गए। ऐसे में पीड़ित ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने एक अगस्त 2023 को संबंधित पुलिस थाने में मामला दर्ज करने के आदेश दिए। उच्च न्यायालय के आदेश के थाना करेड़ा में मामला दर्ज किया गया।

### रेंट नोट को आधार बनाकर लगा दी एफआर

**मामले** में पुलिस ने एक रेंट नोट के आधार पर एफआर लगा दी है। परमेश्वर का कहना है कि पुलिस का यह रेंट नोट फर्जी है। एफएसएल जांच में यह साबित भी हो चुका है। मामला दर्ज होने के चार दिन बाद ही किसी नेता के कार्यकर्ता धन्नालाल साल्वी से परमेश्वर के खिलाफ थाना सुभाष नगर में एससी,एसटी का मामला दर्ज कराया गया।

---

## उलाहना देने से गुस्साए पति ने कर दी हत्या, गिरफ्तार



**जोधपुर @ पत्रिका.** पारिवारिक विवाद में काका ससुर के घर शादी में जाने से नाराज पति ने माता का थान थानान्तर्गत कीर्ति नगर के हुड़को क्वार्टर स्थित मकान में पाइप से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने पति को शनिवार को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी भंवरसिंह जाखड़ ने बताया कि कीर्ति नगर में हुड़को क्वार्टर निवासी मोनिता उर्फ हीना कलाल (35) की हत्या की गई है। एफएसएल बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलित करवाए गए हैं। शव परिजन को सौंपा गया।
पुलिस का कहना है कि आरोपी गौतम कलाल और परिवार के कुछ सदस्यों में बंटवारे को लेकर विवाद है। गौतम के चाचा के घर में शुक्रवार रात शादी थी। गौतम के घर निमंत्रण दिया था लेकिन कुछ अन्य परिजन को शादी में नहीं बुलाया था। मोनिता रात को शादी में चली गई थी।उसका पति व कुछ अन्य रिश्तेदार घर ही थे। नाराज रिश्तेदारों ने गौतम को उलाहना दिया था। पत्नी देर रात घर लौटकर रसोई में गई तो पति ने लोहे के पाइप से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए और मौके पर ही मौत हो गई।

---

**आदिवासी हिन्दू है के बयान पर फिर जुबानी जंग**

## जयकारों के साथ बेणेश्वर मेले का रंगारंग आगाज


साबला मेले का उद्घाटन करते हुए पीठाधीश्वर।

### मुख्य मेला माघ पूर्णिमा पर 12 को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**साबला(डूंगरपुर).** सोम, माही एवं जाखम के त्रिवेणी संगम स्थल वागड़ प्रयागराज बेणेश्वरधाम पर माघ शुक्ल एकादशी के साथ ही दस दिन मेले का रंगारंग आगाज हुआ। महंत अच्युतानंद व सुराता धाम के रतनगिरी ने विधिवत श्रीराधाकृष्ण मंदिर के शिखर पर संत मावजी के जयघोषों के साथ ध्वजारोहण कर मेले की शुरुआत की, लेकिन मेले के उद्घाटन समारोह में आदिवासी हिन्दू हैं के बयान को लेकर भाजपा और बीएपी के नेता आपस में भिड़ गए। हालात गरमाते देख प्रशासन के लोगों ने किसी तरह मामले को शांत किया। मुख्य मेला माघ पूर्णिमा के दिन 12 फरवरी को भरेगा।
श्रीराधाकृष्ण मंदिर में राज्य सहित गुजरात, मध्यप्रदेश एवं देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे भक्तों के साथ पंडित हिमांशु पंड्या व हरिओम रावल ने मंत्रोच्चारण किया। भगवान श्रीनिष्कलंक की ढोल, नगाड़ों व शंख ध्वनि के बीच पूजा की। भक्तों ने त्रिवेणी संगम स्थल में स्नानकर भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य चढ़ाए।

### संगम में गर्माया सियासी पारा

**उद्घाटन** समारोह आदिवासियों को लेकर सियासी अखाड़ा बन गया। कार्यक्रम में उदयपुर के सांसद भाजपा सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि आदिवासी सनातन से हिंदू धर्म से जुड़ा हुआ है, जो अस्थि विसर्जन, त्रिवेणी में स्नान, पूजा-अर्चना सहित धार्मिक क्रिया-कर्म कर रहा है। सांसद ने राजनीतिक दल का नाम नहीं लेते हुए कहा कि कुछ विचारधारा के लोग आदिवासी को हिंदू नहीं कहते हैं। यह बात छत्तीसगढ़ के एक ईसाई मशीनरी ने कही थी। इधर, सांसद के बयान के दौरान ही बीएपी के आसपुर विधायक उमेश डामोर व कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया। विधायक ने कहा कि मेले में प्रभुत्वजनों का बोलबाला है। यहां सभी राज्यों के लोग आते हैं। ये झारखंड-छत्तीसगढ़ की बात करते हैं। लेकिन विकास के मामले चुप रहते हैं। इधर, सांसद के बयान के बाद काफी देर तक माहौल गर्माया, जिस पर एसडीएम सोनुकुमार, तहसीलदार नारायणलाल डामोर सहित अन्य अधिकारियों ने समझाइश कर शांत किया।

---

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए आदेश**

## क्लिनिकल एक्ट में करवाना होगा पैथ लैब का पंजीकरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अब प्रदेश की सभी पैथ लैब को भी स्थायी पंजीकरण करवाना होगा। इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) को आदेश जारी किए हैं। जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण के तहत ये पंजीकरण किए जाएंगे। पैथ लैब संचालक को आवेदन के समय केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2018 और उसके बाद 2020 में जारी संशोधित अधिसूचना में तय मानकों के अनुरूप यहां सुविधाएं बतानी होगी।
इसके बाद प्राधिकरण 30 दिन में जनसाधारण से इसकी आपत्तियां मांगेगा। आपत्ति करने वाले व्यक्ति को प्राधिकरण के समय लिखित में आपत्ति दर्ज करानी होगी। निदेशक जनस्वास्थ्य की ओर से जारी निर्देश के अनुसार पंजीकरण नहीं करवाने वाली लैब पर कार्यवाही की जाएगी। सभी सीएमएचओ को पंजीकरण और पंजीकरण नहीं करवाने वाली लैब की सूचना हर माह 5 तारीख तक निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

---

**भीलवाड़ा महोत्सव:** सनातन के साथ छाया देशभक्ति का रंग


फोटो स्टोरी

**भीलवाड़ा.** भीलवाड़ा महोत्सव-2025 में सनातन के साथ देशभक्ति का रंग छाया हुआ है। महोत्सव के दूसरे दिन चित्रकूटधाम में कलाकारों का जादू छाया रहा। बहुरुपिया कलाकारों ने भगवान शिव, कान्हा व नारद की जीवंत झांकी पेश की, जो कि खास आकर्षण का केंद्र रही। इसी मंडप में मूर्तिकार ने मिट्टी को आकार दिया तो दर्शक रोमांचित हो उठे। राजेन्द्र मार्ग विद्यालय मैदान परिसर में तिरंगा पतंग उड़ाई तो महोत्सव में जोश दोगुना हो गया। देशभक्ति का जुनून सिर चढ़कर बोला।
फोटो: *अरविन्द हिरण*






---

**10 को पीएम मोदी का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम**

## प्रधानमंत्री को सुनें या कॅरियर मेले का करें आयोजन

### साइबर सुरक्षा संबंधी शिक्षकों को प्रशिक्षण भी इसी दिन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** शिक्षक और प्रधानाचार्य दोनों ही दस फरवरी लेकर असमंजस है कि वे एक ही दिन में तीन बड़े कार्यक्रम का आयोजन कैसे करवाएं।
दरअसल शिक्षा विभाग ने 10 फरवरी को एक ही दिन में तीन आयोजन रख दिए हैं। शिक्षा विभाग ने 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विद्यार्थियों से ऑनलाइन 'परीक्षा पे चर्चा' संवाद का कार्यक्रम हैं। इसी दिन स्कूल शिक्षा परिषद ने कॅरियर मेला का आयोजन करने के निर्देश दे रखे हैं। इतना ही नहीं 10 और 11 फरवरी को सभी पीईईओ तथा उनके अधीनस्थ सभी स्कूलों के छात्रों तथा शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के नए पहलुओं के बारे में ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने के लिए कहा गया है।

### विभिन्न संगठनों में समन्वय का अभाव

**पीएम** का संवाद सभी शिक्षकों तथा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को ऑनलाइन जुड़ना और देखना है। कॅरियर मेले की जिम्मेदारी भी बड़ी है, ऊपर से साइबर सुरक्षा का ऑनलाइन प्रशिक्षण भी लेना है। राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ अरस्तू के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा विभाग के विभिन्न संगठनों में आपस में समन्वय का अभाव है। तिथियों को तय करने के दौरान अधिकारियों को यह देखना चाहिए कि इस दिन कोई और आयोजन तो नहीं है।

---

## सीबीएन की कार्रवाई: चित्तौड़गढ़ में 502 किलोग्राम डोडा-चूरा जब्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** राज्य में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने बड़ी कार्रवाई की। सीबीएन की राज्य इकाई ने चित्तौड़गढ़ जिले में 502.900 किग्रा. डोडा-चूरा की बड़ी खेप जब्त की। यह कार्रवाई कोटा के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल के मार्गदर्शन में की गई।
सीबीएन को चित्तौड़गढ़ के ग्राम तुम्बडिया में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इस आधार पर सीबीएन टीम ने 7 फरवरी को ग्राम तुम्बडिया में मिट्ठुलाल गाडरी के बाड़े में छापा मारा।
इस दौरान वहां से 24 कट्टों में भरा 502.900 किलोग्राम डोडा-चूरा जब्त किया गया। यह डोडा-चूरा दो लग्जरी गाड़ियों में लोड था। टीम ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। सीबीएन अब आरोपियों और तस्करी नेटवर्क की जांच कर रहा है।


जब्त अवैध डोडा-चूरा।

---

**सरिस्का:** तिजारा में जमीन प्रस्तावित, मगर प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन

# पुनर्वास अटका, राजस्व विभाग नहीं दे रहा 690 हेक्टेयर जमीन

### 26 में से 11 गांव पहले चरण में होने थे शिफ्ट, अभी 5 को ही मिल पाई जगह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अलवर.** सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़ रहा है। शावक भी बड़े हो रहे हैं। उन्हें टेरेटरी बनाने के लिए जगह चाहिए, लेकिन इसकी व्यवस्था नहीं हो पा रही है। यह तभी हो सकेगी जब गांवों को विस्थापित कर दिया जाएगा। इसके लिए 690 हेक्टेयर जमीन राजस्व विभाग को वन विभाग के नाम करनी है, जो अब तक नहीं हो पाई। इसी कारण सरिस्का प्रशासन के कदम रुक गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरिस्का के 26 गांवों को बाहर विस्थापित करने का प्लान तैयार किया गया, जिसमें पहले चरण में 11 को बसाना था। 5 गांव विस्थापित कर दिए गए, लेकिन 6 को जगह नहीं मिल पा रही है। इन गांवों में नाथूसर, हरिपुरा, सुकोला, कांकवाड़ी, देवरी और क्रासका शामिल हैं। इन 6 गांवों की जमीन करीब 450 वर्ग किमी में है, जो खाली होने पर टाइगरों की टेरेटरी बनाने के लिए ठीक होगी। बताया जा रहा है कि यह खाली होने वाला एरिया 45 टाइगरों के लिए पर्याप्त होगा। इसे देखते हुए गांवों को दूसरी जगह जमीन देनी थी, जो वन विभाग के नाम हो। इसके लिए प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे मंजूरी अब तक नहीं मिली।


फाइल फोटो

कुछ गांवों के पुनर्वास के लिए जमीन देने का प्रस्ताव राजस्व विभाग के पास गया हुआ है। वहां से मंजूरी के बाद ही अन्य गांवों का भी पुनर्वास होगा।
**– संग्राम सिंह कटियार,** क्षेत्र निदेशक, सरिस्का

### नाथूसर के भी सभी परिवार नहीं हो पाए शिफ्ट

**नाथूसर** गांव के 245 में से 110 लोगों को ही विस्थापित किया गया है। बाकी लोगों को अभी नहीं भेजा गया। हालांकि यह प्रक्रिया अभी चल रही है। कुछ परिवारों ने जमीन की मांग दूसरी जगह की थी। इस पर भी मंथन चल रहा है। रूंध गिदावड़ा में विस्थापित हुए परिवारों को सरिस्का प्रशासन जमीन का अधिकार पत्र देने जा रहा है।

# ड्रोन से निगरानी : एडू के जंगल में विचरण कर रहा 28 हाथियों का दल

**रायगढ़ @ पत्रिका.** गर्मी के जल्दी आने की दस्तक हो चुकी है। जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत छाल रेंज 38 हाथियों की मौजूदगी है। इससे मानव और हाथियों के द्वंद्व का खतरा एक बार मंडरा रहा है। इसमें सबसे अधिक छाल के एडू जंगल में 28 हाथियों का दल मौजूद है। इसमें तीन नर, 19 मादा और 6 हाथी के बच्चे शामिल है। यह दल बीते शुक्रवार की रात से यहां पहुंचा है। हाथियों को लेकर वन अमला ड्रोन से निगरानी रख रहा है। वहीं हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए आसपास के लोगों का अलर्ट किया जा रहा है। साथ ही यह नसीहत भी दी जा रही कि जंगल की ओर नहीं जाए।



# बेटे ने की पिता की नृशंस हत्या, फिर छोटे भाई को कॉल कर कहा- पापा को मार डाला हूं

**अंबिकापुर @ पत्रिका.** लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामडीह में गुरुवार की देर रात एक युवक ने अपने पिता की नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गया। हत्या करने के बाद उसने अपने छोटे भाई को कॉल कर कहा कि पापा को मारकर खत्म कर दिया हूं। सूचना मिलते ही छोटे व मझले भाई घर पहुंचे तो देखा कि पिता मृत हालत में पड़ा है। उसके सिर, चेहरे पर चोट के गंभीर निशान हैं तथा दोनों पैर भी टूटे थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामडीह निवासी हरिहर साय चौहान 50 वर्ष अपने बड़े बेटे अशोक चौहान 27 वर्ष के साथ रह रहा था। उसकी पत्नी पिछले 1 साल से मायके में है। वहीं मझला बेटा संतोष, बहू सोनमतिया व छोटा बेटा आशुतोष चौहान 18 वर्ष पिछले 2 माह से अंबिकापुर में रहकर मजदूरी करते हैं। शुक्रवार की सुबह करीब 8.30 बजे अशोक ने आशुतोष के मोबाइल पर कॉल कर कहा कि उसने पिता की हत्या कर दी है।

### घर पहुंचे तो देखा मृत पड़े थे पिता

सूचना मिलते ही आशुतोष अपने मझले भाई व भाभी के साथ गांव पहुंचा। यहां दरवाजा बाहर से बंद था। दरवाजा खोलकर तीनों भीतर गए तो पिता का शव चादर से ढका हुआ था। चादर हटाकर उन्होंने देखा तो सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे तथा पास में ही खून लगा डंडा, लोहे का पाइप व टूटी हुई टांगी पड़ी थी। इससे उन्हें यह समझते देर नहीं लगी कि डंडे, पाइप व टांगी से मारकर पिता की हत्या की गई है।

**अंधेरगर्दी** सीजीएमएससी व मोक्षित ने मिलकर काटी चांदी

# 55 हजार का फ्रिज ढाई लाख रुपए में खरीदा, भुगतान भी

एक्सक्लूसिव

### मोक्षित कॉर्पोरेशन से जुड़ी एजेंसी ने की सप्लाई

पीलूराम साहू
patrika.com

**रायपुर.** मोक्षित कॉर्पोरेशन दुर्ग ने न केवल अरबों के रीएजेंट सप्लाई में घोटाला किया, जबकि रेफ्रिजरेटर भी बाजार मूल्य से 5 गुना ज्यादा रेट पर सप्लाई किया। बाजार में 55 हजार रुपए में मिलने वाले रेफ्रिजरेटर को 2 लाख 47 हजार 800 रुपए में सप्लाई किया। 2022-23 व 2024 में कुल 1139 रेफ्रिजरेटर 27 करोड़ रुपए में खरीदे गए थे। जबकि इसका बाजार मूल्य महज 5 करोड़ रुपए के आसपास था सीजीएमएससी के अधिकारियों व मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा की गलबहियां प्रदेश में चर्चा में है। अधिकारियों व मोक्षित ने मिलकर रीएजेंट व मेडिकल इक्विपमेंट व रेफ्रिजरेटर सप्लाई में ऐसी चांदी काटी है, जिसकी कोई मिसाल नहीं है। अस्पतालों के लिए रेफ्रिजरेटर की सप्लाई मोक्षित से जुड़े फर्म ने किया था।




### पत्रिका की पड़ताल में खुलासा

**पत्रिका** की पड़ताल में पता चला है कि 247800 कीमत वाले 629 रेफ्रिजरेटर खरीदे गए। इसकी कीमत 15 करोड़ 58 लाख 66 हजार रुपए है। वहीं 2 लाख 30 हजार 100 रुपए कीमत के 510 रेफ्रिजरेटर खरीदे गए।

अस्पतालों में बिना डिमांड के भेजे गए 28 करोड़ रुपए के रीएजेंट खराब हो चुके हैं। इसकी पुष्टि विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के जवाब में हो चुकी है। इस मामले में मोक्षित कॉर्पोरेशन का यह कहना कि रेफ्रिजरेटर नहीं होने से रीएजेंट खराब हुए। जानकारों का कहना है कि रेफ्रिजरेटर सप्लाई में जमकर घोटाला किया गया। अगर रीएजेंट रेफ्रिजरेटर के अभाव में खराब हुआ तो 1139 रेफ्रिजरेटर आखिर कहां गए, ये भी बड़ा सवाल है। इस घोटाले में शामिल सीजीएमएससी के अधिकारियों से एसीबी व ईओडब्ल्यू के अधिकारी बयान ले रहे हैं। मोक्षित के डायरेक्टर चोपड़ा के बयान पर अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, जो भ्रष्टाचार में शामिल थे।

***ब्लड सेल काउंटर मशीन को कर दिया लॉक, ताकि ब्लड जांच न हो :*** *मोक्षित कॉर्पोरेशन ने 2021 व 2022 में 8.83 करोड़ रुपए के 177 ब्लड सेल काउंटर मशीन सप्लाई की थी। जानकारों के अनुसार ये भी ओवररेट था। मोक्षित ने सभी मशीनों को लॉक कर दिया, ताकि मशीन से ब्लड जांच न कर सके और सीजीएमएससी केवल उन्हीं से रीएजेंट खरीद सके। पत्रिका को नेहरू मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों से पता चला कि मोक्षित के कर्मचारी मशीनों को लॉक करने पहुंचे थे, जिसे डॉक्टर समझ गए। उन्होंने इस पर आपत्ति की और मशीन को लॉक नहीं करने दिया। पैथोलॉजी विभाग में करीब तीन मशीन की सप्लाई हुई है। जिला अस्पतालों व सीएचसी ने मशीन लॉक करने की शिकायत सीजीएमएससी के अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।*

दिल्ली में भाजपा की बंपर जीत पर मनाया जश्न

# छल-कपट ज्यादा दिन तक नहीं चलता, अब सुशासन और विकास होगा: सीएम


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत पर प्रदेश भाजपा ने जीत का जश्न मनाया। भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई। जीत को लेकर नेताओं ने बयान भी दिए हैं।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, दिल्ली चुनाव में भाजपा की 27 साल बाद वापसी की सरकार बनाएगी। अब वहां सुशासन और विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास को मूल मंत्र मानकर सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए काम किया है। इसलिए जनता का विश्वास पीएम मोदी और भाजपा पर है। छल-कपट ज्यादा दिन तक चलता नहीं है। भाजपा से ही दिल्ली की प्रगति संभव है, इसलिए जनता ने अपना मत भाजपा को दिया है।

**साव बोले-**

### मोदी की गारंटी पर जनता की मुहर



**उपमुख्यमंत्री** अरुण साव ने ट्वीट कर कहा, दिल्ली की जनता ने ''आप''दा से मुक्ति पाई, मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई। छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक शराब से दौलत का सैलाब खड़ा करने वालों को जनता जनार्दन ने शांति से साफ कर दिया।

**शर्मा बोले-**

### केजरीवाल सरकार को उखाड़ फेंका



**उपमुख्यमंत्री** विजय शर्मा ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर कहा, जिस तरह छत्तीसगढ़ में जिस तरह शराब घोटाला करने वाली कांग्रेस सरकार को जतना ने सत्ता से बाहर किया वैसे ही अब दिल्ली में शराब घोटाला करने वाली केजरीवाल सरकार को जनता ने उखाड़ फेंका है।

### रायपुर में रोड शो, नगर निगम में भी बनाएं ट्रिपल इंजन की सरकार



**रायपुर.** चुनाव प्रचार थमने के एक दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को रायपुर नगर निगम के मेयर और पार्षद प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने के लिए रोड शो किया। रोड शो में मुख्यमंत्री साय ने कहा, नगर निगम में भी जनता भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं। भाजपा अटल विश्वास पत्र के हर वादे को पूरा करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बनते ही मात्र 13 महीनों में विकास की गंगा बहाई गई है, जिससे जनता का भाजपा पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

मुख्यमंत्री साय ने जनता से अपील करते हुए कहा, 11 फरवरी को कमल का बटन दबाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएं और महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे सहित सहित सभी 70 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ रायपुर नगर निगम को दिलाएं।

उन्होंने कहा, जैसे विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाया गया, वैसे ही नगर निगमचुनाव में भी भाजपा को जिताकर कांग्रेस को मजा चखाना है। मुख्यमंत्री का रोड शो भनपुरी से शुरू हुआ, जो विभिन्न वार्डों से होते हुए तेलीबांधा मरीन ड्राइव पर समाप्त हुआ, जहां एक सभा हुई।

# कुश्ती : नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता का भव्य स्वागत पहलवानों के लिए कोई कमी नहीं आने दी जाएगी : दत्ता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता का भरतपुर कुश्ती संघ की ओर से शनिवार को नई मंडी स्थित फार्म हाउस पर भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम रारह बार्डर पर दत्ता का सम्मान किया गया। उसके बाद 17 बार राजस्थान केसरी व स्वर्ण विजेता हाथी पहलवान के अखाड़े, चंद्रवीर पहलवाल और बाबू पहलवान के अखाड़ों पर दत्ता का स्वागत किया गया। राजस्थान कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष यश अग्रवाल ने दत्ता को दुपट्टा व चांदी का साफा पहनाया। भरतपुर के खलीफाओं और पहलवानों की ओर से 51 किलो की माला दत्ता को पहनाई गई। इस अवसर पर राजीव दत्ता ने कहा कि अध्यक्ष के रूप में मेरी पहली प्राथमिकता है कि राजस्थान के कुश्ती खिलाड़ियों को सभी संसाधन उपलब्ध हों। हमारे पहलवानों को किसी भी प्रकार कमी नहीं आने दी जाएगी। 'हर मेला कुश्ती खेला' हो ताकि कुश्ती का प्रचार-प्रसार गांव-गांव ढाणी- ढाणी तक हो सके। जिसकी पहल पर्यटन विभाग की ओर से मरु मेला जैसलमेर से 11 फरवरी से होने जा रही है। दत्ता ने कहा कि महिला पहलवानों को समान अवसर व प्रोत्साहन देने के लिए हम विशेष योजना बनाएंगे। राजस्थान के हर शहर, हर पंचायत पर कुश्ती की नियमित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और कुश्ती के कोच एवं रेफरी को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए नियमित शिविर आयोजित किए जाएंगे। भरतपुर कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश लुहाच ने धन्यवाद भाषण दिया। कार्यक्रम के उपरांत दत्ता ने उत्तराखण्ड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों के लिए राजस्थान की कुश्ती टीम को किट प्रदान कर जीत की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।




### अब जूनियर एथलीटों को नकद इनाम नहीं

**नई दिल्ली@पत्रिका.** अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले जूनियर और सब जूनियर एथलीट्स को अब सरकार से नकद पुरस्कार नहीं मिलेंगे। खेल मंत्रालय के मुताबिक यह बदलाव 1 फरवरी से लागू कर दिया गया है।

### कांग्रेस ने 24 बागियों को छह साल के लिए किया निष्कासित

**रायपुर @ पत्रिका.** शहर कांग्रेस कमेटी ने बागियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 24 बागियों को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

### भागवत कोलकाता पीड़िता के माता-पिता से मिले

**कोलकाता@ पत्रिका.** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को आरजी कर पीड़िता चिकित्सक के माता-पिता से मुलाकात की। उसकी पिछले साल बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी।

### 'राणा के प्रत्यर्पण के लिए प्रयास'

**नई दिल्ली.** वर्ष 2008 में मुंबई हमलों के दोषी तहव्वुर राणा के भारत लाए जाने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत राणा के प्रत्यर्पण को लेकर अमरीकी अधिकारियों के संपर्क में है।

# 11 सरपंच, 750 पंच निर्विरोध

### एक जिपं सदस्य व एक जपं सदस्य भी निर्विरोध

**रायगढ़ @ पत्रिका.** जिले के 11 ग्राम पंचायत के साथ 750 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इन गांवों में आपसी सहमति और प्रतिद्वंदी द्वारा नामांकन जमा नहीं किए जाने पर इस पदों पर यह जनप्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हुए।

एक ओर जहां चुनाव के लिए जोर शोर से चुनावी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जिले में करीब 11 ऐसे पंचायत है, जहां आपसी सहमति से सरपंच का चुनाव किया गया। इसके अलावा जिले में 750 पंच भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसमें घरघोड़ा क्षेत्र के पतरापाली ग्राम पंचायत में अजजा महिला के लिए आरक्षित सीट पर आसमति बसंत कुमार राठिया निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुई। वहीं लैलूंगा के कटकलिया में सुशीला सिदार व ढोरोंबीजा ग्राम पंचायत में भुवनेश्वरी सिदार भी निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुई। साथ ही लोइंग ग्राम पंचायत में मिनाक्षी गुप्ता भी निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुई है। खास बात यह है कि रायगढ़ पूर्वी अंचल के सबसे महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत लोइंग माना जाता है। यह सीट इस बार सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। नामांकन के दौरान तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इसमें पद्मिनी मनोज प्रधान, चंपा चंद्रिका साव व मीनाक्षी गुप्ता ने विधिवत फॉर्म जमा किया था, लेकिन पद्मिनी मनोज प्रधान व चंपा चंद्रिका साव ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इससे मीनाक्षी गुप्ता ग्राम पंचायत लोइंग की निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुई।

### आदेश: सचिवालय से फाइल और दस्तावेज बाहर न जाएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश की राजधानी नई दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के बीच दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने शनिवार को एक आदेश में कहा कि रेकॉर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसकी पूर्व अनुमति के बिना कोई भी फाइल, दस्तावेज या कंप्यूटर दिल्ली सचिवालय से बाहर नहीं ले जाया जाएगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर जीएडी ने सभी विभागों, एजेंसियों और मंत्रिपरिषद के कैंप कार्यालयों को विभाग की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी रेकॉर्ड या फाइल नहीं हटाने का निर्देश दिया है।

**कार्रवाई :** आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त टीम ने ज्वेलरी सहित पांच आरोपियों को पकड़ा

# ट्रेन में 6 लाख के जेवर की चोरी, 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ @ पत्रिका.** टिटलागढ़ पैसेंजर से यात्री के बैग से ज्लेवरी चोरी करने वाले पांच आरोपियों को आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने पकड़ लिया है। आरोपियों से चोरी के माल बरामद है। देर शाम आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा के झारसुगुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत झंडा चौक निवासी सौरभ सिंह पिता स्व. राजेंद्र सिंह (38 वर्ष) गुरुवार को अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी के साथ चकरभाठा गए हुए थे। शादी संपन्न होने के बाद शुक्रवार की सुबह बिलासपुर से टिटलागढ़ पैसेंजर से झारसुगुड़ा के लिए निकले थे। इस बीच चांपा व खरसिया के बीच अज्ञात चोरों ने इनके ट्राली बैग का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 6 लाख रुपए के ज्वेलरी को चोरी कर ली। पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत रायगढ़ जीआरपी से की। जीआरपी ने अपराध दर्ज कर लिया। इस बीच जीआरपी अधिकारियों द्वारा तत्काल आरपीएफ को सूचना देते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। आरपीएफ के गुप्तचर विभाग के निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर ने तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की तालश शुरू की। इस बीच स्टेशनों में लगे सीसीटीवी फुटेज जांच कराने लगे। इधर जीआरपी के सहायक उपनिरीक्षक बी. पाडिग्राही भी आरोपियों की तलाश में किरोड़मलनगर पहुंच कर जांच कर रहे थे। इसी दौरान जिस ट्रेने गुप्तचर विभाग के निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर आ रहे थे, उसी ट्रेने में कुछ संदेही युवक भी ट्रेन में सवार थे। जब ट्रेन किरोड़ीमलनगर पहुंची और उन युवकों की नजर आरपीएफ जवानों पर पड़ी तो वे तत्काल किरोड़ीमलनगर स्टेशन में उतरकर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे आरपीएफ व जीआरपी टीम ने घेराबंदी करते हुए पकड़ा। इस बीच पांच संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे युवक ट्रेन में यात्रियों के बैग से चोरी करते हैं। टिटलागढ़ पैसेंजर में चोरी हुए ज्वेलरी भी इनके पास मिली। जिसे जब्त कर सभी आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रायगढ़ लाया गया और इनके खिलाफ धारा 305 सी बीएनएस कायम करते हुए शनिवार को रायगढ़ कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दो दिन के लिए पुलिस रिमांड में लिया गया है।

### टीम बनाकर देते थे घटना को अंजाम

जीआरपी ने बताया कि ये आरोपी हमेशा पांच लोगों के ग्रुप बनाकर ही चोरी को अंजाम देते थे। ज्यादा महिला यात्रियों को अपना निशाना बनाते थे, जिनके पास बच्चे होते थे। इसमें से एक युवक यात्री का ध्यान भटकाने के लिए बात करते रहता था। दूसरा खड़ा होकर अन्य यात्रियों पर नजर रखता था, तीसरा साइड से धारदार हथिया व पेंचकस से बैग खोलकर सामान निकाल लेता था और पांचवे व्यक्ति को देते हुए चैन बंद करते थे। वहीं अगले ही स्टेशन में उतरकर निकल जाते थे।

## पेज एक का शेष...

### छत्तीसगढ़ में...

सबसे पहले एक व्यक्ति की मौत हुई, इसके बाद दो अन्य लोगों की मौत हो गई। लोगों ने बीमारी से मौत समझकर अंतिम संस्कार कर दिया। शुक्रवार को चार लोगों की मौत के बाद जहरीली शराब पीने से मौत का खुलासा हुआ। मरने वाले वाले सभी एक ही गांव के रहने वाले थे। सूचना के बाद गांव में पहुंची पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला-मध्यम...

**ऐन वक्त पर हुए फैसलों ने पलट दिया चुनाव:** पहले केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के ऐलान और फिर मतदान से ठीक पहले एक फरवरी को बजट में 12 लाख तक की सालाना कमाई वालों की आयकर माफी की घोषणा ने दिल्ली के उस मध्यमवर्ग को गदगद कर दिया जो लोकसभा में तो भाजपा को वोट करता था, लेकिन सब्सिडी वाली योजनाओं के चक्कर में विधानसभा चुनाव में आप को चला जाता था। भाजपा को इसबार पिछली बार से करीब सात फीसदी ज यादा वोट मिले हैं। यह मीडिल क्लास के समर्थन का साफ संकेत है।

**डबल एंटी इन्कमबेंसी से पार नहीं पाए केजरीवाल:** आप को डबल एंटी इन्कमबेंसी झेलनी पड़ी। दस साल से राज्य की सत्ता के खिलाफ नाराजगी तो थी ही, निगम चुनावों में जीत के बाद एक और एंटी इन्कमबेंसी पैदा हो गई। कूड़ा, सफाई, सीवर और कॉलोनियों की समस्याओं का सीधा वास्ता एमसीडी से होता है। इससे पहले भाजपा को यही कीमत चुकानी पड़ती थी। भाजपा जब एमसीडी की सत्ता में होती थी, तब विधानसभा में प्रदर्शन में सुधार के बावजूद कभी कांग्रेस तो कभी आप की सरकार बन जाती थी। गरीबों और मध्यम वर्ग के मसीहा के तौर पर अपनी करिश्माई छवि से पिछले दो चुनावों में 60 से ज्यादा सीटें जीतने वाले केजरीवाल जब शराब घोटाले में जेल गए और फिर 'शीशमहल कांड' में घिरे तो उनकी उस वर्ग में छवि खराब हुई जो उनसे बड़ी क्रांति की उम्मीदें लगाए हुए थे। केजरीवाल जिस जनधारणा (पब्लिक परसेप्शन) के दम पर तीन बार मुख्यमंत्री बने वही पूंजी गंवा बैठे।

**कांग्रेस ने कहा, छल-कपट की राजनीति खारिज:** दिल्ली चुनाव हारने के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री की नीतियों पर मुहर नहीं है बल्कि यह जनादेश केजरीवाल की छल, कपट और उपलब्धियों के अतिशयोक्तिपूर्ण दावों की राजनीति को खारिज करता है। मतदाताओं ने आप के बारह वर्षों के कुशासन पर अपना फैसला सुनाया।'

**अन्ना हजारे बोले, केजरीवाल घोटालों में उलझ गए :** केजरीवाल को सत्ता तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने प्रतिक्रिया दी, 'चुनाव में उम्मीदवारों में मजबूत चरित्र, अच्छे विचार और स्वच्छ छवि होनी चाहिए। लेकिन आप में इसकी कमी है। वे शराब और धन घोटालों में उलझ गए।'

**उपचुनाव: मिल्कीपुर में भाजपा की बड़ी जीत: नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अयोध्या लोकसभा सीट पर हुई हार पर मरहम लगाया है। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु प्रसाद ने सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद को 61710 वोट से हराया। मिल्कीपुर के सपा विधायक अवधेश प्रसाद के अयोध्या से सांसद बनने के कारण उपचुनाव हुआ था। उधर, तमिलनाडु की ईरोड पूर्व विधानसभा सीट पर हुए डीएमके उम्मीदवार वीसी चंद्रिकाकुमार ने जीत दर्ज की।

### पुस्तकें हर...

पुस्तक जीवन की साथी हैं। पुस्तकों से जीवन में नई प्रेरणा मिलती है। बिरला ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कोठारी ने अपने साहित्य और विचारों से सदा ही मानव मन को प्रेरित किया है, पुस्तक मेले में उनकी दोनों कृतियां भी जनसाधारण की मेधा को समृद्ध करेंगी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर और निदेशक युवराज मलिक ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

### बजट सत्र...

**तीन चरणों से गुजरना होगा:** सीतारमण ने आरबीआइ के केंद्रीय निदेशक मंडल के साथ बैठक के बाद कहा कि कैबिनेट ने नए आयकर प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुझे उम्मीद है कि इसे आने वाले सप्ताह में लोकसभा में पेश कर दिया जाएगा। उन्होंने नए आयकर कानून को लागू करने के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा कि इसे अभी तीन महत्वपूर्ण चरणों से गुजरना है।

# पहले कहते थे नहीं कर पाएगी, अब कहते हैं 'लड़की ने कर दिखाया'

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

**सोच यह:** महिलाओं को जिम्मेदारी के साथ अपने व्यक्तित्व के लिए भी रोज समय निकालना चाहिए।

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

ऋतु सक्सेना
patrika.com

**भोपाल.** 13 साल की उम्र में फौजी पिता शहीद हो गए और जब 16 साल की थीं तो मां का भी साया उठ गया। रिश्तेदारों ने मदद से मुंह मोड़ लिया, तो वंदना को जीवन चलाने के लिए बिस्किट और चॉकलेट जैसी सामग्री बेचनी पड़ी, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने पुरुषों के लिए भी कठिन माने जाने वाले खेल में अपना मुकाम बनाया। आज वह मिस इंडिया बॉडी बिल्डर हैं। वंदना मुश्किलों में हिम्मत न छोड़ने की प्रेरणा देती हैं।

### ..लोग मजाक करते थे

**वंदना** की रुचि खेल में थी तो शुरू में क्रिकेट ज्वॉइन किया, लेकिन किट के पैसे नहीं थे, जिससे उसे छोड़ना पड़ा। फिर कराटे में नेशनल गोल्ड जीता और इंटरनेशनल में चयन हुआ, पर पैसे की कमी ने उसे छोड़ने पर मजबूर किया। फिर जिम ज्वॉइन किया, पॉवर लिफ्टिंग की और 2017 में इंटरनेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीता। बॉडी बिल्डिंग शुरू किया तो लोग मजाक उड़ाते थे, लेकिन हार नहीं मानी और आगे बढ़ती गई।

कॉपी के पैसे नहीं होते, तो कबाड़ी से कॉपी लेकर, उसमें लिखा मिटाकर लिखतीं। 10 वीं के बाद फीस नहीं जुटा पाई, तो पढ़ाई छूट गई।

इंदौर की वंदना की जीवन यात्रा, संघर्ष में भी हौसला बढ़ाने वाली है।



वंदना ठाकुर
बॉडी बिल्डर

### 10 साल में मिस इंडिया


**वंदना** मध्य प्रदेश की पहली महिला बॉडी बिल्डर हैं। बॉडी बिल्डिंग में उन्होंने तीनों चैंपियनशिप जीती हैं। एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, इंटरनेशनल प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज जीता। जनवरी 2025 में हुई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में उन्हें मिस इंडिया का खिताब मिला। इससे पहले वह राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग में दो बार गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। वह इंदौर की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। उनका कहना है कि मुझे यहां तक पहुंचने में 10 साल लगे और जो मुझे पीछे खींचते थे, आज वही कहते हैं कि लड़की ने कर दिखाया।

### मेडल तो मिले पर सहयोग नहीं मिला

**वंदना** का कहना है कि देश का नाम रोशन किया है, लेकिन उन्हें सरकार से वह सहयोग नहीं मिल रहा जो मिलना चाहिए। उनका सपना देश के लिए गोल्ड जीतना है, लेकिन इसके लिए ट्रेनिंग और डाइट दोनों चाहिए। हरियाणा, पंजाब जैसी जगहों पर महिलाओं को सरकारी सुविधाएं मिलती हैं, मध्य प्रदेश में भी इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए। अब वह अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं।

## प्रयागराज जाने फिर उमड़ने लगी भीड़, एकादशी पर स्नान करने के लिए सतना रेलवे स्टेशन पर उमड़ा सैलाब

### महाकुंभ में तीर्थयात्रियों का रेला...



ट्रेनें ठसाठस...

ट्रेनों से प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या बीते तीन दिन से बढ़ी है। सतना से होकर गुजरने वाली रेगुलर ट्रेनों और महाकुंभ के लिए चलाई जा रही ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। भीड़ को देखते हुए रीवा से एक स्पेशल ट्रेन प्रयागराज भेजी गई है। यह भी ठसाठस रही। सतना स्टेशन पर दोपहर से ही पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

# रीवा-सतना बॉर्डर पर फंसे वाहन स्टेशन पर पैर रखने जगह नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रीवा.** प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर फिर से तीर्थयात्रियों का रेला उमड़ने का दबाव सैकड़ों किलोमीटर दूर तक पड़ा। प्रयागराज से पहले वाहनों की तादात इतनी हो गई है कि प्रदेश की सीमा पर एक बार फिर रीवा में सोहागी बार्डर और सतना में चित्रकूट बॉर्डर से महाकुंभ जाने वाले वाहनों को रोक दिया दिया गया। रीवा में बॉर्डर सहित होल्डिंग प्वाइंटों पर वाहनों को रोककर धीरे-धीरे उनको प्रयागराज के लिए छोड़ा गया। कुंभ स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन शुक्रवार रात से ही शुरू हो गया था, जिसके चलते रीवा-प्रयागराज हाइवे पर वाहनों की संख्या बढ़ने से भीषण जाम लग गया। रातभर पुलिस ने मशक्कत कर जाम खुलवाया, लेकिन शनिवार सुबह स्थिति और बिगड़ गई। जारी, गौहनिया, नैनी और अन्य स्थानों पर जाम लगने से लगभग 20 किमी तक वाहनों की कतार लग गई। इसके बाद प्रशासन ने रीवा में गढ़, गंगेव, मनगवां और बेला में वाहनों को होल्डिंग प्वाइंट्स पर खड़ा करवा दिया। लाखों श्रद्धालु जाम में फंसने पर कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी विवेक सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई गईं।



### 8 घंटे में गुजरे 14 हजार वाहन

प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को 2 बजे से रात्रि 12 बजे तक सोहागी टोल प्लाजा से करीब 14478 वाहन गुजरे। इसी अनुपात में रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक भी वाहन टोल प्लाजा से गुजरे, जिसकी वजह से वाहनों का लंबा जाम लग गया था। हाइवे पर लगातार वाहनों की संख्या बढ़ रही है और प्रयागराज से कम ही वाहन निकल रहे हैं, जिसके चलते जाम खुलने में समय लग सकता है।

### कटनी: रास्ते में घर लौटने की हिदायत

श्रद्धालुओं को कटनी में ही रोकने का प्रयास किया जा रहा है। भीड़ के चलते रास्ते में ही प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 48 घंटे के लिए नो एंट्री लागू कर दी गई है। कटनी में नेशनल हाइवे-30 पर स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र, पीरबाबा माधव नगर थाना क्षेत्र एवं चाका कुठला थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सुबह से डटे हुए हैं। प्रयागराज जाने वाले वाहनों को रोककर यू टर्न दिया जा रहा है।

### प्रयागराज जा रही बस पलटी, 13 लोग घायल

तीर्थयात्रियों को प्रयागराज ले जा रही यात्री बस एमपी 19 पी 2577 जिले के सभापुर थाना के ऊंचा में पलट गई। शनिवार शाम साढ़े पांच बजे हुए हादसे में 13 लोग घायल हैं। पति-पत्नी समेत चार लोगों को गंभीर चोट आने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### ग्रामीणों ने घेरा तो सार्वजनिक मांगी माफी

# एसडीएम की कार्रवाई से बवाल, विधायक के घर में घुसकर मारपीट का आरोप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मंडला/घुघरी.** घुघरी एसडीएम की कार्रवाई ने तूल पकड़ लिया। खुदाई में लगे जेसीबी चालक के साथ उनकी कथित मारपीट ने गांव में भारी बवाल मचा दिया। आरोप है कि एसडीएम आकिब खान ने जेसीबी चालक के साथ न सिर्फ मारपीट की, बल्कि ग्राम खमतरा में विधायक के घर में घुसकर विवाद भी किया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने एसडीएम को घेर लिया और कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी।

जानकारी अनुसार, एसडीएम आकिब खान शनिवार को खुदाई कार्य में लगी जेसीबी पर कार्रवाई करने पहुंचे थे। जेसीबी चालक को अधिकारियों को देख भागते हुए बिछिया विधायक के भाई, राजा पट्टा के घर में घुसते देखा गया। एसडीएम खान भी उसके पीछे घर में घुस गए और चालक के साथ मारपीट की। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। घटना के बाद, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने आरोप लगाया, एसडीएम बिना किसी अनुमति के उनके घर में घुसे और उनके भाई के चालक के साथ मारपीट की। विधायक ने यह भी कहा, एसडीएम ने बुजुर्ग मां को भी धक्का देकर गिरा दिया। आरोप है कि विधायक के भाई मौके पर पहुंचे तो उनकी कॉलर भी पकड़ ली। जेसीबी चालक अजीत धुर्वे ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।



कोई व्यक्ति अपराध किया है तो उस पर कार्रवाई करनी चाहिए। किसी के घर में घुस मारपीट करना एसडीएम का अधिकार नहीं है। ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए।
**नारायण सिंह पट्टा**, विधायक, बिछिया

### साथियों के साथ मिलकर की वारदात

# बहन को शादी के लिए प्रपोज किया तो भाई ने कर दी युवक की हत्या

**इंदौर@पत्रिका.** बहन को शादी के लिए प्रपोज करने वाले युवक की युवती के भाई ने पांच साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम 7.30 बजे अज्जू (35) पिता राजू निवासी द्वारकापुरी के घर विकास अपने पांच साथियों को लेकर पहुंचा था। उसे शक था कि अज्जू ने उसकी बहन से अभद्रता की है। इस बात पर विकास और उसके साथियों ने अज्जू के साथ जमकर मारपीट की और भाग गए। टीआइ राहुल सिंह राजपूत ने बताया, जांच में पता चला कि अज्जू ने दो दिन पहले आरोपी विकास की बहन को शादी के लिए प्रपोज किया था। इसी के बाद विकास (26) पिता त्रिलोक निवासी श्रद्धा सबूरी और देवा (25) पिता राम सिंह निवासी पंचमुखी ने चार साथियों के साथ घर में घुसकर मारपीट की। दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

### आरोपी का घर था आना-जाना, वारदात के बाद फरार

मामा दिनेश ने बताया, अज्जू माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। मजदूरी कर माता-पिता का पालन-पोषण कर रहा था। वह शरीर से काफी कमजोर था। आरोपी और अज्जू दोनों द्वारकापुरी क्षेत्र में रहते थे, इसलिए घर आना-जाना था। आरोपियों ने उससे जमकर मारपीट की। परिवार व आसपास के लोगों के पहुंचने तक आरोपी फरार हो गए थे।

## न्यूज 2 मिनट में

### हर मंगलवार बिजली कंपनी की जनसुनवाई

**जबलपुर.** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चार संभागों में प्रत्येक मंगलवार 11 बजे से एक बजे के बीच जनसुनवाई होगी। जिसमें शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का प्रयास होगा। जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग के सभी वितरण केंद्र में जनसुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रंगदारी करने वाले को तीन साल की सजा

**इंदौर.** दुकानदार से रंगदारी करने और जानलेवा हमला करने वाले दोषी यश पिता सुरेश को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर की कोर्ट ने डॉक्टर्स की रिपोर्ट के आधार पर माना कि जो हमला किया गया था, उसमें पीड़ित की जान जा सकती थी। इसके चलते कोर्ट ने हत्या के प्रयास की धाराओं में सजा दी है।

### भाई के साथ जा रही महिला को कुचला

**जबलपुर.** जिले के शहपुरा में एक ट्रैक्टर ने शनिवार सुबह बाइक को टक्कर मार दी। उसमें बैठी महिला सीमा व्यास(40) सड़क पर गिरी और ट्रैक्टर उसे कुचलता हुआ निकल गया। हादसे में महिला का भाई दीपक शुक्ला घायल हो गया है। शहपुरा पुलिस के मुताबिक महिला मायके आई थी, भाई उसे बाइक से रेलवे स्टेशन छाड़ने जा रहा था। इस दौरान हादसा हो गया। आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

### मेले से लौट रहे पिता-पुत्र की मौत

**खरगोन.** कसरावद के ग्राम पीपलगोन में शुक्रवार रात बाइक सवार पिता-पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार शाम ग्राम मुलठान हीरापुर रोड पर बाइक सवार शरीफ फकीरा (35) और उनके दो वर्षीय बेटे अयान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, हादसे में दोनों की मौत हो गई। जबकि पत्नी परवीन घायल है।

### टिमरी हत्याकांड: सोशल मीडिया पर जीतू पटवारी ने की टिप्पणी

# करेली में खरीदा नया फोन और सिमकार्ड, पहला फोन भाजयुमो नेता को किया

**जबलपुर @ पत्रिका .** टिमरी हत्याकांड के आरोपियों ने नरसिंहपुर के करेली से नया फोन और सिमकार्ड खरीदा था। इसी से भाजयुमो नेता को फोन किया गया। पुलिस टीम ने मोबाइल और सिम विक्रेता के बयान भी दर्ज किए हैं। साथ ही आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए हैं। इधर, कांग्रेस भी इस मामले में खुलकर सामने आ गई है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक और एक्स पर टिप्पणी की है। इसमें पुलिस पर भाजयुमो नेता को बचाने का आरोप लगाया है। पोस्ट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी टैग किया गया है।



### फोटो में विधायक साथ

फोटो में भाजयुमो नेता और शहर के एक भाजपा विधायक एक साथ नजर आ रहे हैं। पटवारी के दोनों अकाउंट से किए गए इस पोस्ट में एक भाजयुमो नेता पर लाल रंग से गोला भी बनाया गया है।

### जब अपराध का फैलाव होता है...

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट डाली। पोस्ट में दो तस्वीरों को भी लगाया है। पोस्ट में लिखा, 'जब अपराध का फैलाव होता है, बीजेपी एमपी का ही जुड़ाव होता है' आगे लिखा है, जबलपुर के टिमरी में चार युवकों की निर्मम हत्या के आरोपियों को भाजयुमो के पदाधिकारी ने मदद पहुंचाई थी। अब सबूत मिटाने में जुटी पुलिस की भूमिका से इस जघन्य हत्याकाड की निष्पक्ष जांच पर भी संदेह है।

### चिड़ियाघर में बढ़ा भालुओं का कुनबा, तीन और जन्मे... अब पांच शावक



**इंदौर@पत्रिका.** शहर के चिड़ियाघर में जंगली जानवरों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। अब एक और मादा भालू ने तीन बच्चों को जन्म दिया है। शनिवार को मादा भालू के साथ बच्चा अठखेलियां करता नजर आया। प्रबंधन के अनुसार, चिड़ियाघर में अब 5 बच्चों के साथ 8 भालुओं का परिवार हो गया। फोटो- रविंद्र सेठिया

TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज



### रिवर फेस्टिवल: वायलिन की धुनों ने मोहा मन

**महेश्वर.** तीन दिवसीय रिवर फेस्टिवल के समापन पर देश के प्रख्यात कलाकारों ने प्रस्तुति दी। पहले वायलिन की धुनों ने मन मोहा। दूसरी प्रस्तुति मैहर बैंड की हुई। जिसने वाद्य यंत्रों पर संगीत से समा बांधा। पहली प्रस्तुति वायलिन पर अनुप्रिया देवताले ने दी। उन्होंने शास्त्रीय संगीत की अनूठी पेशकश दी।

### वंदे भारत: 7 घंटे में जबलपुर से पहुंचेंगे रायपुर

**जबलपुर.** महाकोशल से अब छत्तीसगढ़ की राजधानी की यात्रा आसान होने उम्मीद बढ़ गई है। जबलपुर से रायपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का संचालन जल्द हो सकता है। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलाई जा सकती है और सात घंटे में लोग रायपुर पहुंच सकेंगे और इतने ही समय में वहां से जबलपुर लौट सकेंगे। रेलवे ने अफसरों को इंटरनल नोटिफिकेशन भेजा है।

### कॉलेज संचालक पर 50 हजार जुर्माना लगाया

**जबलपुर.** नर्सिंग कॉलेज की मान्यता के मामले में बार-बार याचिका दायर करने वाले कॉलेज संचालक पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई। अब तक 6 याचिकाएं लगाए जाने का मामला संज्ञान में आते ही जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने संचालक पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया। साथ ही पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी।

### खरगोन: पर्यटन नगरी के गांवों के 300 बुनकर परिवारों को मिलेगा बढ़ावा, बदलेगी सूरत

# महेश्वर में टेक्सटाइल टूरिज्म; रंग-बिरंगी गलियों से गुजरेंगे पर्यटक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**खरगोन.** पर्यटन नगरी महेश्वर में पर्यटकों की सुविधाओं के लिए नित नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब टेक्सटाइल टूरिज्म विकसित किया जा रहा है। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ग्राम पंचायत लाडवी के ग्राम खारिया, केरियाखेड़ी, बाग केरियाखेड़ी को टेक्सटाइल टूरिज्म विलेज बनाने के लिए दो साल से प्रयास कर रही है। इस संबंध में कलेक्टर भव्या मित्तल के समक्ष राज्य स्तर के सलाहकार नगेन्द्र मेहता द्वारा पूरी परियोजना का प्रस्तुतिकरण किया गया। पर्यटन के नोडल अधिकारी नीरज अमझरे ने बताया, ग्राम पंचायत लाडवी में लगभग 300 बुनकर रहते हैं। इनके द्वारा शासकीय शेड एवं घरों में हथकरघा के माध्यम से माहेश्वरी साड़ी का निर्माण किया जा रहा है। पर्यटकों को हथकरघा पर समक्ष में साड़ी निर्माण देखने, धागों की रंगाई सहित जीवन शैली से रूबरू होने के लिए गांव भ्रमण की परियोजना बनाई जा रही है। इसके लिए भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा जल्द परियोजना को स्वीकृति मिलने की संभावना है।





### घरों में रंगरोगन कर मांडनों से सजाया जाएगा

जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह ने बताय, इस परियोजना में ग्राम के समस्त घरों को रंगों एवं मांडनों से सजाया जाएगा। ग्राम में भव्य प्रवेश द्वार, साईनेज, बगीचा, रोड, सुविधाघर, पार्किंग स्थल, स्ट्रीट लाइट, केफैटेरिया के साथ ही बुनकरों को सीधे पर्यटकों से मिलाते हुए उनकी आय में वृद्धि की जाएगी। कलेक्टर मित्तल ने राजस्व अमले को निर्देश देते हुए नजरी नक्शा, स्टेशन मैप एवं भूमि आवंटन संबंधी कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने परियोजना से एक किमी दूर स्थित मां नर्मदा नदी पर पहुंचने के रास्ते की मरम्मत करने के निर्देश दिए ताकि पर्यटकों को नर्मदा दर्शन, स्नान का लाभ भी मिल सके।


### चंदेरी के प्राणपुर को मिला बेस्ट टूरिज्म अवॉर्ड

सलाहकार मेहता ने बताया, अशोकनगर के चंदेरी के समीप स्थित ग्राम प्राणपुर में वे इस प्रकार का कार्य कर चुके हैं। अब हजारों की संख्या में पर्यटक इस ग्राम में भ्रमण के लिए आ रहे हैं। इस ग्राम को भारत सरकार द्वारा बेस्ट टूरिज्म विलेज का खिताब भी प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायत लाडवी के लिए राज्य स्तर से आए आर्किटेक्ट सुयश साहू ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा मड हाउस निर्माण क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत लाडवी के घरों को वास्तविक स्वरूप में रखते हुए सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

### राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री, अधिकतम में बढ़ोतरी

**भोपाल@पत्रिका.** प्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। उत्तरी हवाओं के कारण रात में सर्दी का दौर जारी है। शनिवार को भी प्रदेश में राजगढ़ सबसे सर्द रहा और यहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया, इसी प्रकार 16 स्थानों पर तापमान 10 डिग्री से कम रहे। दूसरी ओर तेज धूप और हवा में बार-बार हो रहे बदलाव के कारण अधिकतम तापमानों में अनेक स्थानों पर 2 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। इन दिनों मौसम का रूख बार-बार बदल रहा है। एक बार फिर दिन के तापमानों में बढ़ोतरी का क्रम शुरू हो गया है। ऐसे में अगले चार पांच दिन तापमानों में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होने की संभावना है, ऐसे में तापमानों में फिर बढ़ोतरी की संभावना है।

स्पंदन



गुलाब कोठारी

लेखक पत्रिका समूह के प्रधान संपादक हैं

# संकल्प-1



जीवन विकल्पों का अथाह सागर है। अनन्त विषयों के बीच जीता हुआ व्यक्ति इन विकल्पों के माध्यम से स्वयं को अभिव्यक्त करने का प्रयास करता रहता है। इन्हीं में अपना प्रतिबिम्ब ढूंढ़ता रहता है। जिस प्रकार सत्य केवल एक होता है और झूठ के अनेक रूप होते हैं, वैसे ही विकल्पों के भी अनेक रूप होते हैं। इनको एक रूप में परिभाषित करने के लिए संकल्प किया जाता है। इस संकल्प के साथ विकल्पों में ठहराव आ जाता है। जीवन की दिशा तय हो जाती है।

दो प्रकार के लोग होते हैं– बुद्धिजीवी और हृदयजीवी। बुद्धिजीवी अपने तर्क के सहारे निर्णय करते हैं और हृदयजीवी अपने भावनात्मक धरातल के सहारे। औसतन पुरुष बुद्धिजीवी की श्रेणी में आता है और स्त्री हृदयजीवी की श्रेणी में। चिन्तन, मनन, ध्यान आदि पुरुष के लिए सहज मार्ग होता है। स्त्री को बहुत कठिन अभ्यास करना पड़ता है। भक्ति के क्षेत्र में स्त्री अतिशीघ्र प्रवेश कर लेती है। पुरुष सहजता से भक्तिलीन नहीं हो सकता। गृहस्थ जीवन ज्ञान और भक्ति की ही पाठशाला है। यह ज्ञान और कर्म के संतुलन का वातावरण देता है।

जब संकल्प की बात आती है, तब बुद्धि और हृदयजीवी की प्रतिक्रिया भिन्न-भिन्न रहती है। दोनों पर संकल्प का एक-सा प्रभाव नहीं पड़ता। संकल्प बुद्धिजीवी के तर्क में उलझ जाता है और हृदयजीवी की भावनाओं में बहकर छूट जाता है। बुद्धिजीवी संकल्पों के विकल्पों में खो जाता है। संकल्प के माध्यम से जो परिवर्तन उसके मन में हो जाना चाहिए, वह हो नहीं पाता। संकल्प का संदेश उसके मन तक पहुंचता ही नहीं। बुद्धि में ही टकराता रहता है। उसके चिन्तन में इतना अवरोध पैदा कर देता है कि वह विषय को भी शायद छू नहीं पाता। विषय के प्रति विरोधाभास भी पैदा करता है अथवा मन की किसी अभिव्यक्ति को दबाने का प्रयास करता रहता है। 'अब मुझे ऐसा नहीं करना है।' यह भाव प्रधान रूप से आवरित करता है।

मन में इच्छा उठ रही है। बुद्धि कहती है कि ऐसा नहीं करना है, संघर्ष छिड़ जाता है। बार-बार इच्छा उठती है, बार-बार दबाने का प्रयास होता है। जीवन में एक नई विसंगति पैदा हो जाती है। इच्छा होते हुए भी न कर सकने की ग्लानि भी सहन करनी पड़ती है। दुःख का एक एहसास पैदा हो जाता है। बुद्धि पश्चाताप को जानती ही नहीं। वहां तो बस अहंकार का अंधकार रहता है। दबी हुई इच्छाएं कब किस रूप में फूटेंगी, पता नहीं।

बुद्धि प्रधान संकल्प जीवन की सहजता को भी लील जाता है। संकल्पित विषय जैसे ही सामने आता है व्यक्ति अपने संघर्ष में जुट जाता है। विषय को भूल जाता है। उससे कटकर दूर हो जाता है। 'मुझे संकल्प बनाए रखना है।' इसी भाव को बनाए रखने में लगा रहता है। विचार और मन भिन्न-भिन्न धरातल पर छूट जाते हैं।

इसी प्रकार हृदयजीवी अथवा भाव-प्रधान व्यक्ति का संकल्प सहजता से दृढ़ नहीं होता। इन्द्रियां उसके मन को चंचल बनाए रखती हैं। संकल्प छूटता जाता है। 'आज तो यह कर लेते हैं, कल से संकल्प कर लेंगे।' इस प्रकार के भाव मन को विचलित करते रहते हैं। संकल्प छूटता रहता है। मन पर नियंत्रण कर पाना कठिन प्रतीत होता है। स्त्रियों के परस्पर संवाद और बातचीत के विषयों को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। सौंदर्य के प्रति चिन्तन और भोग की कामना पर भी नियंत्रण कम ही होता है। संकल्प केवल सोच-विचार कर नहीं किया जा सकता। जीवन में वे ही संकल्प दृढ़ हो पाते हैं जो ठोकर खाकर मन में पैदा होते हैं। पश्चाताप के बाद उत्पन्न होते हैं। व्यक्ति के अनुभवों के परिणाम रूप निर्मित होते हैं। इनमें जीवन का चित्रण होता है। ज्ञान का समावेश होता है। उद्देश्य की दिशा होती है। संकल्पहीनता के दुःख को व्यक्ति भोग चुका होता है।

संकल्प की दृढ़ता का दूसरा कारण होता है गुरु अथवा ईश्वर की कृपा। इसके लिए पात्रता चाहिए। पात्रता जैसे-जैसे बढ़ती जाएगी, व्यक्ति संकल्प की ओर प्रवृत्त होता जाएगा। वहां ऊर्जा का परिवर्तन सीधा होता है। आत्मिक धरातल से परिवर्तन होते हैं।

कृष्ण ने गीता में वर्णन किया है कि हमें कभी भी संकल्प नहीं करने चाहिए। संकल्प करते ही मन विकल्पों में उलझने लग जाता है। विचारों का एक नया जाल बनने लग जाता है। व्यक्ति का धरातल छूटने लग जाता है। संकल्प को बनाए रखने के लिए वातावरण चाहिए। वातावरण सहज नहीं मिलता। व्यक्ति विषयों के बीच जीता है। वातावरण अनुकूल भी हो और निरन्तर बना रहे। प्रेरणा भी निरन्तर मिलती रहे, तभी जाकर संकल्प सफल हो पाते हैं। यहां गुरुजनों के सान्निध्य की भूमिका समझ में आती है। बिरले होते हैं ऐसे लोग जिनको भाग्य से इस प्रकार का सान्निध्य प्राप्त होता है।

सामाजिक संस्कारों से जुड़ा यह स्तंभ नई पीढ़ी को भी पढ़ाएं।

---

लघुकथा

SHORT STORIES

## कभी सोचा ही नहीं



**डॉ. अलका अग्रवाल**

patrika.com

सर्दी बढ़ती जा रही थी। सरिता जी कई दिनों से गोंद के लड्डू बनाने की सोच रही थीं। अभी आटा भूनकर चुकी ही थीं कि डोरबेल बजी। दरवाजा खोला तो उनकी पड़ोसन थीं। घर में प्रवेश करते ही पड़ोसन आशा जी ने कहा,

'घी की खुशबू से घर महक रहा है।'

'हां, गोंद के लड्डू बना रही हूं। सर्दी में खाने ही चाहिए।' सरिता जी ने कहा।

आशा जी रसोई में ही पहुंच गई थीं, बोलीं, 'अरे! इतना आटा और गोंद। इससे तो 2 किलो बन जाएंगे। आप दोनों के लिए बहुत ज्यादा हैं। पड़ोस में बांटने हैं क्या?'


'हां ,ज्यादा हैं, पर दोनों बेटों के घर भेज दूंगी। दोनों बहुओं को नौकरी में फुर्सत कहां मिलती है ?.....फिर मुझे तो सारा सामान इकट्ठा करना ही है, थोड़ा ज्यादा सही। जब तक बना सकते हैं, बच्चों को बनाकर खिलाते रहें। बड़ा संतोष मिलता है। मेरी बहुएं तो कहती हैं कि आप खिला रही हो तो घर की गुझिया, मठरी, गोंद और तिल के लड्डू और अनेक तरह के अचार सब स्वाद से खा रहे हैं। हम लोग तो रोज का खाना बनाने में ही थक जाते हैं।'

आशाजी अपनी बहुओं की शिकायत करके मन हल्का करने आई थीं, लेकिन यहां तो उल्टी गंगा बह रही थी। वे तो अपनी बहुओं से आशा करती थीं कि जब वे आएं तो कुछ बना कर लाएं। उन्हें समझ में आ गया कि क्यों उनकी बहुएं ससुराल आने से बचती हैं। अभी तो उनकी उम्र ही क्या है, जो वे बहुओं से सेवा की अपेक्षा करने लगीं। उन्हें सबक मिल गया था कि मां के हाथ के व्यंजन बेटे-बहू के जीवन में ही नहीं, रिश्तों में भी रस घोल देते हैं। उन्होंने भी निश्चय किया कि वे भी सरिता जी की तरह अपने परिवार में प्यार और खुशियों का अमृत ही बांटेंगी, शिकायतों का जहर नहीं। आखिर इतना तो वे भी कर ही सकती हैं...पर कभी सोचा ही नहीं।

सीख

SHORT STORIES

## अभिमान



**पुष्पेश कुमार पुष्प**

patrika.com

एक कलाकार फिल्मी दुनिया में स्टार बनने के लिए जी - तोड़ मेहनत कर रहा था । उसके इस काम में पूरा परिवार सहयोग कर रहा था। एक भाई उसकी पब्लिसिटी करने में लगा था, तो बहन उसके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में लगी थी। इस प्रकार पूरा परिवार उसे सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ाने में लगा था। वह दिन भी आ गया जब उसकी पहली फिल्म हिट हो गई। वह रातों - रात बुलंदियों के शिखर पर पहुंच गया। स्टार बनते ही वह अपनी दुनिया में मस्त हो गया। वह अपने परिवार के लोगों को उपेक्षा की दृष्टि से देखने लगा। वह समझ गया था कि अब उसे किसी की सहायता की आवश्यकता नहीं। वह स्वयं ख्याति के शिखर पहुंच जाएगा। उसका परिवार उसके लिए बोझ बन गया था। उसे इस बात का अभिमान हो गया था कि परिवार के लोग उसकी प्रतिभा की बदौलत ही अपना पेट पाल रहे हैं । उसने परिवार के लोगों को स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि वे लोग कोई दूसरा काम ढूंढ लें। उस पर आश्रित न रहें।

इस प्रकार उसने परिवार के लोगों से दूरी बना ली। उसे अपनी कला पर घमंड हो गया और उसके अभिनय का स्तर पहले जैसे नहीं रहा। दर्शक उसके अभिनय को नकारने लगे। सफलता की सीढ़ियां चढ़ने के बजाय उसके गर्दिश के दिन आ गए। उसे काम मिलना बंद हो गया। एक दिन ऐसा भी आया जब वह गुमनामी के अंधकार में खो गया।


---

**सप्ताह में एक बार हम चार में से तीन मिलकर चौथे दोस्त के घर जाएंगे, बिल्कुल ऐसे ही। चाय, नाश्ता मिलेगा तो स्वागत करेंगे। नहीं मिलेगा तो बुरा नहीं मानेंगे।**

## मुक्ति

**भगवान अटलानी**

patrika.com



**वे उत्साह से भर उठे। उन्हें लगता है, एकरसता को रंगीन और रोमांचक बनाने का सूत्र लेकर आए हैं, मित्रगण।**

किसी जमाने में मित्र मण्डली में निकटता से जुड़ा था सेवकराम। व्यापार बढ़ा तो सेवकराम की व्यस्तता बढ़ी। यहां तक समझ में आता था लेकिन बढ़ती आय ने उसके अहंकार को भी बढ़ा दिया। हम मध्यमवर्गीय मित्र उसे अपने स्तर से कमतर, अपने आप से बौने महसूस होने लगे। कुछ व्यस्तता और कुछ दृष्टि परिवर्तन, वह धीरे-धीरे हमसे दूर होता गया। शादी-विवाह और अन्य पारिवारिक अवसरों पर सेवकराम को हम हमेशा बुलाते रहे। मजे की बात यह है कि वह आता भी रहा।

यही कारण था कि सामान्यतः 'पुरानी बात नहीं रही' कहने-मानने वाले हम, मित्रगण सेवकराम को 'कभी हमारे दोस्त थे' इस श्रेणी में नहीं रख पाए। हम लोगों की पकी उम्र के कारण चौंकाने वाली स्थिति तो नहीं बनी लेकिन जब उसके देहांत का संदेश आया तो रविजी उदास हो गए हैं। इसलिए सेवकराम की मृत्यु के समाचार के बाद हिचकिचाए बिना उन्होंने निर्णय लिया कि तीसरे दिन की बैठक में जरूर जाएंगे।

बैठक का समय शाम को पांच से साढ़े पांच बजे का था। उन्होंने सोचा, समय पर जाएंगे तो कुर्सी पर बैठना सुनिश्चित हो जाएगा। नीचे बैठने की अनुमति शरीर देता नहीं था। मगर पहुंचने में देर हो गई। कुर्सियां भर चुकी थीं इसलिए वे खड़े हो गए।

पगड़ी बांधने की रस्म पूरी होने के बाद पंडित जी की घोषणा के अनुरूप सेवकराम के बेटे और परिवार जन सभागार के मुख्य द्वार पर जाकर पंक्तिबद्ध खड़े हो गए।

भीड़ अधिक थी। इसलिए पगड़ी की रस्म पूरी होने के बाद धक्का लगने की आशंका को देखते हुए वे कुर्सी पर बैठे रहे और भीड़ कम होने की प्रतीक्षा करने लगे।

लगा कि भीड़ कुछ कम हो गई है तो वे उठकर नमस्कार करते हुए सेवकराम के बेटों और रिश्तेदारों से मिला। पुरजोर कोशिश के बावजूद अनुमान तो लगाया मगर आंखों की नजर के कारण वे किसी को ठीक तरह से पहचान नहीं पाए।

मुस्कुराकर वे पंक्ति की ओर आगे बढ़ने लगे हैं। सामने पहुंचते ही सेवकराम के बेटों ने एक-एक करके उनके पांव छुए। बाहर से चाहे स्वस्थ दिखाई देते हों लेकिन निरन्तर कमजोर होती नजर के कारण वे किसी को पहचान नहीं पाए हैं। वापस लौटने के बाद गुमसुम, अंधेरों में घिरा महसूस कर रहे हैं रविजी अपने आपको। क्यों नहीं पहचान पा रहे हैं वे सच को? क्यों शरीर और मस्तिष्क को एक करके देख रहे हैं वे? जिस सेवकराम की तीसरे दिन की बैठक में जा रहे हैं, उसके सुपरिचित रहे परिवारजनों को वे न पहचान पाएं तो क्षम्य कहेंगे क्या? अपना चेहरा दिखाने गए थे क्या वे सेवकराम की तीसरे दिन की बैठक में? यही करना था तो बैठक से पहले किसी समय उसके घर चले जाते। शायद परिवारजनों के साथ बाहरी लोगों को अपनी उपस्थिति से प्रभावित करने की मानसिकता रही है। पहले ऊपर से लगता था सेवकराम के प्रति जो आत्मीय भाव उनके हृदय में रहा है, जाने का निर्णय केवल और केवल उसका प्रतिफल है। अब लगता है कि नहीं सीमाओं का विस्तार उससे ज्यादा है।

दिन के ग्यारह बजे हैं। मन कुछ उदास है। नहा-धोकर रविजी बालकनी में आ बैठे हैं। तीनों मित्र अचानक उनके कमरे में घुस आए थे। तीनों के कंधों से थर्मस लटके हुए थे। तीनों बैठ गए तो उन्होंने पूछा, 'आज तीनों एक साथ और वह भी यहां?'

'तू तो आता नहीं है। हमने सोचा, तेरे हाल-चाल पूछ आएं।' उनमें से एक ने कहा।

दूसरे ने उनसे पूछ लिया, 'बालकनी में कैसे बैठा था? कमरे में मन नहीं लग रहा था क्या?'

वे थोड़ा अचकचाए और फिर रुक-रुककर अपनी उदासी के बारे में बता गए। तीनों मित्र खामोशी से सुनते रहे। मौन। उनमें से एक ने मौन तोड़ा, 'सच कहूं तो हम सब के मन की हालत भी ऐसी ही है। तेरे पास हम इसीलिए आए हैं।'

'कैसे उभर सकते हैं इस हालत से? कोई उपाय है तुम लोगों के पास?' किंचित व्यग्रता, किंचित ठहराव के साथ उन्होंने पूछा।

एक ने इशारा दिया है। तीनों मित्रों ने अपने-अपने थर्मस से चाय निकालकर ढक्कननुमा कप में डाली। मेज से गिलास उठाकर उनके लिए भी चाय डाल दी।

'सप्ताह में एक बार हम चार में से तीन मिलकर चौथे दोस्त के घर जाएंगे, बिल्कुल ऐसे ही। चाय, नाश्ता मिलेगा तो स्वागत करेंगे। नहीं मिलेगा तो बुरा नहीं मानेंगे। थर्मस में अपने साथ तो चाय लाएंगे ही। एक-दो घंटे गपशप करेंगे। दुख-सुख बांटेंगे। अब तक फोन पर बात होती थी। अब उस तक सीमित नहीं रहेंगे। बोल, है मंजूर?'

वे उत्साह से भर उठे। उन्हें लगता है, एकरसता को रंगीन और रोमांचक बनाने का सूत्र लेकर आए हैं, मित्रगण। अब किसी सेवकराम के तीसरे दिन की बैठक के बहाने और उसके नतीजे के रूप में संत्रास भोगने की जरूरत नहीं पड़ेगी उन्हें। वे खड़े हो गए। उनकी बांहें मित्रों से गले मिलने के लिए अपनी पूरी चौड़ाई में खुल गईं।

---

काव्यांजलि

POEM

## दुनिया की बिसात पर प्रेम

**अतुल चतुर्वेदी**

कौन कहता है दुनिया की बिसात पर
जीता है प्रेम
उसे तो हमेशा घृणा के प्यादों ने
षड्यंत्र के घोड़ों ने चतुर ढाई चाल से
मात दी है
प्रेम के पंथ को कराल कह के
थक गए महाकवि
डगर पनघट की कठिन कह
चेताते रहे
तो भी नहीं माने पागल प्रेमी
उन्हें जुनून था एक खूबसूरत युद्धों से
महफूज दुनिया बसाने का
सबको अपनी उदात्त प्रेमिल बारिश में
भिगोने का
और स्वयं निर्मल धार में भीग जाने का
लेकिन कौन समझता है कोयल की कूक
मोर की पीहू पीहू
चकवे की पीड़ा को
सब समझते हैं चल रहा है जगत
उनके साम दाम दंड भेद से
जबकि सच्चाई यह है कि जो भी है
गर्मजोशी रिश्तों में
बिखरी दिखती है हंसी और गति
यह सब प्रेम रहट से उलीचे
जल का परिणाम है
प्यार तो यूं ही नाहक बदनाम है।

## प्रेम

**बी एल मीणा**

बहुत छोटा सा शब्द है 'प्रेम',
पर जितना छोटा है यह,
विस्तार इसका उतना ही अनंत।
इतना गहरा, कि कोई नाप न सका
इसकी गहराई।

जो प्रेम में डूबा, वो डूबता ही चला गया,
और जो डूबा,
वो बेखबर ही रहा अपनी डुबकी से।
प्रेम का रस ऐसा है,
जो प्यास बुझाकर भी और
प्यास बढ़ा देता है।

जो प्रेम करता है,
उसे लगता है वह ऊंचाइयों को
छू रहा है,
पर असल में वह प्रेम के सागर में,
हर क्षण नया मोती खोज रहा है।

प्रेम की एक सच्चाई है–
यह शर्तों पर नहीं टिकता।
यह वह एहसास है,
जो असुंदर को सुंदर बना देता है।

सूरज के आलोक सा,
यह अंधकार को मिटाकर,
दुनिया को रोशन कर देता है।
प्रेम, बस प्रेम ही है–
निस्वार्थ, अनंत और अजेय।

---

पुस्तक चर्चा

BOOK REVIEW

# बालमन की मासूमियत का अहसास कराती गौरा

**गौरा के गालों में दो फूल खिले हैं**

(काव्य संग्रह)



लेखक
पद्मजा शर्मा

बच्चों का साहित्य रचना कोई बच्चों का खेल नहीं है। ऐसे साहित्य की दो श्रेणियां हुआ करती हैं। एक वह जो सिर्फ बच्चों के लिए हो और एक वह जो बच्चों के विषय में रचा गया साहित्य हो।

इस दृष्टि से विचार किया जाए तो साहित्यकार पद्मजा शर्मा की सद्य प्रकाशित कविता पुस्तक 'गौरा के गालों में दो फूल खिले हैं' बच्चों के बारे में लिखी गई कविताओं का संकलन है। बच्चों की कविताओं का यह संकलन वास्तव में एक नानी का अपनी नातिन के लिए उमड़ा भावनाओं के ज्वार का प्रकटीकरण है। इन कविताओं से गुजरते हुए अनायास ही पाठक गौरा नामक मासूम बच्ची को अपने बहुत ही करीब पाता है। कवयित्री का यह कमाल है कि इस मासूम के बहाने उन्होंने बाल मन को बड़ी संवेदनशीलता से न केवल टटोला और खोला है बल्कि पढ़ने वालों को सफलतापूर्वक इससे रूबरू भी कराया है। यही बड़ी वजह है कि पढ़ने वालों को खुद अपने ही घर-परिवार के मासूमों के क्रियाकलाप का भी अहसास होता रहता है। इन सादा, लेकिन प्रभावी कविताओं के रचना-समय (तारीखों) को अंत में अंकित कर देना इसलिए भी महत्त्वपूर्ण हो गया है कि वयस्क हो जाने पर गौरा को अवश्य ही विचार आएगा कि 'संग्रह की कविताओं में उस समय 'हमारे' विषय में कैसा और क्या कहा गया था'। इस बहाने उसे अपने बचपन में झांकने का अवसर भी मिलेगा और इस तरह ये कविताएं कभी अप्रासंगिक नहीं होंगी। यह एक वास्तविकता है कि हर देश और हर भाषा के बड़े साहित्यकारों ने बच्चों के लिए भी लिखा है तो इस लिए कि बाल साहित्य अपने आप में अत्यंत ही आवश्यक और उपयोगी हुआ करता है। पुस्तक का प्रकाशन और प्रस्तुति प्रभावी है और इसमें दिए गए रेखाचित्र कविताओं के अनुरूप ही प्रासंगिक हैं। 'गौरा के गालों में दो फूल खिले हैं' जहां एक तरफ आम पाठकों को मासूमों की दुनिया में ले जाता है, वहीं बच्चों की क्रीड़ाओं को भी दर्शाता है।

**- हबीब कैफ़ी**

patrika.com

**अपनी रचना भेजिए:** अपनी मौलिक और अप्रकाशित कहानी, कविता और लघुकथाएं हमें इस मेल एड्रेस पर भेजिए-sunday@in.patrika.com ध्यान रखें कहानी-1000 और लघुकथा-250 शब्दों से अधिक नहीं हो।

## सीजनल केयर

बार-बार छींकें आना एलर्जिक जुकाम का संकेत:

# अनदेखी से अस्थमा, कान के रोग का खतरा





डॉ.शुभकाम आर्य
वरिष्ठ ईएनटी रोग विशेषज्ञ
patrika.com

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

*यदि आपको लगातार छींकें आना, नाक से पानी आना, आंख व नाक में खुजली रहना आदि समस्याएं बनी रहती हैं तो यह एलर्जिक राइनाइटिस के लक्षण हो सकते हैं। इनके बने रहने पर सूंघने की क्षमता में कमी, नेजल पॉलिप, कान की बीमारियां व अस्थमा आदि समस्या भी पनप सकती हैं। ऐसे में इन बातों का ध्यान रखें-*

- **पेड़-पौधों** से छोटे कणनुमा पॉलिन्स, एलर्जन्स के रूप में हवा में विचरण करते हैं। सूर्योदय से पहले व सूर्यास्त के बाद वातावरण में इनका स्तर सर्वाधिक रहता है। इसलिए इस समय इनके सम्पर्क में आने से बचें। सूर्य उदय के बाद ही वॉक पर निकलें। कई बार हवा में मौजूद पानी के साथ जमा छोटे-छोटे प्रदूषित कण भी श्वसन नली में सूजन पैदा कर सकते हैं।
- **धूल,** धुआं व ठण्ड से बचें व मास्क पहनें। झाड़ू के बजाय गीले कपड़े से सफाई करें। पर्दे, चादरें, बेडशीट, कालीन को झाड़का के साफ न करें, सीधे पानी में धो लें।
- **रेशेदार** व बाल वाले जानवरों तथा सॉफ्ट टॉयज से दूर रहें।
- **तेज** परफ्यूम, इत्र, अगरबत्ती का धुआं व धूम्रपान से बचें।
- **घर** में अनावश्यक फर्नीचर, गद्दों, फाइलों, किताबों, जूतों व चप्पलों आदि को इकट्ठा न होने दें। दीवारों पर फंगस न जमने दें।
- **एलर्जी** के लक्षण प्रकट होने पर अनदेखी न करें। विशेषज्ञ की सलाह से एंटीएलर्जिक दवाइयां या नेजल स्प्रे से नियंत्रित करें।

## न्यूट्रिशन/डाइट

अंतरराष्ट्रीय दलहन दिवस:10 फरवरी

# दालों को पकाने से पहले 2-3 घंटा पानी में भिगोएं, मिलेगा पूरा पोषण



पूनम तिवारी
आहार विशेषज्ञ
Patrika.com

*रोजाना आहार में दालों का उपयोग बहुत अच्छा है क्योंकि यह प्रोटीन का सोर्स हैं। हमेशा कहा जाता है कि दालों का प्रोटीन अपने आप में अपूर्ण/नाकाफी है। इसका मतलब यह नहीं कि दालों को खाना ही छोड़ दें, बल्कि दालों को खाने का तरीका बदलना होगा। तभी ये सेहत के लिए फायदेमंद हो पाएंगी और भरपूर लाभ शरीर को मिल पाएगा।*

### अनाजों के साथ लें

दाल को अनाजों के साथ मिलाकर सेवन करें। दाल के अलावा इसके बेसन को आटे में मिलाकर या मल्टीग्रेन आटा इस्तेमाल कर इसकी पौष्टिकता बढ़ा सकते हैं।



### नहीं बढ़ता है यूरिक एसिड

दालों के सेवन से यूरिक एसिड नहीं बढ़ता है। इसका सेवन किडनी रोग के मरीज भी कर सकते हैं। बस इसके सेवन का तरीका बदलना होगा। दालों में एक कंपोनेंट होता है फाइटेट। दालों को पकाने से पहले कम से कम 2-3 घंटे पानी में भिगो दें। इससे हानिकारक कंपोनेंट फाइटेट निकल जाता है। किडनी रोगी राजमा, सोयाबीन आदि का सेवन कर सकते हैं।

### भ्रांतियों में न आएं

बहुत से लोग किडनी या यूरिक एसिड के मरीज हो जाने पर दाल खाना बिना डॉक्टर की सलाह ही छोड़ देते हैं। उन्हें लगता है कि दाल से किडनी में स्टोन बढ़ सकते हैं। ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्हें दाल का सेवन करना चाहिए।

### पारंपरिक खानपान अपनाएं

सत्तू, बेसन, भुना चना, मंगोड़ी, पकौड़े, रोटी के रूप में दाल का इस्तेमाल किया जा सकता है। अंकुरित करके भी इसका सेवन कर सकते हैं। इससे यह और ज्यादा पौष्टिक हो जाती है।

### इन रोगों में फायदेमंद


किसी को अगर हाई प्रोटीन डाइट लेने की सलाह दी जाती है तो वह इसका सेवन बताए गए कई तरीकों से कर सकते हैं। इसमें शुगर कंटेंट ज्यादा नहीं होता है। इसलिए डायबिटीज के मरीज भी इसका सेवन कर सकते हैं। वे स्प्राउट्स के रूप में सेवन कर सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। छिलके वाली दाल कब्ज में बहुत फायदेमंद हो सकती है। इनमें एक घुलनशील फाइबर पाया जाता है, जो शरीर से कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में मदद करता है।

### डाइट को पूर्ण करती दाल

अगर आप शाकाहारी डाइट ही लेते हैं तो यह कभी न सोचें कि आपकी डाइट अपूर्ण है। यदि दालों को अनाजों के साथ लिया जाता है तो यह हमारे लिए पर्याप्त प्रोटीन बनकर डाइट को पूर्ण बनाती हैं।

## अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस (10 फरवरी): तनाव से रहें दूर, 7-9 घंटे की नींद लेना है जरूरी

# अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली, बढ़ाएं जीवन की गुणवत्ता





डॉ.आर.के.सुरेका
सीनियर न्यूरो फिजिशियन
प्रेसिडेंट एपिलेप्सी एसोसिएशन ऑफ जयपुर
patrika.com

**07** करोड़ लोग दुनियाभर में मिर्गी रोग से प्रभावित

**1.20** करोड़ मिर्गी मरीजों की संख्या है देश में

**25** फीसदी मिर्गी के मामलों को जागरूकता, सही समय पर उपचार से रोका जा सकता है।

(विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार)

मिर्गी रोग एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें बार-बार दौरे पड़ते हैं। वैसे तो दवा ही मिर्गी का प्राथमिक उपचार है लेकिन दौरों के नियंत्रण के लिए स्वस्थ जीवनशैली भी महत्त्वपूर्ण है, जिससे दौरों की गंभीरता एवं आवृत्ति को कम करने में सहायता हो सकती है। मिर्गी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल फरवरी के दूसरे सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस मनाया जाता है।

### मिर्गी रोगी करें ये परिवर्तन

**1. पर्याप्त नींद लें:** वैसे पर्याप्त नींद हर आदमी के लिए आवश्यक है लेकिन मिर्गी से पीड़ित लोगों के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। नींद की कमी दौरों को ट्रिगर कर सकती है। इसलिए मिर्गी रोगी को 7 से 9 घंटे की नींद लेनी चाहिए एवं शादी-विवाह में रतजगे से बचना चाहिए।

**2. मानसिक तनाव से बचें:** मिर्गी के दौरे के लिए अत्यधिक तनाव एक आम ट्रिगर है। इसलिए मिर्गी रोगी को ध्यान, सांस लेने के व्यायाम, योग आदि अन्य तकनीक सीखने से तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

**3. शराब एवं नशे से बचें:** शराब एवं नशे की दवाई से मिर्गी के दौरे बढ़ सकते हैं। मिर्गी रोगी को शराब एवं प्रतिबंधित नशे की दवाओं के सेवन से बचना चाहिए, जिससे मिर्गी के दौरे की आवृत्ति नहीं होगी।

### संतुलित आहार है उपयोगी

हालांकि मिर्गी रोग के लिए कोई विशेष आहार नहीं होता लेकिन संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने से दौरे की गतिविधि कम हो सकती है। मिर्गी रोगी को भोजन की डायरी रखने से खाद्य पदार्थों से संभावित ट्रिगर्स की पहचान करने में मदद मिलती है। कुछ में किटोजेनिक डाइट (उच्च वसा, पर्याप्त प्रोटीन एवं कम कार्बोहाइड्रेट) भी असरदार होगी।

### दवा के सेवन की शैली

खुराक मिस करना या अचानक अपने आप से दवा बंद कर देने से ब्रेक थ्रू दौरों का खतरा बढ़ जाता है। मिर्गी रोग का इलाज लगातार 3 से 5 साल दवा का सेवन करने से हो सकता है। इसलिए बीच में दवा को कभी बंद नहीं करना चाहिए। महिलाओं को गर्भधारण करने के बाद व बच्चा होने के बाद दवा को बंद नहीं करना चाहिए।

### चिकित्सक से नियमित मिलें

रोगियों को अपने चिकित्सक न्यूरोलोजिस्ट, एपिलेप्टोलोजिस्ट सहित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ नियमित जांच करानी चाहिए। दौरे की गतिविधियों की निगरानी एवं मिर्गी से संबंधित अपनी चिंताएं अथवा भ्रांतियों को दूर करने के लिए आवश्यक है कि चिकित्सक की ओर से बताई गई सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए।

### दौरे पड़ने पर क्या करें?

- **शांत** रहें।
- **दौरे** की अवधि देखें।
- **पीड़ित** व्यक्ति को चोट लगने से बचाएं। (आसपास से हानिकारक सामान हटाएं)
- **सिर** के नीचे तकिया लगाएं
- **(यदि** हो तो) एपिलेप्स आइडेन्टिटी कार्ड ढूंढें।
- **दौरा** खत्म होने पर पीड़ित व्यक्ति को धीरे से रिकवरी पॉजिशन में लिटाएं और सांस लेने में मदद करें।
- **पीड़ित** व्यक्ति को कभी अकेला न छोड़ें या कोशिश करें कि कोई वयस्क उनके साथ हो।
- **किसी** को मदद के लिए बुलाने को कहें।
- **मरीज** के मुंह से झाग साफ करें।
- **मरीज** को पानी न पिलाएं, जूता न सुंघाएं, मुंह में कपड़ा न ठूसें।

### मिर्गी से बचाव

सलाद, फल आदि अच्छी तरह धोकर खाएं। दूषित पानी में पके हुए फल व सब्जियां या मांस से कृमि का लार्वा मस्तिष्क में पहुंच जाते हैं, जिससे मिर्गी के दौरे की बीमारी हो सकती है।

### प्रसव अस्पताल में कराएं

यह देखा गया है कि बच्चे में जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी होने से दौरे पड़ सकते हैं ऐसे में महिलाओं को चिकित्सकों की देखरेख में अस्पताल में ही प्रसव करवाना चाहिए।


### हेलमेट जरूर पहनें

ऐसा देखा गया है कि मिर्गी रोग का मुख्य कारण सिर में चोट लग जाना है। सड़क दुर्घटनाओं के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें।

## आयुर्वेद से..

वसंत में बढ़ जाता है कफ का प्रकोप,

# आंवला युक्त खाद्य पदार्थ एवं च्यवनप्राश खाना फायदेमंद



मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। तापमान में उतार-चढ़ाव चल रहा है लेकिन इस मौसम में लापरवाही करना सेहत के लिए नुकसानदायक है। अपने आहार-विहार में एकदम से परिवर्तन नहीं करना चाहिए। इसलिए खानपान में अपने शरीर के अनुसार ही बदलाव कर मौसमी बीमारियों का जोखिम कम कर सकते हैं।

### ऋतु परिवर्तन के साथ बदलें आहार



डॉ. ओमप्रकाश दाधीच
वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ
patrika.com

हेमंत एवं शिशिर ऋतु (शीत ऋतु का अंत) में कफ का संचय होता है, जबकि वसंत में सूर्य के उत्तरायण होने से उष्णता के कारण कफ का विलयन होकर कफ उत्पन्न होता है। कफ प्रकोप से अग्नि मंद हो जाती है। जुकाम, श्वास, नजला, अतिसार, पीलिया, जोड़ों में दर्द, शरीर में दर्द, बुखार, पेट रोग, सिर दर्द आदि हो सकता है। इस ऋतु में कफ के शोधन के लिए वासंतिक वमन करवाया जाता है। इससे कफ रोग रोक सकते हैं। आयुर्वेद के अनुसार वसंत में अपने आहार में इन चीजों को विशेषरूप से शामिल करें-

- **इस** मौसम में आंवले का अधिक से अधिक सेवन करें जैसे आंवले का मुरब्बा नियमित खाएं। यह पेट को स्वस्थ रखने के साथ ही शरीर का तापमान भी नियंत्रित करता है। यह कफ को दूर करता है।
- **बच्चों** के आहार में खट्टे फलों को शामिल करने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। टंकन भस्मा सुहागा और त्रिकटु और बालचतुर्भद्र और सितोपलादि का प्रयोग चिकित्सक की सलाह से ही करें।
- **बुजुर्ग** एवं महिलाएं मुनक्का, अंजीर, सूखे मेवे, आंवला, हल्दी आदि को अपने आहार में शामिल करें। साथ ही नियमित रूप से च्यवनप्राश का सेवन करें।
- **चना-मूंग** को आहार में शामिल करें। बाजरे की जगह मक्का और छाछ-दही का सेवन करें। छाछ में भुना जीरा एवं पुदीना, सौंठ, कालीमिर्च, पीपल का प्रयोग करें। मेथी, बथुआ, सरसों आदि का सेवन कम कर दें। भूख बढ़ाने के लिए कांजी या कांजी वड़ा का प्रयोग करें।
- **मौसमी** बीमारियों से बचने के लिए त्रिकटु, त्रिफला और सितोपलादि का प्रयोग चिकित्सक की राय से करें।
- **पेट** की जठराग्नि बढ़ाने के लिए पीपल, अदरक और कालीमिर्च का प्रयोग चिकित्सक की राय से करें।

## लाइफ लाइन हैलो डॉक्टर

# एकाग्र हो समय पर करें भोजन, पेट दर्द-अपच से मिलेगी राहत

*पत्रिका की घर बैठे निशुल्क डॉक्टरी सलाह से जुड़ी पहल लाइफलाइन के तहत विभिन्न राज्यों से पाठकों ने हड्डी रोगों से जुड़े सवाल भेजे हैं।*






**एक पाठक, पिछले कुछ समय से मैं पेट में दर्द, गैस या अपच की समस्या का सामना कर रहा हूं? क्या आयुर्वेद में इसका उपचार या आहार है?- रमेश**

यदि आप अपने खाने का समय सही नहीं रखते हैं तो इस तरह की समस्या ज्यादा होती है। आयुर्वेद का सिद्धांत है कि जब भी आप भोजन करें तो एकाग्र होकर अच्छी तरह से चबाकर करें। इससे पाचक रस जो हमारे शरीर में होता है वह सही तरीके से उत्पन्न होते हैं। साथ ही खाने का समय नियमित करेंगे तो समस्या नहीं होगी। पर्याप्त नींद लें, घर पर बना भोजन करें, भरपूर पानी पीएं। नियमित व्यायाम करें एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

**एक पाठक, मेरी त्वचा में सूजन, रैशेज या सूखापन की समस्या बढ़ गई है? क्या मैं आयुर्वेदिक औषधियों का उपयोग कर सकती हूं और क्या मुझे मेरे खानपान में कोई बदलाव करना चाहिए?- सुनीता**


अगर सूजन और ड्राइनेस है तो यह कई कारण से हो सकती है। यह सीजनल भी हो सकती है। अगर ये सर्दियों में हो रही है तो संभवत: थोड़ी बहुत ड्राइनेस बढ़ती है। इसको भोजन के जरिए कवरअप कर सकते हैं। पहले यह पता करें कि एलर्जी की वजह क्या है, फिर उस कारण से दूरी बना लें, हल्का भोजन करें, नमक-खटाई कम लें।

**एक पाठक, मुझे अक्सर खाली पेट खट्टी डकारें आती हैं? जब भी भूखी रहती हूं तो गैस बनने लगती है। क्या आयुर्वेद में इसका कोई उपचार है? अंजलिका**

यह बहुत सामान्य समस्या है। जिसका मुख्य कारण है समय पर भोजन न करना। हर आधे-एक घंटे में कुछ न कुछ खाते रहने से एसिड बढ़ता है। असल में शरीर में एक बायोलॉजिकल क्लॉक होती है। अगर हम नियमित समय पर भोजन करें भोजन को पचाने वाले एंजाइम का उत्पादन समय पर ही होगा। इससे एसिडिटी की समस्या नहीं होगी। इसलिए समय पर हल्का भोजन करें।

**एक पाठक, मुझे पेट में कब्ज की अक्सर समस्या रहती है। क्या कब्ज का आयुर्वेद में कोई उपचार है या औषधि है? - कैलाश**

आयुर्वेद में कब्ज के लिए बहुत सारी औषधियां हैं, लेकिन दवाइयों पर ही निर्भर रहेंगे तो समाधान नहीं मिलेगा। हमें इस बात को जानना होगा कि कब्ज क्यों हो रही है। खानपान में मैदा वाली चीजें, तला-भुना भोजन न लें। डाइट में फाइबर की मात्रा पर्याप्त लें। सलाद और नींबू पानी को भी डाइट में शामिल करें। भरपूर पानी पीएं। दही-छाछ खाएं। नियमित वॉक करें। साथ ही त्रिफला, हरड़, इसबगोल का प्रयोग कर सकते हैं। इससे भी राहत नहीं मिलती है तो आयुर्वेद चिकित्सक की सलाह से पंचकर्म से उपचार ले सकते हैं।



*- डॉ. गोपेश मंगल, आयुर्वेद विशेषज्ञ*

पाठकों के शेष सवालों के जवाब जानने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें...

### इस सप्ताह पूछें बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े सवाल

पत्रिका लाइफलाइन में इस सप्ताह बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछें। उनके जवाब 16 फरवरी के अंक में एक्सपर्ट देंगे।

ध्यान रखें : सवाल विस्तार से लिखकर गुरुवार तक वाट्सऐप नं. 8955003879 पर भेज दें। (*यह डॉक्टर का नहीं, पत्रिका हैल्थ डेस्क का नंबर है, फोन न करें। वॉट्सऐप पर इसके जवाब नहीं दिए जाते हैं। यह मेडिको लीगल के लिए मान्य नहीं है।)

पत्रिका लाइफ लाइन लाइव

नोट- डॉक्टरी सलाह से ही कोई नुस्खा या दवा लें।

# व्यक्ति के स्वभाव के अनुसार ही किया जाता है उपचार

## विश्व यूनानी दिवस

11 फरवरी



डॉ.मोहम्मद रोशन
यूनानी चिकित्सा अधिकारी
Patrika.com

यूनानी चिकित्सा पद्धति विश्व की सबसे पुरानी उपचार पद्धतियों में से एक है। जिसमें चार द्रव्यों (कफ, रक्त, पीला पित्त और काला पित्त) के आधार पर रोगों का निदान किया जाता है। हर्बल उपचार, आहार परिवर्तन और व्यायाम जैसे प्राकृतिक उपचारों पर जोर दिया जाता है। इसमें रेजिमेंटल थेरेपी जैसे व्यायाम, मालिश, तुर्की स्नान के साथ ही जड़ी-बूटियां एवं खनिज पदार्थों से प्राप्त औषधियों का प्रयोग होता है। जानते हैं कुछ प्रमुख औषधियों के बारे में...

***बनफशा (वायोला ओडोरेटा):*** बनफशा एक यूनानी जड़ी-बूटी है। इस औषधि का प्रयोग तनाव, अनिद्रा जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाता है। साथ ही सर्दी, जुकाम एवं इंफ्लूएंजा के लक्षणों को भी दूर करने में मदद करता है।

***माजूफल (क्वेरकस इंफेक्टोरिया):*** इसका उपयोग मुंह के अल्सर, मसूड़ों से रक्तस्राव को रोकने, योनि के संक्रमण, मधुमेह, ल्यूकोरिया की समस्या में स्किन को टाइट बनाने में किया जाता है।



**अश्वगंधा**

***(विथानिया सोम्नीफेरा):*** इस जड़ी-बूटी का इस्तेमाल विभिन्न संक्रामक बीमारियों के साथ-साथ कंपकंपी और सूजन विशेष रूप से जोड़ों का दर्द और गठिया के इलाज के लिए किया जाता है। यह टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की गुणवत्ता में सुधार लाने वाली दवा है।

***उन्नाव या बेर (जिजिफस सैटिवा):*** उन्नाव फल अपच, अम्लपित्त, दस्त और कब्ज में फायदेमंद है। यह पाचन तंत्र को मजबूत और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। पित्त को शांत करता है। 5-7 उन्नाव फल रात में भिगोकर सुबह इसका काढ़ा पीएं।

**दरअसल,** यूनानी चिकित्सा इस सिद्धांत पर आधारित है कि अग्नि, वायु, जल और पृथ्वी ये प्रमुख तत्त्व सामूहिक रूप से व्यक्ति के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस चिकित्सा में व्यक्ति के स्वभाव के अनुसार ही औषधियों का प्रयोग किया जाता है।

## अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस (15 फरवरी) :

# सही समय पर इलाज से पूरी तरह ठीक हो सकता है ल्यूकीमिया



डॉ. वी.के. गर्ग
शिशु रोग विशेषज्ञ
Patrika.com

बच्चों में ब्लड कैंसर यानी ल्यूकीमिया कई कारणों से होता है, जिसमें सबसे मुख्य कारण है जेनेटिक। जेनेटिक बदलाव के साथ ही टॉक्सिक सब्सटेंस भी डीएनए की संरचना में बदलाव करते हैं। एपस्टीन-बार वायरस (ईबीवी) भी ल्यूकीमिया का कारण है। ल्यूकीमिया खून का कैंसर है, जिसमें ब्लड सेल्स की अतिरिक्त वृद्धि या विकास में बदलाव हो जाता है। असल में खून से संबंधित समस्याएं आती हैं।



### इलाज है संभव

**ल्यूकीमिया का इलाज संभव है। इसमें दवाइयां चलती हैं जिससे कैंसर सही हो जाता है। कुछ-कुछ ल्यूकीमिया हैं, जो क्योर नहीं हो पाते। उनमें आगे जाकर समस्या हो सकती है। अगर समय से जांच एवं इलाज हो तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है।**

### ये होती हैं जांचें

जांच करने के लिए सीबीसी (कंप्लीट ब्लड काउंट) की जांच और पीबीएफ की जांच करवाते हैं। कई बार एडवांस टेस्ट जेनेटिक मार्कर टेस्ट होते हैं। इससे बोन मेरो की जांच की जाती है।

### होते हैं ये बदलाव

शुरुआती स्टेज में तो बच्चे में कोई भी लक्षण नहीं दिखाई देते हैं, लेकिन कई बार यह कैंसर बढ़ता है तो बच्चे के शरीर में हड्डियां बढ़ने लग जाती हैं। हड्डियों में दर्द होने लग जाता है। बार-बार बुखार एवं संक्रमण होता है। कई बार सीबीसी जांच से यह क्लू मिलता है कि बच्चे को प्रॉब्लम हो सकती है। बच्चे में लिवर या तिल्ली बढ़ना या फिर लिंफ्स नोड बढ़ना, खून की कमी से इसका पता चलता है।

### सही देखभाल जरूरी

देखभाल इस बात पर निर्भर करती है कि ल्यूकीमिया किस तरह का है। इसमें बच्चों के शरीर में खून की कमी हो जाती है। इससे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है तो इसमें साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। बच्चे में रक्तस्राव दिखे तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। कई बार प्लेटलेट्स की संख्या भी कम होने से ब्लीडिंग की आशंका हो जाती है। खून चढ़ाने या प्लेटलेट्स भी चढ़ाने की जरूरत पड़ती है।

***खानपान रखें सही:*** इस बीमारी में बच्चों की डाइट सही रखनी चाहिए। उन्हें संतुलित आहार देना चाहिए। कुछ खाद्य पदार्थों जैसे कि मौसमी फल, सब्जियां और साबुत अनाज से युक्त आहार से लाभ हो सकता है।

## फिटनेस फर्स्ट | वेट ट्रेनिंग से बढ़ता है खुशी के हार्मोन का स्तर, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में मिलती मदद

# तनाव और अवसाद से रहना है दूर तो जरूर करें वेट ट्रेनिंग



अजय सिंह
सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर
Patrika.com

*डिप्रेशन एक मानसिक स्थिति है जिससे व्यक्ति को उदासी, निराशा और ऊर्जा की कमी का अनुभव होता है। शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। ऐसे में व्यायाम, खासकर वेट ट्रेनिंग (वजन उठाने की ट्रेनिंग), डिप्रेशन को कम करने में प्रभावी हो सकती है। इससे चिंता और अवसाद के लक्षणों में सुधार होता है। यह बात स्टडी से भी पुष्ट हुई है।*

### वेट ट्रेनिंग और डिप्रेशन... एक कनेक्शन

जब आप वेट ट्रेनिंग करते हैं, तो आपका शरीर एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) का उत्पादन करता है। यह हार्मोन मानसिक शांति और खुशहाली में योगदान करता है, जो डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में सहायक है।

### डिप्रेशन के लिए वेट ट्रेनिंग

वेट ट्रेनिंग की सही दिशा में की गई मेहनत से डिप्रेशन को नियंत्रित किया जा सकता है। एक अच्छा वर्कआउट प्रोग्राम डिप्रेशन की आशंका घटाता है।

### वेट ट्रेनिंग के प्रभाव

1. **मूड** में सुधार होता है।
2. **आत्मविश्वास में वृद्धि-** जब आप मसल्स बनाते हैं और शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं, तो इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है।
3. **तनाव** कम होता है
4. **बेहतर नींद** - बेहतर नींद डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में मदद करती है।

**हालांकि,** यह ध्यान रखना जरूरी है कि डिप्रेशन का इलाज सिर्फ व्यायाम से नहीं हो सकता। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें।



**यह** वर्कआउट प्रोग्राम सप्ताह में 3 से 4 दिन किया जा सकता है। यह शरीर के हर हिस्से को मजबूत करेगा। मानसिक शांति भी प्रदान करेगा। डिप्रेशन एवं चिंता दूर करने में मदद मिलेगी।

### परफेक्ट वर्कआउट प्रोग्राम

*1. वार्म-अप* - 5-10 मिनट हल्की कार्डियो (जैसे जॉगिंग या साइक्लिंग) से शुरुआत करें।

*2. वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज -*

- **स्क्वाट्स:** 3 सेट, 12-15 दोहराएं
- **डेडलिफ्ट:** 3 सेट, 10-12 दोहराएं
- **बेंच प्रेस:** 3 सेट, 10-12 दोहराएं
- **बॉडी वेट पुल-अप्स या लेट पुल डाउन:** 3 सेट, 8-10 दोहराएं
- **शोल्डर प्रेस:** 3 सेट, 10-12 दोहराएं
- **बारबेल या डंबबेल रो:** 3 सेट, 12 दोहराएं
- **बाइसेप्स कर्ल्स:** 3 सेट, 12 दोहराएं
- **ट्राइसेप्स डिप्स:** 3 सेट, 12 दोहराएं
- **पार्क बेंच स्टेपअप और तेज स्प्रिंट्स** भी शामिल करें।
- **सनबाथिंग** करें
- **वीकली** कोई स्पोर्ट्स खेलें।

चैंपियंस ट्रॉफी : 23 फरवरी को दुबई में होगी भिड़ंत

# पाक पीएम बोले, भारतीय टीम को हराना मुख्य लक्ष्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**लाहौर.** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि 19 फरवरी से शुरू होने वाली आइसीसी क्रिकेट वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी टीम का प्रमुख लक्ष्य ना सिर्फ खिताब जीतना बल्कि चिर प्रतिद्वंद्वी भारतीय टीम को हराना है। शुक्रवार रात नवीनीकृत गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह में पाक पीएम ने कहा कि भारत के खिलाफ उनके खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

***जीत का भरोसा :*** शरीफ ने कहा, हमारी टीम बहुत अच्छी है और उन्होंने हाल में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन अब असली काम दुबई में होने वाले आगामी मैच में भारत को हराना भी है। पूरा देश उनके साथ है। मुझे जीत का पूरा भरोसा है।

दूसरा वनडे मुकाबला आज : मेजबान भारतीय टीम तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे

# विराट की होगी वापसी, इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया की नजरें सीरीज जीतने पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कटक.** भारतीय टीम जब रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा एकदिवसीय मुकाबला खेलने के लिए उतरेगी तो उसकी नजरें तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त बनाने पर होगी। भारतीय टीम इस सीरीज में अभी 1-0 से आगे है। टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर यह है कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की अंतिम एकादश में वापसी होगी, जो घुटने की चोट के कारण पहला वनडे मैच नहीं खेल सके थे।

**प्रसारण : दोपहर 1.30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर**

मैदान का रेकॉर्ड...

- **03** वनडे खेले भारत ने ***कटक के बाराबती स्टेडियम में***
- **02** मुकाबले भारतीय टीम ने ***जीते और एक हारा***
- **03** पिछले वनडे मुकाबलों में ***भारत ने इंग्लैंड को मात दी***



### कोहली के आने से कौन होगा बाहर

**विराट कोहली** की अंतिम एकादश में वापसी होने पर कौन बाहर होगा, इस पर टीम प्रबंधन को माथापच्ची करनी पड़ेगी। पिछले मैच में विराट के स्थान पर श्रेयस अय्यर को मौका मिला था और उन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ दिया था। ऐसे में उन्हें बाहर बिठाना अब काफी मुश्किल होगा।

***यशस्वी का कट सकता है पत्ता:*** ओपनर यशस्वी जायसवाल को अंतिम एकादश से बाहर किया जा सकता है। वह पहले मैच में 15 रन ही बना सके थे।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा।

### दबाव : रोहित को बड़ी पारी खेलनी होगी

- **14** पिछली पारियों (सभी प्रारूप में) में नहीं लगा सके अर्धशतक
- **02** रन पहले वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ बना सके थे

**भारतीय** टीम के कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म खत्म ही नहीं हो रही है। रोहित पहले वनडे मैच में सिर्फ दो रन ही बना सके थे। क्रिकेट के सभी प्रारूपों की पिछली 14 पारियों में वह कोई अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। ऐसे में रोहित की कोशिश होगी कि वह बड़ी पारी खेलें और खराब फॉर्म से वापसी करें।

फुटबॉल : एफए कप में लीस्टर सिटी को दी मात

# हैरी के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड की रोमांचक जीत



हैरी के गोल करने पर साथी खिलाड़ी उनकी पीठ पर चढ़ गया।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल टीम ने जीत की लय कायम रखते हुए शुक्रवार रात खेले गए एफए कप के चौथे राउंड में लीस्टर सिटी को 2-1 से शिकस्त दी। मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इस टूर्नामेंट में पिछले 19 मैचों से अजेय हैं। उसने 17 मैच जीते और दो ड्रॉ खेले। मैनचेस्टर यूनाइटेड की जीत के हीरो 31 वर्षीय हैरी मैनुएल रहे, जिन्होंने इंजुरी टाइम में विजयी गोल दागा। इससे पहले, दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं।

***पिछड़ने के बाद जोरदार पलटवार :*** पहले हाफ तक लीस्टर सिटी ने बॉबी डी रीड के गोल से बढ़त बनाई, पर दूसरे हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जबरदस्त पलटवार किया। जोशुआ जिरक्जे ने 68वें मिनट में गोल करते हुए टीम को बराबरी दिला दी। अंत में हैरी ने गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड की जीत सुनिश्चित कर दी।

रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल : पहली पारी में हरियाणा के खिलाफ आठ विकेट पर बनाए 278 रन

# रहाणे-सूर्यकुमार रहे फ्लॉप, तनुष और शम्स ने अर्धशतक लगाकर मुंबई को संभाला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

शानदार पलटवार

- **113** रन तक मुंबई की टीम ने ***सात विकेट गंवा दिए थे***
- **165** रन जोड़े सातवें विकेट के लिए ***शम्स व तनुष ने***

**कोलकाता.** मौजूदा चैंपियन मुंबई के शीर्षक्रम बल्लेबाजों ने यहां रणजी ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में हरियाणा के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन किया। मुंबई की टीम ने ईडन गार्डंस में टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि टीम की शुरुआत बेहद ही निराशाजनक रही और टीम ने 117 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे। कप्तान अजिंक्य रहाणे (31), भारत की टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव (09) और शिवम दूबे (28) जल्द पवेलियन लौट गए। लेकिन निचलेक्रम पर शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने अर्धशतक लगाकर टीम को संभाल लिया। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई की टीम ने आठ विकेट पर 278 रन बना लिए थे। वहीं, हरियाणा की ओर से तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए।

### नौवें नंबर पर उतरे और जड़ दिए नाबाद 85 रन

**स्टंप्स** तक तनुष कोटियान 154 गेंदों में 11 चौकों के साथ 85 और मोहित अवस्थी खाता खोले बिना क्रीज पर डटे हुए थे। कोटियान नौवें स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे और उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट का कुल 15वां अर्धशतक लगाया। तनुष का पिछले पांच मैचों में यह दूसरा अर्धशतक है और वह तीन बार नॉट आउट रहे हैं।

***शम्स शतक लगाने से चूके:*** मुंबई ने सात विकेट 113 रन तक गंवा दिए थे। तनुष कोटियान और शम्स मुलानी ने सातवें विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी की। हालांकि शम्स शतक लगाने से चूक गए और उन्होंने 10 चौकों के साथ 91 रन ठोके।



मुंबई टीम के बल्लेबाज तनुष कोटियान एक मैच के दौरान शॉट लगाते हुए।



करुण नायर

### करुण नायर ने 22वां शतक लगाया

**बेहतरीन: तमिलनाडु के खिलाफ 100 रन ठोके**

**नागपुर.** जबरदस्त फॉर्म में चल रहे विदर्भ के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने क्वार्टरफाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ शतक जड़ दिया। उनकी शानदार बल्लेबाजी से पहली पारी में विदर्भ ने स्टंप्स तक छह विकेट पर 264 रन बना लिए थे। करुण नायर 180 गेंदों में 14 चौकों और एक छक्के के साथ 100 रन जबकि हर्ष दूबे 19 रन बना कर खेल रहे थे। करुण ने प्रथम करियर का कुल 22वां शतक है। वहीं, तमिलनाडु की ओर से विजय शंकर ने सबसे अधिक दो विकेट चटकाए।

**दबदबा: केरल के गेंदबाज ने पांच विकेट झटके**

### जम्मू-कश्मीर के खिलाफ निधिश ने लगाया पंजा



दिनेसन निधिश

**पुणे.** मीडियम पेसर दिनेसन निधिश (5 विकेट) की घातक गेंदबाजी से केरल ने क्वार्टरफाइनल में जम्मू-कश्मीर को पहली पारी में आठ विकेट पर 228 रन ही बनाने दिए। स्टंप्स तक युद्धवीर सिंह 17 और अकूब अली पांच रन बनाकर खेल रहे थे। टीम की ओर से कन्हैया वाधवान ने पांच चौकों के साथ सर्वाधिक 48 रन बनाए।

**शानदार : गुजरात टीम ने की शानदार गेंदबाजी**

### सौराष्ट्र की टीम 216 रन बनाकर सिमटी

**राजकोट.** कप्तान चिंतन गजा की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात ने यहां खेले गए क्वार्टरफाइनल में सौराष्ट्र की टीम को पहली पारी में 216 रन पर समेट दिया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक गुजरात की टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 21 रन बना लिए थे। प्रियांक पांचाल 11 और आर्यन देसाई 10 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले, गुजरात की ओर से मीडियम पेसर चिंतन गजा ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। वहीं, सौराष्ट्र के लिए ओपनर चिराज जॉनी ने सबसे अधिक 69 रन बनाए।

### आज का पोल

क्या इंग्लैंड की टीम दूसरे वनडे मैच में भारतीय टीम को शिकस्त दे पाएगी?

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। X @PatrikaNews

शनिवार का जवाब

हां 75% नहीं 25%

***पिछला सवाल:*** क्या मौजूदा चैंपियन मुंबई रणजी मैच में हरियाणा को शिकस्त दे पाएगा?

टेनिस

### शशिकुमार को दिल्ली ओपन के लिए मिला वाइल्ड कार्ड

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** हाल ही में टोगो के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले शशिकुमार मुकुंद को दिल्ली ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। यह टूर्नामेंट 10 से 16 फरवरी तक यहां खेला जाएगा। शशिकुमार के अलावा राजकुमार रामनाथन और युवा खिलाड़ी करण सिंह को भी वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गई है। चेक गणराज्य के खिलाड़ी विट कोप्रिवा को टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता दी गई है।

पाकिस्तान को हराया

### फिलिप्स के शतक से न्यूजीलैंड की जीत



ग्लेन फिलिप्स, न्यूजीलैंड।

**लाहौर @ पत्रिका.** ग्लेन फिलिप्स के शतक से न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान पाकिस्तान को 78 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने 50 ओवर में छह विकेट पर 330 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 47.5 ओवर में 252 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कीवी टीम की जीत के हीरो ग्लेन फिलिप्स रहे, जिन्होंने करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने 74 गेंद में छह चौकों और सात छक्कों के साथ नाबाद 106 रन ठोके और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

मुंबई ओपन

### माया सेमीफाइनल में हारकर हुईं बाहर

**मुंबई @ पत्रिका.** भारत की टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन यहां खेले जा रहे मुंबई ओपन से बाहर हो गई हैं। महिला एकल के सेमीफाइनल में माया को पांचवीं सीड स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी जिल टिचमान के खिलाफ 3-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। स्विस खिलाड़ी का सामना थाईलैंड की मानानचाया से होगा।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7250...



**बाएं से दाएं...** 1. बेइज्जती, तिरस्कार, निरादर (4), 4. बहुतायत, भरमार (4), 7. उर्दू अक्षरों में लगाई जाने वाली बिंदी (3), 8. हिन्दू आचार संहिता के निर्माता (2), 9. शर्म, हया (2), 10. अधिकार, हक (2), 11. हार, पराजय (4), 12. पति की बहन (3), 14. राम के पुत्र (2), 15. वाराणसी, बनारस का एक नाम (2), 16. धूल, गर्द (2), 18. निश्चित, निर्णीत (2), 19. डरावना, खौफनाक (4), 21. खान (3), 23. आगोश, पकड़ (3), 24. अत्यंत नीच (3), 25. रोब, दबदबा (2), 26. दुराचारी, पापी (3), 28. जुदाई, वियोग (3), 29. हस्त, कर (2), 30. शरीर, देह (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. आर्थिक सहायता (4), 2. व्यंजन (4), 3. मां, जननी (2), 4. प्रत्यक्षज्ञान, तजुर्बा (4), 5. हुनर, फन (2), 6. राज्याभिषेक (4), 8. हंस (3), 13. जिज्ञासा, टोह, अनुसंधान, गवेषणा (4), 15. नियम, रीति, ढंग (3), 17. लोग, प्रजा (2), 18. खर्च का अंदाजा (4), 19. पति (4), 20. खिलकर हंसना, अट्टहास (4), 22. लवणीय, नमकयुक्त (4), 27. लीन, आसक्त (2)

हल 7249



## SUDOKU 6985...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | | | 8 | 6 | |
| | | | | | | | | 2 |
| | 2 | | 1 | | | | 4 | 3 |
| | | | | 1 | | | 5 | |
| | | | | | | 9 | | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | | | | | 4 |
| 5 | | | 7 | 9 | 6 | | | |
| | | | 5 | 2 | | | | |
| | | | 3 | | | | | |

हल 6984

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 8 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

दूसरा टेस्ट मैच

### ऑस्ट्रेलियाई टीम क्लीन स्वीप के करीब



**गॉल @पत्रिका.** ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में मेजबान श्रीलंकाई टीम पर शिकंजा कस लिया है। पहली पारी में 257 रन बनाने वाली श्रीलंकाई टीम ने दूसरी पारी में स्टंप्स तक आठ विकेट 211 रन तक गंवा दिए थे। श्रीलंका की कुल बढ़त सिर्फ 54 रन की है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए थे। दो टेस्ट की सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम 1-0 से आगे है और अब उसके पास क्लीन स्वीप करने का मौका है।

38वें राष्ट्रीय खेल : 2022 के चैंपियन अमलान बोरगोहेन तीसरे स्थान पर खिसक गए

# ओडिशा के अनिमेश बने 100मी फर्राटा चैंपियन

**10.38 सेकेंड का समय निकाला**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**देहरादून.** ओडिशा के 21 वर्षीय धावक अनिमेश कुजुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेल की 100मीटर फर्राटा का स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की इस स्पर्धा में अनिमेश ने 10.28 सेकेंड का समय निकाला और गेम्स रेकॉर्ड की बराबरी की, जो 2022 में असम के अमलान बोरगोहेन ने बनाया था। हालांकि अनिमेश का व्यक्तिग सर्वश्रेष्ठ समय 10.27 सेकेंड हैं।

### प्रणव ने जीता रजत पदक

100 मीटर फर्राटा में महाराष्ट्र के प्रणव गौरव ने अनिमेश को कड़ी टक्कर दी और सभी को चौंकाते हुए 10.32 सेकेंड के साथ रजत पदक हासिल किया। वहीं, साल 2022 के चैंपियन अमलान बोरगोहेन ने 10.23 सेकेंड का समय निकाला और उन्हें कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा।



27 साल बाद

### केरल की फुटबॉल टीम ने जीता गोल्ड

**हल्द्वानी.** केरल की पुरुष फुटबॉल टीम ने यहां खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीत लिया। शनिवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में केरल ने उत्तराखंड को कड़े संघर्ष में 1-0 से शिकस्त दी। खास बात यह है कि केरल की टीम ने फुटबॉल में 27 साल के लंबे अंतराल के बाद स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, दिल्ली ने तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता।

शतरंज में नई चाल : पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन खिलाड़ी और आयोजक के तौर पर इस टूर्नामेंट के साथ जुड़े हुए हैं

# नए प्रयोग कर फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लेम को बनाया गया तेज और रोचक

**हैम्बर्ग (जर्मनी) @पत्रिका.** पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन की नई लीग फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लेम चेस टूर की शुरुआत हो चुकी है। पारंपरिक चेस के मुकाबले इस टूर्नामेंट को रोचक बनाने के लिए कई बदलाव किए गए हैं। रैपिड प्रारूप में खेले जाने वाला यह टूर्नामेंट सात से 14 फरवरी तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में सभी खिलाड़ियों पास चाल चलने लिए एक नियमित समय है, जिससे गेम फास्ट हुआ है।

### यह है प्रारूप...

- **10** खिलाड़ी ***टूर्नामेंट में कुल शिरकत कर रहे हैं***
- **09** राउंड कुल ***टूर्नामेंट में खेले जाएंगे***
- **08** शीर्ष खिलाड़ी ***नॉकआउट में प्रवेश करेंगे***



### आयोजकों की नई पहल...

**1 *हार्ट रेट सेंसर:*** फ्रीस्टाइल टूर के सभी खिलाड़ियों के पास प्रतिस्पर्धा के दौरान उनकी हृदय गतिविधि पर नजर रखने के लिए हृदय गति सेंसर लगाए गए हैं। ***खिलाड़ियों की हृदय गति को मैच के दौरान पूरे समय स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा।***

**2 *हेडफोन:*** खिलाड़ियों को मैच के दौरान हेडफोन पहनने का विकल्प भी दिया जाएगा, जिससे वे बाहरी शोर से दूर रह सकें। ***टूर्नामेंट में दर्शक और खिलाड़ियों के बीच की दूरी सिर्फ दो मीटर होगी।*** ऐसे में खिलाड़ी हेडफोन पहनकर खेल पर फोकस कर सकते हैं।

**3 *कलरफुल जैकेट:*** टूर्नामेंट ड्रेस कोड भी रखा गया है। ***सभी खिलाड़ियों को एक शर्ट व जैकेट उपलब्ध कराई है, जिसे पहनना अनिवार्य है।*** भारतीय खिलाड़ी डी गुकेश गुलाबी जबकि पूर्व विश्व चैंपियन कार्लसन सफेद जैकेट में नजर आए।

**4 *जींस पर संशय कायम:*** खिलाड़ी कैजुअल दिखें, इसके लिए वे जूते और पैंट पहनेंगे। आयोजकों ने अपने दिशा-निर्देशों में कहा है, शॉर्ट्स, बेसबॉल कैप या ***किसी अन्य हेडगियर की अनुमति नहीं है। हालांकि जींस पहनने या नहीं पहनने पर संशय कायम है।***

### बरसेगा पैसा...

- **6.50** **करोड़ रुपए** टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि
- **1.70** **करोड़ रुपए** चैंपियन बनने पर मिलेंगे

### केपटाउन में होगा चैंपियन का फैसला

**एक साल** में इस टूर्नामेंट के कुल पांच संस्करण खेले जाएंगे। पहले संस्करण की शुरुआत जर्मनी में शुरू हो गई है। इसके बाद, पेरिस, न्यूयॉर्क और दिल्ली में टूर्नामेंट खेला जाएगा और चैंपियन का फैसला सबसे आखिर में केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका ) में होगा। अंत में जिस खिलाड़ी के सर्वाधिक अंक होंगे, वो खिताब जीत लेगा।

## इस सप्ताह विशेष

**सोमवार** — **एयरो इंडिया शो शुरू** — बेंगलूरु में एयरो इंडिया शो का आयोजन किया जाएगा। यह पांच दिन चलेगा।



**बुधवार** — **मोदी जाएंगे अमरीका** — **प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बुलावे पर अमरीका जाएंगे।



**गुरुवार** — आइएससी (इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट) बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं शुरू होंगी।

**शुक्रवार** — **महाकुंभ में होगी महासफाई** — **महाकुंभ** में 15 हजार सफाईकर्मी एक साथ घाटों की सफाई का अभियान चलाएंगे। बनेगा स्वच्छता का रेकॉर्ड।



**शनिवार** — सीबीएसई की 10वी और 12वीं की परीक्षाएं शुरू होंगी, 15 अप्रेल तक चलेंगी।

## पीएम ने ली वेव्स की मीटिंग: भारत को बनाएंगे ग्लोबल एंटरटेनमेंट हब



**नई दिल्ली.** भारत को ग्लोबल एंटरटेनमेंट हब के रूप में स्थापित करने के लिए वेव्स के सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते पीएम नरेंद्र मोदी। बैठक में अभिनेता रजनीकांत, शाहरुख खान, अनुपम खेर, दीपिका, अनिल कपूर, चिरंजीवी, हेमा मालिनी और अन्य लोग शामिल हुए।

## खिला कमल: भाजपा की जीत, गाजे-बाजे से जश्न, हाथ में लड्डू और चेहरे पर जीत





**नई दिल्ली.** विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के बाद भाजपा समर्थक पार्टी मुख्यालय पर गाजे-बाजे के साथ जश्न मनाते हुए व मतगणना में पार्टी के बढ़त लेने पर विक्ट्री का चिह्न बनाते हुए दिल्ली भाजपा कार्यकर्ता। पीएम मोदी की तस्वीर के साथ हाथ में विशाल लड्डू लेकर घूमता भाजपा समर्थक।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव: कांग्रेस ने 14 सीटों पर डुबोई 'आप' की लुटिया, केजरीवाल, सिसोदिया, भारद्वाज के वोट काट कर हरवाया

# कांग्रेस ने रोकी 'आप' की राह, दीक्षित ने लिया मां का बदला

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** इंडिया ब्लॉक में शामिल कांग्रेस और आप की खींचतान दिल्ली विधानसभा चुनाव में दोनों को भारी पड़ गई। हालांकि कांग्रेस लगातार तीसरी बार विधानसभा में अपना खाता नहीं खोल सकी लेकिन उसने 14 सीटों पर आप को हरवाकर उसकी सत्ता में वापसी का रास्ता रोक दिया। कांग्रेस उम्मीदवारों के चलते आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया व सौरभ भारद्वाज जैसे दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा।

आप ने अति आत्मविश्वास के चलते पहले दिल्ली कांग्रेस से गठबंधन नहीं किया। कांग्रेस ने शुरुआत में चुनाव प्रचार में सुस्ती बरती लेकिन बाद में जब आप के नेताओं ने उस पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया तो कांग्रेस ने अंतिम दौर में पूरी ताकत झोंक दी। इसके चलते कांग्रेस का वोट करीब दो फीसदी बढ़ गया। इससे कांग्रेस का तो खाता नहीं खुला लेकिन भाजपा के मुकाबले इतने ही वोट प्रतिशत के अंतर से आप बुरी तरह पराजित हुई। हालांकि, **कांग्रेस की 67 सीटों पर जमानत जब्त हो गई लेकिन उसने आप से हरियाणा की हार का बदला लिया।**

### संदीप दीक्षित का 'देजा वू मोमेंट'

**नई** दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल की चौंकाने वाली हार कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित का 'देजा वू मोमेंट' (जो पहले हुआ, उसका दोहराव) साबित हुआ। केजरीवाल इस सीट पर भाजपा के प्रवेश वर्मा से मात्र 4089 वोट से हारे। तीसरे नंबर पर रहे दीक्षित ने इस अंतर से अधिक 4568 वोट हासिल कर केजरीवाल की हार का इंतजाम कर दिया और 12 साल पहले दिल्ली की लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहीं अपनी मां शीला दीक्षित की हार का बदला ले लिया। मां की हार के बाद से दिल्ली की राजनीति में केजरीवाल के कड़े आलोचक रहे संदीप चुनाव के दौरान आप संयोजक पर ही ज्यादा हमलावर रहे। इस सीट पर आप कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ती तो केजरीवाल चुनाव जीत सकते थे।

### आरक्षित-मुस्लिम बहुल सीटों पर आप भारी

| | भाजपा | आप |
|---|---|---|
| मुस्लिम बहुल सीटें | 2 | 8 |
| अजा आरक्षित सीटें | 4 | 8 |
| जाट बहुल सीटें | 11 | 2 |

### सफाई: खुद 'आप' पर चला 'झाड़ू'




दिल्ली चुनाव में आप के पिछड़ने के बाद पार्टी के कार्यालय से कुर्सियां समेटता हुआ कार्यकर्ता। दीवार पर पार्टी नेता केजरीवाल की तस्वीर व पार्टी का चुनाव चिह्न झाड़ू।

### इन सीटों पर आप के दिग्गजों को हरवाया

- ***जंगपुरा:*** भाजपा के तरविंदर सिंह मारवाह ने आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को महज 675 वोट से हराया है। जबकि कांग्रेस के फरहाद सूरी को 7350 वोट मिले हैं।
- ***ग्रेटर कैलाश:*** भाजपा की शिखा रॉय ने आप के सौरभ भारद्वाज को 3188 वोटों के अंतर से हराया है। यहां कांग्रेस के गर्वित सिंघवी को 6711 वोट हासिल हुए हैं।
- ***मालवीय नगर:*** भाजपा के सतीश उपाध्याय ने पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती को 2131 वोटों से हराया। कांग्रेस के जितेंद्र कुमार कोचर को 6770 वोट मिले हैं।
- ***बादली:*** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने 41 हजार से अधिक वोट हासिल किए। इसके चलते भाजपा के अहीर दीपक चौधरी ने आप के अजेश यादव को 15 हजार 163 वोट से हरा दिया।
- ***कस्तूरबा नगर:*** कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त ने 27019 वोट हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्हें भाजपा के नीरज बसोया ने 11048 वोट से हराया है। आप उम्मीदवार रमेश पहलवान तीसरे नंबर पर।

***इन 8 सीटों पर भी कांग्रेस बनी हार का कारण...*** राजेंद्र नगर, संगम विहार, तिमारपुर, महरौली, त्रिलोकपुरी, मादीपुर, महरौली और नांगलोई जाट सीटों पर भी कांग्रेस हार का कारण बनी।

### भाजपा सांसदों का जलवा बरकरार

**लोकसभा** चुनाव-2024 में जीत का डंका बजाने वाले दिल्ली के सात भाजपा सांसदों ने विधानसभा चुनाव में भी अपनी पकड़ बरकरार साबित की है। विधानसभा चुनाव में 7 में से 5 संसदीय सीटों के तहत आने वाली विधानसभा सीटों पर भाजपा ने बढ़त रखी जबकि दो सीटों पर आप से बराबरी पर रही है। हालांकि विधानसभा में भाजपा लोकसभा के मुकाबले मत प्रतिशत (54.35) बरकरार नहीं रख पाई। आप-कांग्रेस को कुल 43.08 फीसदी मतों से संतोष करना पड़ा।

### लोकसभा सीटवार विधानसभा में किसको, कितनी सीट

| लोकसभा क्षेत्र | भाजपा | आप |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 7 | 3 |
| पश्चिमी दिल्ली | 9 | 1 |
| पूर्वी दिल्ली | 8 | 2 |
| उत्तर पश्चिमी दिल्ली | 8 | 2 |
| चांदनी चौक | 6 | 4 |
| दक्षिण दिल्ली | 5 | 5 |
| उत्तर-पूर्वी दिल्ली | 5 | 5 |

जीत की रणनीति

### संघ की दो लाख ड्राइंग रूम मीटिंगों ने किया कमाल

**नई दिल्ली.** विधानसभा चुनाव भी संघ और भाजपा के शानदार समन्वय की मिसाल बना है। भाजपा ने जहां नेताओं की रैलियों से आक्रामक चुनाव प्रचार किया, वहीं संघ ने डोर टू डोर कैंपेनिंग और ड्राइंग रूम मीटिंगों से माहौल बनाया। संघ ने 10 से 20 लोगों की करीब दो लाख से ज्यादा ड्राइंग रूम बैठकें कीं। घर से हर वोट निकले, इसके लिए दरवाजे खटखटाने कार्यकर्ता लगाए गए। भाजपा ने हर राज्य के सीएम चुनाव प्रचार में उतारे। उनके राज्य के प्रवासी मतदाता वाले क्षेत्र में उनकी वहीं रैलियां कराई।

**केजरीवाल से बढ़कर वादे:** भाजपा ने चुनाव को मोदी गारंटी पर केंद्रित कर रखा। भाजपा पूरे चुनाव में केजरीवाल को उनके पुराने वादों और दिल्ली की बदहाली के मुद्दे पर घेरती दिखी। भाजपा ने संकल्प पत्र में केजरीवाल से भी बढ़-चढ़कर वादे किए। इससे काफी लाभ हुआ।

**उत्तेजक बयानों से परहेज**

**भाजपा** ने पिछले चुनाव में दिल्ली दंगे पर मुखरता दिखाई थी। इसका उल्टा असर हुआ था। बहुसंख्यक वोटर भले एकजुट नहीं हुए , पर अल्पसंख्यक वोटर जरूर एकजुट हो गए थे। भाजपा ने इससे सबक लेते हुए इस बार उत्तेजक बयानों से परहेज किया। ध्रुवीकरण को रोकने के लिए नूपुर शर्मा को भी रणनीति के तहत टिकट नहीं दिया।




**पत्रिका पोल**

**Q क्या दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत में मिडिल क्लास का बहुत बड़ा रोल है?**

**कल का सवाल था**
क्या अमरीका की तरह भारत को भी अवैध प्रवासियों को वापस भेजना चाहिए?

**जवाब**
98% हां — 02% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**जदयू नेता ने दरभंगा एयरपोर्ट का नाम बदलने की रखी मांग, बताई वजह**

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**35 हजार साल पुराना रहस्य: यूपी-बिहार से आए थे कश्मीरी पंडित, बीएचयू अध्ययन में खुलासा!**

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

### इंडिया @ शॉर्ट रीड

**तमिलनाडु** — **नाबालिग का यौन उत्पीड़न, पांच गिरफ्तार**

**तिरुचिरापल्ली @पत्रिका.** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के मनाप्पराई महिला पुलिस ने नौ वर्षीय छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में एक निजी सीबीएसई स्कूल के ट्रस्टी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्कूल के ट्रस्टी जे वसंत ने गुरुवार शाम कक्षा चार की छात्रा का कक्षा में यौन उत्पीड़न किया। बच्ची ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी।

**यूपी** — **अनुराग ठाकुर ने पत्नी संग संगम में लगाई डुबकी**

**महाकुंभनगर @पत्रिका.** सांसद अनुराग ठाकुर ने पत्नी सहित शनिवार को त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने उन्होंने इस अवसर पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम पर पूजा-अर्चना की और सर्वकल्याण की कामना की।

**महाराष्ट्र** — **टोक्यो में स्थापित होगी शिवाजी की प्रतिमा**



**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज की यह प्रतिमा जापान के टोक्यो में स्थापित की जाएगी। एक विशेष रथ में इसे 12 राज्यों का भ्रमण करवाया जा रहा है। विशेष स्टील व फाइबर कोटिंग से बनी प्रतिमा का वजन 450 किलोग्राम है।

### वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

**अमरीका** — **लापता विमान मिला, सभी 10 यात्री मरे!**

**वाशिंगटन @पत्रिका.** अमरीकी तटरक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि अलास्का में लापता हुआ विमान मिल गया है, जिसमें सवार सभी 10 लोगों के मारे जाने की आशंका है। तीन शव विमान के अंदर मिले जबकि अन्य सात के भी भीतर होने की आशंका है, लेकिन विमान की स्थिति के कारण उन तक पहुंचना संभव नहीं है। विमान नोम से दक्षिण-पूर्व में पाया गया।

### अमरीका: कार्यस्थलों पर छापेमारियां हुई तेज, निगरानी के नाम पर भारतीय छात्र उठा रहे परेशानी

# डिपोर्ट की धमकियों के बीच छात्रों में पसरा डर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड टंप की 'अवैध प्रवासियों' को देश से निकालने और सख्त आव्रजन कार्रवाई के बीच उच्च शिक्षा की तलाश में जाने वाले भारतीय छात्रों के लिए भी हालात कठिन होते जा रहे हैं।

वीजा मिलने में आई गिरावट, जॉब की घटती संभावनाएं और कार्यस्थलों पर बढ़ती निगरानी ने चिंता बढ़ा दी है। कई छात्र अंशकालीन नौकरियों को छोड़ चुके हैं और कुछ छोड़ने की तैयारी में है। कई ने शिकायत की है कि उनके कार्यस्थलों पर वर्दीधारी अधिकारी छापेमारी कर रहे हैं और उनके छात्र पहचान पत्र और कार्य प्राधिकरण की जांच कर रहे हैं। नौकरी खोने और निर्वासन के डर से छात्र अपनी नौकरियां छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले छात्रों के लिए स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है।




**लॉस एंजिल्स.** निर्वासन व आव्रजन सुधार के लिए प्रदर्शन करती छात्राएं।

### वीजा संकट और घटते मौके

**2024** में भारतीय छात्रों को जारी एफ-1 वीजा में 38% की गिरावट आई है। जनवरी से सितंबर के बीच 64,008 भारतीय छात्रों को वीजा मिला, जबकि 2023 में यह संख्या 1,03,495 थी। इसके अलावा, कंपनियां विदेशी छात्रों को नौकरी देने में हिचक रही हैं।

### मेटा जल्द करेगी दुनियाभर में छंटनी!

**फेसबुक** की मालिकाना कंपनी मेटा अगले हफ्ते से दुनियाभर में छंटनी शुरू करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमरीका सहित कई देशों में सोमवार से नौकरी खोने वाले कर्मचारियों को नोटिस भेजे जाएंगे। यूरोप, एशिया व अफ्रीका में 11-18 फरवरी को यह कार्रवाई होगी।

### अपडेट @अमरीका

***जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी रद्द:*** ट्रंप ने जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी और रोजाना खुफिया जानकारी तक पहुंच रद्द कर दी है।

***द. अफ्रीका को मदद बंद:*** नई भूमि सुधार नीति में भेदभाव का आरोप लगाते हुए दक्षिण अफ्रीका की सहायता बंद।

***केनेडी सेंटर चेयरमैन बने ट्रंप:*** ट्रंप ने खुद को वाशिंगटन के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र केनेडी सेंटर का चेयरमैन नियुक्त किया।

***एलन मस्क की टीम पर रोक:*** एक जज ने एलन मस्क के नेतृत्व वाली सरकारी दक्षता टीम को अमरीकी वित्त विभाग की निजी जानकारी तक पहुंचने से रोका।

***यूक्रेन युद्ध में शांति दूत बनने की इच्छा:*** ट्रंप ने कहा कि वे जल्द ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और संभवत: रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिल सकते हैं।

**TRENDING NEWS — ट्रेंडिंग न्यूज**



### मोदी से मिलने से पहले उपवास

**अमरीकी** पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पीएम मोदी आध्यात्मिक कारणों से कई दिनों का उपवास करते हैं, मैं भी उनसे मिलने से पहले 48-72 घंटे का उपवास करूंगा। फ्रिडमैन इस महीने के अंत में मोदी का इंटरव्यू लेने भारत आएंगे।



### सैन्य विविधता का विचार मूर्खतापूर्ण

**अमरीकी** रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में अपने संबोधन में सैन्य विविधता पर कहा कि हमारी विविधता हमारी ताकत है जैसी बातें सैन्य इतिहास की सबसे मूर्खतापूर्ण अवधारणा हैं। उन्होंने नाटो पर सख्त रुख व अफगानिस्तान युद्ध की जवाबदेही तय करने का वादा किया।

### जाति, धर्म, रंग, संस्कृति और खानपान के कृत्रिम विभाजन को बढ़ाने की ताकत का सामना कर रहा है राष्ट्र: धनखड़



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राष्ट्र का सामना ऐसी ताकतों से हो रहा है, जो जाति, वर्ग, धर्म, रंग, संस्कृति और खानपान के कृत्रिम विभाजन को घातक तरीके से बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। धनखड़ ने यह बातें उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन गोपीचंद पी. हिंदुजा, द्वारा संकलित पुस्तक आई एम' के विमोचन के अवसर पर कहीं। धनखड़ ने कहा कि यह पुस्तक भारतीयता की सार्वभौमिक प्रासंगिकता और सभी धर्मों में स्पष्ट रूप से दिखने वाली सद्गुणता को रेखांकित करती है। हम दूसरों के सत्य का सम्मान और सराहना कर सकते हैं धर्मान्तरण की चेष्टा किए बगैर। एकता का मतलब समानता नहीं है। भारतीयता इसका उत्तम उदाहरण है। यह विविधता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मानव व्यवहार के सभी पहलुओं में सहिष्णुता का मतलब दूसरों पर विजय प्राप्त करना नहीं है। अपरिवर्तनीय टकराव का रुख सभी धर्मों के सार के विपरीत है और यह गलत तरीके से आत्म-धार्मिकता और निर्णयात्मक दृष्टिकोण का प्रतीक है। उन्होंने कहा को धर्म में विश्वास स्वैच्छिक होता है।

# लोगों के तानों को चुनौती मानकर छू लिया आसमान

SUNDAY GUEST EDITOR — संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

**सोच यह:** महिलाएं ईश्वर का वरदान हैं। इसलिए खुद को कमजोर न समझें।

**सुझाव भेजें**
sunday@in.patrika.com

निर्मला भाटी. संडे गेस्ट एडिटर
patrika.com

**नागौर.** मुश्किलों से भाग जाना आसान होता है, हर पहलू जिंदगी का इम्तिहान होता है, डरने वालों को मिलता नहीं कुछ जिन्दगी में, लड़ने वालों के कदमों में जहान होता है। मैं जब खेल का अभ्यास करती तो लोग ताने देते थे कि लड़की होकर लड़कों वाले काम करती हैं। खेल छोड़कर सरकारी नौकरी के लिए प्रयास का मन भी बना लिया था, लेकिन पिता ओमप्रकाश भाटी की प्रेरणा से उन तानों को चुनौती के रूप में स्वीकार किया।



निर्मला भाटी

***अहम चुनौती:*** पिता को कैंसर होने पर आर्थिक तंगी के कारण खेल छोड़ दिया था, लेकिन पिता-परिजनों की प्रेरणा से वापसी की। समाज भले ही आपके विपरीत हो लेकिन परिवार का साथ होता है तो सबकुछ पाया जा सकता है।

### रुढ़ियों को तोड़ने का हौसला रखें

लड़का-लड़की को समान मानना होगा और समाज की रूढ़ियों को तोड़ना होगा। 'अगर हाथ-पांव टूट गए तो शादी कौन करेगा?' जैसी सोच ने कई प्रतिभाओं के सपनों को दबाया है। परिवार का दायित्व है कि बेटियों का साथ दे और उनकी खेल में रुचि को प्रोत्साहित करे। सिर्फ बड़े शहरों ही नहीं, छोटे कस्बों और गांवों में भी अब अच्छे अवसर मिल रहे हैं। इसके लिए जरूरी है कि हर सपने को आकार देने का प्रयास हो।

***अपनी पहचान बनाएं*** मैं महिलाओं-लड़कियों से कहूंगी कि चारदीवारी से बाहर निकलकर अपनी राह खुद बनाएं। चारदीवारी की आड़ में अपनी पहचान को दबने न दें। यह सोचकर न बैठें कि समाज आपका साथ देगा, क्योंकि समाज ताने देता है। आपको खुद अपना रास्ता खोजना होगा और आगे बढ़ना होगा।

'स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।